CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 15°C

हल्द्वानी, मंगलवार 10 मार्च 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 193 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 20 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



इस साल के अंत तक आ जाएगी अहमदाबाद विमान हादसे की अंतिम रिपोर्ट: नायडू पेज 2



ओलंपिक गोल्ड जीतना है अगला लक्ष्य: सूर्यकुमार खेल टाइम्स



टी-20 क्रिकेट: टीम इंडिया का वर्चस्व सम्पादकीय



पश्चिम एशिया संकट गहराने से शेयर बाजार धड़ाम पेज 2

## धामी सरकार ने किया 1.11 लाख करोड़ का बजट पेश

### गंगा कॉरिडोर समेत कई नई योजनाओं का ऐलान, बजट में नई योजनाओं, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन पर विशेष जोर



शाह टाइम्स ब्यूरो

**गैरसैंण।** गैरसैंण। उत्तराखंड विधानसभा बजट सत्र गैरसैंण के भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा में चल रहा है, जिसके तहत सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्ष 2026-27 के लिए 1,11,703.21 करोड़ रुपये का बजट सदन में पेश किया। बजट में नई योजनाओं, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया गया है।

उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने साल 2026-27 का बजट सदन में पेश किया, इस बार राज्य का कुल बजट आकार 1,11,703.21 करोड़ रुपये यानी एक लाख 11 हजार 703 करोड़ रुपये का रखा गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 10.41 फीसदी ज्यादा है। सरकार ने इस बजट को विकास, रोजगार, पर्यटन और आधारभूत ढांचे -शेष पृष्ठ दो पर

#### हरिद्वार व ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना के लिए 10-10 करोड़

धार्मिक पर्यटन और आध्यात्मिक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए हरिद्वार गंगा कॉरिडोर परियोजना और ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना के लिए 10-10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन के विकास के लिए 10 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

#### आपदा सखी योजना के लिए 19 करोड़ रुपये प्रस्तावित

आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए 'आपदा सखी' योजना के लिए 2 करोड़ रुपये और रेस्क्यू सेंटर के लिए 19 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। ग्राम स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ग्राम प्रहरी योजना के लिए 5 करोड़ रुपये रखा गया है।

#### साइबर सिक्योरिटी और एआई पर भी विशेष फोकस


तकनीकी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए साइबर सिक्योरिटी के क्रियान्वयन के लिए 5 करोड़ और इमरजिंग टेक्नोलॉजी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के लिए 10.50 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

#### उत्तराखंड को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य: सीएम

**गैरसैंण।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प ज्ञान मॉडल के माध्यम से राज्य के समग्र विकास को आगे बढ़ाना है। इस मॉडल में गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी सशक्तिकरण को विकास के चार प्रमुख स्तंभ के रूप में रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज -शेष पृष्ठ दो पर

## 20वां रोज़ा

### रोज़ा सब्र का प्याला और मगफिरत का उजाला है



बीसवां रोज़ा दरअसल मगफिरत के अशरे की आखिरी कड़ी है। जैसा कि पहले भी बयान किया जा चुका है कि ग्यारहवें रोज़े से शुरू होकर बीसवें रोज़े तक के बीच के दस दिनों की रोज़ेदार की परहेजगारी, इबादत, तिलावते-कुरआन और तकवा के साथ अल्लाह की फर्मांबरदारी ही मगफिरत की रोशनी का मुस्तहिक बनाती है। बीसवें रोजे की तश्बीह कुछ इस तरह होगी। रोज़ा रूहानी काउंटर है। तकवा तराज़ू है। पाकीज़गी और परहेजगारी पलड़े हैं। सब्र इस तराज़ू की डंडी या ग्रिप है। अल्लाह पर ईमान इसका बाट है। मगफिरत सामान है। यों भी कहा जा सकता है कि रोज़ा सब्र का प्याला और मगफिरत का उजाला है। सवाल यह उठता है कि मगफिरत का यह उजाला नसीब कैसे हो? इसका जवाब कुरआने-पाक की सूरह आले इमरान की आयत नंबर सत्तावन में इस तरह है- और जो ईमान लाए और अमल-ए-नेक करते रहे उनको खुदा पूरा-पूरा सिला देगा।





## इजरायल ने ईरान पर फिर किए ताबड़तोड़ हमले

### तेहरान-इस्फहान समेत कई शहरों को बनाया निशाना

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका - इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग का सोमवार को दसवां दिन था। इजरायल ने एक बार फिर ईरान पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले शुरू किए हैं। इजरायली सेना के मुताबिक राजधानी तेहरान, इस्फहान और दक्षिणी इलाकों में ईरानी शासन से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाकर एयरस्ट्राइक की जा रही हैं।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि जब तक हमले जारी हैं, तब तक बातचीत की कोई गुंजाइश नहीं है और ईरान निर्णायक जवाब देने पर ध्यान दे रहा है। लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में भी कई एयरस्ट्राइक की खबरें सामने आई हैं। इस बीच टाइम्स ऑफ इजरायल ने बताया कि ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई घायल हो गए हैं। ईरान की राजधानी तेहरान में शनिवार को तेल भंडार ठिकानों पर इजरायली हमलों के बाद फैला तेल शहर की नालियों में पहुंच गया है। इससे सड़कों के किनारे आग की नदी जैसे हालात बन गए। ईरान के सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी ने कहा है कि जो देश ईरान के खिलाफ युद्ध और दुश्मनी का रवैया रखते हैं, उन्हें अब समझ आ गया है कि ईरान की व्यवस्था मजबूत है और आगे भी कायम रहेगी। लारीजानी ने यह भी कहा कि नए नेतृत्व से देश में उम्मीद और एकजुटता बढ़ेगी। वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान के खिलाफ युद्ध के लिए उकसाया गया। उनका दावा है कि अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मिलकर साजिश की। अराघची के मुताबिक ग्राहम हाल के हफ्तों में कई बार इजरायल गए और वहां की खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों से मुलाकात की। इन बैठकों में ईरान से जुड़े मामलों पर चर्चा हुई। अराघची का कहना है कि ग्राहम ने कहा था कि उन्हें इजरायल से ऐसी खुफिया जानकारी मिलती है, जो कभी-कभी अमेरिकी सरकार भी शेयर नहीं करती। इसी जानकारी के आधार पर ट्रम्प को ईरान के खिलाफ कार्रवाई के लिए राजी किया गया। अराघची ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राहम ने इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू को सलाह दी कि वे ट्रम्प को ईरान के खिलाफ सैन्य कदम उठाने के लिए कैसे मना सकते हैं। अराघची ने कहा कि किसी भी देश में ऐसा करना देशद्रोह जैसा माना जाएगा।

- ईरानी शासन से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाकर की जा रही एयरस्ट्राइक
- ईरान ने कहा कि जब तक हमले जारी हैं, तब तक बातचीत की कोई गुंजाइश नहीं
- पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई घायल



### ईरान ने इजरायली-अमेरिकी ठिकानों पर बरसाए क्लस्टर बम

**तेहरान।** ईरान के सशस्त्र बलों ने सोमवार को पश्चिमी एशिया में अमेरिकी और इजरायली ठिकानों पर नए हमले किए। इन हमलों में ड्रोन के साथ-साथ हाइपरसोनिक और बैलिस्टिक मिसाइलों व क्लस्टर बम का भी इस्तेमाल किया गया। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' पूरी तरह सफल रहा। इसके तहत क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों और इजरायल कब्जे वाले उत्तरी क्षेत्रों में कई स्थानों पर एक साथ हमला किया गया। बताया गया है कि इस ऑपरेशन में रणनीतिक ड्रोनों के अलावा खुर्रमशहर, फतह और खैबर मिसाइलों का उपयोग किया गया। सरकारी प्रसारक आईआरआईबी ने आईआरजीसी के हवाले से बताया कि ये हमले नए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई के चुनाव के साथ ही किए गए। इस बीच, बहरीन के नेशनल कम्युनिकेशन सेंटर ने बताया कि ईरानी हमले के बाद मामीर गांव में बहरीन पेट्रोलियम कंपनी (बापको) के एक केंद्र में आग लग गई।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट में प्याज-लहसुन को तामसिक मानने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक वकील ने 5 पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (पीआईएल)/ जनहित याचिका फाइल की थीं। इनमें से एक में कहा गया था कि प्याज और लहसुन में तामसिक या नेगेटिव एनर्जी होती है या नहीं इसके लिए रिसर्च की मांग की गई थी। इस पर सोमवार को सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने एडवोकेट सचिन गुप्ता को फटकार लगाई। सीजेआई ने पूछा कि आधी रात को ये सब पिटीशन ड्राफ्ट करते हो क्या? सीजेआई और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने वकील की पांचों पीआईएल अस्पष्ट, फालतू और बेबुनियाद बताकर खारिज कर दीं। पिटीशनर ने जवाब दिया कि यह एक आम मुद्दा है और दावा किया कि गुजरात में खाने में प्याज के इस्तेमाल को लेकर कथित तौर पर एक तलाक हुआ था। सीजेआई बोले- आप जैन समुदाय की भावना को ठेस पहुंचाना चाहते हैं।

## दिल्ली शराब नीति केस: हाईकोर्ट का सभी 23 आरोपियों को नोटिस

- सीबीआई अफसरों के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक
- मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुनवाई नहीं करने का आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को दिल्ली शराब नीति केस में पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत 23 आरोपियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की सीबीआई अधिकारियों के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक लगा दी। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने यह भी निर्देश दिया कि संबंधित मनी लान्ड्रिंग (पीएमएलए) मामले में ट्रायल कोर्ट आगे की सुनवाई तब तक टाल दे, जब तक हाईकोर्ट इस मामले पर आगे सुनवाई न कर ले। ट्रायल कोर्ट ने 27 फरवरी को इस मामले में सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया था। इसी आदेश को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। सीबीआई ने अपनी 974 पेज की याचिका में कहा है कि ट्रायल कोर्ट ने चार्ज फ्रेमिंग के चरण में ही मिनी-ट्रायल जैसा व्यवहार किया। कोर्ट ने पूरे सबूतों को विस्तार से जांचना शुरू -शेष पृष्ठ दो पर

### शरजील इमाम को कोर्ट ने दी10 दिन की अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगों के आरोपी शरजील इमाम को कड़कड़डूमा कोर्ट से सोमवार को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने शरजील इमाम को अपने भाई की शादी में शामिल होने और बीमार मां की देखभाल करने के लिए 10 दिन की अंतरिम जमानत दी है। एडिशनल सेशन जज समीर बाजपेई की अदालत ने शरजील को 20 मार्च से 30 मार्च तक अंतरिम जमानत दी है। शरजील इमाम ने अदालत में अर्जी देकर 10 दिनों की अंतरिम रिहाई की मांग की थी। उनकी ओर से वकीलों ने दलील दी कि उनके सगे भाई की जल्द ही शादी होने वाली है, ऐसे में परिवार में उनकी मौजूदगी जरूरी है। साथ ही यह भी बताया गया कि उनकी मां की तबीयत काफी खराब है और उनकी देखभाल करने वाला कोई दूसरा नहीं है। इन परिस्थितियों और पारिवारिक जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए अदालत ने मानवीय आधार पर राहत देते हुए शरजील इमाम को 10 दिनों के लिए जेल से बाहर आने की अनुमति दे दी।

### ममता बनर्जी के धरने का चौथा दिन, रवींद्र संगीत सुनाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहा। सोमवार को धरना स्थल पर ममता ने रवींद्र संगीत दल के साथ गाना गाया। ममता ने आरोप लगाया कि उनके धरना स्थल पर भाजपा और उसकी एजेंसियां पर्चे बांट रहे हैं। ममता ने टीएमसी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे पर्चे बांट रहे लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दें। पर्चों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 14 मार्च को कोलकाता में होने वाली रैली का प्रचार किया जा रहा है।

## पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष का हंगामा

शाह टाइम्स ब्यूरो



- लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर नहीं हो पाई चर्चा

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध के कारण पश्चिम एशिया के बिगड़े हालात पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही सोमवार को दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

इसके कारण आज की कार्यसूची में होने के बावजूद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हो सकी। एक बार के स्थगन के बाद अपरान्ह तीन बजे सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होते ही विपक्षी सदस्य पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा कराने की मांग को लेकर फिर से हंगामा करने लगे। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद) के सदस्य अपने-अपने स्थानों पर खड़े होकर शोरगुल करने लगे। अपनी मांगों के समर्थन में कई सदस्य तख्तियां भी लिए हुए थे। कई सदस्य सदन के बीचोबीच आकर नारेबाजी कर रहे थे। कांग्रेस के मोहम्मद जावेद ने हंगामे के बीच ही कहा कि 50 लाख से अधिक भारतीय खाड़ी देशों में फंसे हुए हैं, जो एक बहुत गंभीर मुद्दा है और इस पर तत्काल चर्चा कराई जानी चाहिए। कुछ सदस्य कह रहे थे कि पेट्रोल और डीजल का संकट शुरू हो गया है, अत: इस मुद्दे पर चर्चा कराना जरूरी है। इससे पहले इसी मांग को लेकर हंगामे के कारण दोपहर 12 बजे कार्यवाही तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा आज की कार्यसूची में दर्ज थी, लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही स्थगित होने से इस पर चर्चा नहीं कराई जा सकी।

## ईरानी युद्धपोत पर भारत की भूमिका को लेकर सरकार ने दी सफाई

- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा: फर्जी वीडियो के जरिये लोगों को भ्रमित कर रहा है पाकिस्तान
- सेना प्रमुख द्विवेदी ने कथित वीडियो को फर्जी करार दिया

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** सरकार ने सोशल मीडिया पर सेना प्रमुख उपेन्द्र द्विवेदी के उस कथित वीडियो को फर्जी करार दिया है, जिसमें यह दावा किया गया है कि भारत ने श्रीलंका के निकट हिन्द महासागर में अमेरिकी हमले में नष्ट किए गए ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना की सटीक स्थिति इजरायल के साथ साझा की थी।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने सोशल मीडिया पर अपने फैक्ट चेक में सोमवार को कहा कि पाकिस्तान के दुष्प्रचार तंत्र ने इस वीडियो में डिजिटल रूप से बदलाव किया है और यह एआई जनित डीपफेक वीडियो है, जो फर्जी है। जनरल द्विवेदी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। सरकार ने कहा है कि पाकिस्तानी दुष्प्रचार अकाउंट भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी का डिजिटल रूप से बदला हुआ वीडियो साझा कर रहे हैं, जिसमें यह झूठा दावा किया गया है कि जब ईरानी जहाज अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में गया तो इजरायल के रणनीतिक सहयोगी के रूप में उसका सटीक स्थान बताना हमारा कर्तव्य था। सावधान रहें! यह एक एआई-जनित डीपफेक वीडियो है, जिसे जनता को गुमराह करने के लिए साझा किया गया है। जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। सरकार ने कहा है कि आधिकारिक भाषणों को गलत तरीके से प्रस्तुत करने वाली एआई-जनित सामग्री का प्रसार दुर्भावनापूर्ण तत्वों द्वारा तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर सार्वजनिक धारणा को प्रभावित करने का प्रयास है। सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के अनुसार एआई-जनित सामग्री पर स्पष्ट लेबल लगाना अनिवार्य है और डिजिटल प्लेटफॉर्म से अपेक्षा की जाती है कि वे ऐसे दिशानिर्देशों का पालन करें ताकि बदली हुई मीडिया सामग्री के प्रसार को रोका जा सके। पाकिस्तान ने जनरल द्विवेदी के ऑपरेशन सिंदूर पर एक मूल वीडियो में एआई से फेरबदल किया है और इस फर्जी वीडियो को लोगों को भ्रमित करने के लिए सोशल मीडिया पर जारी किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### विस चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस में तीन नए सचिव नियुक्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने आगामी असम विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से तीन नए सचिवों की नियुक्ति की घोषणा की है। इस संबंध में सोमवार को पार्टी की ओर से आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। पार्टी महासचिव केसी वेगुगोपाल द्वारा जारी बयान के अनुसार पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लिए नए सचिवों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह नियुक्तियां मौजूदा सचिवों के अतिरिक्त की गई हैं और तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। जिन नेताओं को सचिव बनाया गया है उनमें पालाश पवन सैकिया, दीपांकर बोरा और जॉनसन संगमा शामिल हैं। गौरतलब है कि असम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी खोई हुई जमीन को तलाशने में जुटी हुई है।

### लोनिवि के तकनीकी सलाहकार वीके सिंह का कार्यकाल बढ़ा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लोक निर्माण विभाग में फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक के कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित कराने के लिए सृजित तकनीकी सलाहकार के पद पर तैनात वी के सिंह के कार्यकाल की अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ा दी गई है। जारी आदेश के मुताबिक सेवानिवृत्त प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष विजय कुमार सिंह को इस पद पर यथावत तैनात रखा गया है। पहले यह नियुक्ति 28 फरवरी 2026 तक के लिए की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 1 मार्च 2026 से 28 फरवरी 2027 तक कर दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि यह पद लोनिवि में नवीन तकनीक एफडीआर के कार्यों को सुचारु एवं प्रभावी ढंग से लागू कराने के उद्देश्य से सृजित किया गया था।

# खाड़ी संकट पर राज्यसभा में चर्चा कराने की मांग

## भाकपा सांसद संदोष कुमार ने दिया नोटिस

नई दिल्ली, वार्ता

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सांसद संदोष कुमार पी ने खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव और वहां रह रहे भारतीयों की सुरक्षा के मुद्दे पर राज्यसभा में नियम 267 के तहत चर्चा कराने का नोटिस दिया है। उन्होंने सोमवार को सदन में सामान्य कामकाज स्थगित कर इस गंभीर विषय पर तत्काल चर्चा कराने की मांग की है।

अपने नोटिस में उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से चल रहे तनाव के कारण खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा और मानवीय स्थिति गंभीर होती जा रही है। इससे वहां काम कर रहे लाखों भारतीयों की सुरक्षा, आजीविका और आवागमन को लेकर चिंता बढ़ गई है। सांसद ने कहा कि खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में भारतीय कामगार, पेशेवर और उनके परिवार रहते हैं, जो भारत की अर्थव्यवस्था और मेजबान देशों दोनों के लिए महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ऐसे में मौजूदा हालात को देखते हुए भारत सरकार को स्थिति पर लगातार निगरानी रखनी चाहिए और भारतीय समुदाय के लिए प्रभावी सहायता तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने सरकार से यह भी मांग की कि संसद में इस मुद्दे पर स्पष्ट बयान दिया जाए और जरूरत पड़ने पर भारतीय नागरिकों की सुरक्षा तथा संभावित निकासी की तैयारी की जाए।

### पश्चिम एशिया संकट पर लोकसभा में चर्चा कराई जाए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने पश्चिम एशिया संकट के कारण भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर बढ़ रहे प्रभाव पर लोकसभा में चर्चा कराने के लिए स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है। उन्होंने सदन का कामकाज स्थगित कर इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर तत्काल चर्चा कराने की मांग की है। अपने नोटिस में वेणुगोपाल ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव, भारत की अर्थव्यवस्था, रणनीतिक हितों और विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा कर रहा है।

# देश के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं: अखिलेश

## कहा: युद्ध जैसे हालात में संसद और सरकार की प्राथमिकताएं उसी के अनुरूप तय हों

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भारत की परंपरागत स्वतंत्र विदेश नीति हमेशा देशहित को ध्यान में रखकर चलती रही है

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जब संसद के बजट सत्र का अंतराल हुआ था, तब परिस्थितियां अलग थीं, लेकिन आज युद्ध जैसे हालात बन जाने के कारण देश के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। ऐसे संकट के समय संसद और सरकार की प्राथमिकताएं भी उसी के अनुरूप तय होनी चाहिए।

सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश यादव ने कहा कि इस समय सबसे पहले युद्ध की स्थिति में भारत का स्पष्ट पक्ष और राय सामने रखने की जरूरत है। इसके साथ ही विदेश नीति को किसी दबाव में गिरवी रखने का सवाल भी गंभीर है। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरागत स्वतंत्र विदेश नीति हमेशा देशहित को ध्यान में रखकर चलती रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि तेल जैसी महत्वपूर्ण आपूर्ति के मामले में भी भारत को आत्मनिर्णय का अधिकार होना चाहिए। यदि किसी विदेशी दबाव या अमे. रिकी आदेश के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं, तो इससे देश की संप्रभुता और आत्मनिर्भरता पर सवाल उठते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध से प्रभावित क्षेत्रों में काम कर रहे या पर्यटक के रूप में गए भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। वहां फंसे सभी भारतीयों को सुरक्षित और शीघ्र भारत वापस लाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। सपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ विदेश दौरे पर गए कुछ पत्रकार और मीडियाकर्मी भी युद्ध शुरू होने के कारण वापस नहीं लौट पाए हैं।

सरकार को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उन्हें सुरक्षित देश वापस लाने की व्यवस्था करनी चाहिए। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि युद्ध की स्थिति में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए सरकार को जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति नियमित और सुनिश्चित रखने के साथ-साथ उनके बढ़ते दामों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए, ताकि आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।

## उप्र में बिना किसी भेदभाव के सभी नागरिकों को न्याय मिलेगा

# जनसमस्याओं का समयबद्धता से निस्तारण करें अधिकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी ने विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री स्वयं लोगों के बीच पहुंचे, उनके प्रार्थना पत्र लिए और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित, प्रभावी और पारदर्शी समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जन आकांक्षाओं के अनुरूप सेवा, सुरक्षा और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बिना किसी भेदभाव के सभी को न्याय मिलेगा और जनसमस्याओं का शीघ्र व प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। योगी ने जनपदों के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हर शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। जनता दर्शन के दौरान दो उद्यमियों ने अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के सामने रखीं। इस पर मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों, विशेषकर यूपीसीडा और जिला प्रशासन को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निवेश के लिए बेहतर इकोसिस्टम तैयार किया गया है और सिंगल विंडो सिस्टम जैसी पारदर्शी व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को किसी भी स्तर पर परेशानी नहीं होनी चाहिए और उद्योग विकास में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। जनता दर्शन में आए एक पीड़ित ने पुलिस से जुड़ी शिकायत रखते हुए कार्रवाई में देरी का मुद्दा उठाया। इस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित पुलिस अधीक्षक को मामले का तत्काल संज्ञान लेकर समयबद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एक अन्य प्रकरण पारिवारिक विवाद से जुड़ा था, जबकि अवैध कब्जे की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसे मामलों को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमानुसार तत्काल कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि प्रदेश सरकार आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### निर्धारित शासनादेश के अनुसार ही लिया जाए परीक्षा शुल्क: योगेन्द्र उपाध्याय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने राज्य विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया है कि परीक्षा शुल्क शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ही लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी विश्वविद्यालय द्वारा तय सीमा से अधिक शुल्क वसूला जाता है तो उसकी ऑडिट कराई जाएगी और आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। सोमवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में परीक्षा शुल्क और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में विश्वविद्यालयों की शुल्क संरचना और शासनादेशों के अनुपालन की स्थिति की भी समीक्षा की गई। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा को सुलभ, सस्ता और पारदर्शी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि फीस में अनावश्यक वृद्धि से आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है, इसलिए विश्वविद्यालयों को छात्रहित को प्राथमिकता देते हुए निर्णय लेना चाहिए।

# ईद के बाद शुरू कराया जाए यूपी बोर्ड कॉपियों का मूल्यांकन: महेंद्र सिंह

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ आम आदमी पार्टी के शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने उठाई मांग

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने योगी सरकार से मांग की है कि यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य ईद-उल-फितर के बाद शुरू कराया जाए। उनका कहना है कि इससे शिक्षक अपने धार्मिक पर्व को सम्मान और शांति के साथ मना सकेंगे। महेंद्र सिंह ने कहा कि जैसे हिदू समाज के लिए होली और दीपावली बड़े और महत्वपूर्ण पर्व हैं, उसी तरह मुस्लिम समाज के लिए ईद भी अत्यंत पवित्र और अहम त्योहार है। इसलिए सरकार को सभी धर्मों की भावनाओं का समान रूप से सम्मान करना चाहिए और ऐसे निर्णय लेने चाहिए जिनसे किसी समुदाय को अपने पर्व मनाने में परेशानी न हो। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा 18 मार्च से यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू कराने की तैयारी की जा रही है। इसी दौरान 20 मार्च को अलविदा जुमे की नमाज और 21 मार्च को ईद-उल-फितर का पर्व पड़ रहा है। मूल्यांकन के दौरान कई बार सार्वजनिक अवकाश भी निरस्त कर दिए जाते हैं और रविवार को भी कॉपियों की जांच कराई जाती है। ऐसे में बड़ी संख्या में शिक्षक, खासकर मुस्लिम शिक्षक, अपने सबसे बड़े त्योहार को परिवार और समाज के साथ पूरी तरह नहीं मना पाएंगे।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 78918.90
निफ्टी 24450.45



सोना 159409
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 263210
प्रति किलो



# पश्चिम एशिया संकट गहराने से शेयर बाजार धड़ाम

मुंबई, वार्ता



पश्चिम एशिया में जारी संकट और गहरा जाने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट देखी गई और प्रमुख सूचकांक करीब तीन प्रतिशत लुढ़क गए। ईरान ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों वाले दूसरे पश्चिमी एशियाई देशों पर अपने हमले तेज कर दिए हैं। इससे तमाम एशियाई शेयर बाजारों के साथ भारतीय शेयर बाजारों में भी बड़ी गिरावट देखी गई, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 20 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गई और डॉलर की तुलना में रुपया 51 पैसे गिर गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,862.15 अंक गिरकर 77,056.75 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह 2,241.23 अंक (2.84 प्रतिशत) की गिरावट में 76,677.67 अंक पर था। बीच कारोबार में एक समय यह 2,496 अंक उतर गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 582.40 अंक गिरकर 23,868.05 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह 682.65 अंक यानी 2.79 प्रतिशत नीचे 23,767.80 अंक पर था। कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आज ब्रेंट क्रूड की कीमत 20 प्रतिशत से अधिक उछलकर 107 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है। अमेरिकी वेस्ट टेक्सास क्रूड 22 प्रतिशत से ज्यादा महंगा हुआ और 115 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गया। रुपया फिलहाल 51 पैसे की गिरावट में 92.33 रुपये प्रति डॉलर पर है। घरेलू शेयर बाजारों में सभी सेक्टर पर भारी दबाव है। बैंकिंग, वित्त, ऑटो, मीडिया, धातु और रसायन सेक्टरों के सूचकांक चार प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट में हैं। सेंसेक्स की सभी कंपनियां लाल निशान में हैं। सबसे ज्यादा गिरावट वाली 10 कंपनियां क्रमशः इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, मारुति सुजुकी, लार्सन एंड टुब्रो, एक्सिस बैंक, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक रहे।

### कच्चा तेल साढ़े तीन साल बाद 100 डॉलर प्रति बैरल के पार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनैतिक संकट के बीच सोमवार को कच्चे तेल के मूल्य में बड़ा उछाल आया और यह साढ़े तीन साल बाद 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। पिछले कारोबारी दिवस पर 92-69 डॉलर पर बंद होने वाला लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा आज 99.75 डॉलर प्रति बैरल पर खुला और एक समय 119.50 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया था। खबर लिखे जाते समय यह 12.80 प्रतिशत ऊपर 104.55 डॉलर प्रति बैरल पर था। अगस्त 2022 के बाद पहली बार कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर निकला है। अमेरिकी वेस्ट टेक्सस क्रूड भी 119.48 अंक तक पहुंचने के बाद 12.18 प्रतिशत ऊपर 101.97 डॉलर प्रति बैरल पर था। गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई में ईरान पर किए गए हमले और उसके बाद ईरान की जवाबी प्रतिक्रिया से पश्चिम एशिया में कच्चे तेल का उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला दोनों पर असर पड़ा है।

# चावल, चीनी मजबूत, गेहूं नरम दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी में तेजी रही, जबकि गेहूं में नरमी देखी गई। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 103 रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 44 रुपये टूटकर 2,810 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटा भी 62 रुपये सस्ता हुआ।

दाल-दलहनों में तुअर दाल औसतन 161 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। चना दाल की कीमत 126 रुपये और मसूर दाल की 118 रुपये बढ़ गई। मूंग दाल 70 रुपये मजबूत हुई। वहीं उड़द दाल 10 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 203 रिंगिट चढ़कर 4,570 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमे. रिकी सोया तेल वायदा भी 2.78 प्रतिशत की बढ़त में 68.43 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 189 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। पाम ऑयल 60 रुपये और सोया तेल 44 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल 38 रुपये की गिरावट में रहा। सरसों तेल और वनस्पति की कीमत 72.72 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 49 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7736.75 रुपये, मसूर काली 8087.58 रुपये, मूंग दाल 10131.67 रुपये, उड़द दाल 10723.98 रुपये, तुअर दाल 11201.18 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2809.85 रुपये और चावल 3856.19 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3283.88 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4294.63 रुपये और गुड़ 4976.84 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17600.72 रुपये, मूंगफली तेल 18395.67 रुपये, सूरजमुखी तेल 16717.38 रुपये, सोया तेल 14151.71 रुपये, पाम ऑयल 12802.65 रुपये और वनस्पति 14523.34 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**धामी सरकार...** को मजबूत करने पर केंद्रित बताया है। सरकार ने इस बजट में विभिन्न विभागों की पूंजीगत योजनाओं के लिए भी महत्वपूर्ण धनराशि का प्रावधान किया है। शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए 542.84 करोड़ रुपये, उच्च शिक्षा विभाग के लिए 146.30 करोड़ रुपये और तकनीकी शिक्षा विभाग के लिए 98.50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं, स्वास्थ्य क्षेत्र में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए 195.46 करोड़ रुपये और चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए 126.37 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए पेयजल विभाग को 1,827.91 करोड़ रुपये, ग्रामीण विकास विभाग को 1,642.20 करोड़ रुपये और शहरी विकास विभाग को 1,401.85 करोड़ रुपये का प्रावधान दिया गया है। ऊर्जा विभाग के लिए 1,609.43 करोड़ रुपये और लोक निर्माण विभाग के लिए 2,501.91 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जिससे सड़क और अन्य आधारभूत ढांचे के विकास को गति मिलेगी। इसके अलावा सरकार ने कई नई योजनाओं की भी घोषणा की है। कुंभ मेले के लिए अवस्थापना विकास के लिए भारत सरकार से 1,027 करोड़ रुपये के अनुदान का प्रस्ताव रखा गया है। ग्रामीण क्षेत्रें में रोजगार और आजीविका को बढ़ावा देने के लिए विकसित भारत रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन के लिए 705.25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं, महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्भया फंड के लिए 112.02 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए अवस्थापना निर्माण के लिए 100 करोड़ बजट रखा गया हैं। इसके अलावा महक क्रांति योजना के लिए 10 करोड़ रुपये, हाउस ऑफ हिमालयाज के लिए 5 करोड़ रुपये और उत्तराखंड एवं भारत दर्शन योजना के लिए 4.50 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, सरयू और अन्य रिवर फ्रंट योजनाओं के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया है।इसके साथ ही युवाओं और गति. विधियों को बढ़ावा देने के लिए न्याय पंचायत स्तर पर स्टेडियम निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नशा मुक्ति केंद्रों के लिए 4.50 करोड़ रुपये और पुस्तकालय निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपये का बजट भी प्रस्तावित किया गया है। युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विदेश रोजगार प्रकोष्ठ के लिए 3.73 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सरकार का कहना है कि इन योजनाओं के माध्यम से राज्य में पर्यटन, रोजगार, तकनीक और सामाजिक विकास को नई गति दी जाएगी।

**उत्तराखंड को...** के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उत्तराखंड को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। इसी दृष्टि से बजट में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को उत्तराखंड के भविष्य का रोडमैप बताते हुए कहा कि यह केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं बल्कि राज्य के समग्र विकास की दिशा तय करने वाला बजट है। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि लगभग 1.11 लाख करोड़ रुपये का यह बजट विकास, विरासत, संस्कृति और आधुनिकता के संतुलन को दर्शाता है और विकसित भारत के लिए विकसित उत्तराखंड की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**दिल्ली शराब नीति...** कर दिया, जैसे कि पूरा केस चल रहा हो। जबकि इस स्तर पर केवल सरसरी नजर से मामला देखा जाता है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि एजेंसी फिलहाल डिस्चार्ज आदेश पर रोक नहीं चाहती, लेकिन यह सुनिश्चित करना चाहती है कि ट्रायल कोर्ट का फैसला ईडी की मनी लॉन्ड्रिंग जांच को प्रभावित न करे। हाईकोर्ट ने एक्साइज पॉलिसी केस की जांच करने वाले सीबीआई ऑफिसर के खिलाफ डिपार्टमेंटल एक्शन लेने के ट्रायल कोर्ट के ऑर्डर पर रोक लगा दी है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 27 फरवरी को मामले में आरोपी बनाए गए दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत 23 लोगों को बरी कर दिया था। फैसला आने के 6 घंटे के बाद ही सीबीआई ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील कर दी थी। सीबीआई ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट से इसे रद्द करने की मांग की है। वहीं, बरी होने के बाद कोर्ट से बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान केजरीवाल भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है। आज ये साबित हो गया कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदार हैं।

# स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में 100 फीसद ओडीएफ प्लस राज्य बना उत्तर प्रदेश

लखनऊ, वार्ता

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

■ सरकार भविष्य में भी इस दिशा में निरंतर काम करती रहेगी

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत उत्तर प्रदेश ने स्वच्छता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 100 प्रतिशत ओडीएफ प्लस राज्य बनने का कीर्तिमान हासिल किया है। वहीं पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि प्रदेश की ग्राम पंचायतें स्वच्छता के क्षेत्र में देश के लिए मिसाल बन रही हैं और सरकार भविष्य में भी इस दिशा में निरंतर काम करती रहेगी।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रथम चरण में प्रदेश को पहले ही 100 प्रतिशत ओडीएफ राज्य घोषित किया जा चुका है। इस चरण में उत्तर प्रदेश में 2.74 करोड़ से अधिक व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण किया गया, जिससे राज्य देश में सर्वाधिक शौचालय निर्माण करने वाला प्रदेश बनकर उभरा। मिशन के दूसरे चरण में ओडीएफ की स्थिति को स्थाई बनाए रखने के साथ-साथ ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश के 95,767 गांवों ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था के साथ स्वयं को ओडीएफ प्लस घोषित किया है, जबकि 94,723 से अधिक गांवों को ओडीएफ प्लस का दर्जा मिल चुका है। दूसरे चरण के तहत अब तक 57,25,291 व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कराया जा चुका है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए 59,165 सामुदायिक शौचालयों का भी निर्माण कराया गया है। पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है। ग्राम पंचायतों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से प्रदेश ने स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि विभाग का लक्ष्य अधिक से अधिक ग्राम पंचायतों को ओडीएफ प्लस श्रेणी में लाकर स्वच्छता को स्थाई आदत बनाना है।

### इस साल के अंत तक आ जाएगी अहमदाबाद विमान हादसे की अंतिम जांच रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किजरापू ने सोमवार को कहा कि गुजरात के अहमदाबाद में पिछले साल 12 जून को हुए एयर इंडिया विमान हादसे की अंतिम रिपोर्ट इस साल के अंत तक आ जाएगी। नायडू ने राज्यसभा में में बताया कि एयर इंडिया विमान हादसे की जांच तेजी से की जा रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय जांच में जुटे हवाई दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) को सभी जरूरी संसाधन मुहैया करा रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी अंतिम रिपोर्ट इस साल के अंत तक आ जाएगी। उल्लेखनीय है कि एयर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन जा रही उड़ान संख्या एआई171 पिछले साल 12 जून को दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। टेकऑफ के बाद विमान पर्याप्त ऊंचाई हासिल नहीं कर सका।

CMYK



# बजट में किए कल्याणकारी योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान: सीएम

## ज्ञान मॉडल से समग्र विकास का रोडमैप, गरीब-युवा-किसान-महिलाओं के सशक्तिकरण पर फोकस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गैरसैंण।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प ज्ञान मॉडल के माध्यम से राज्य के समग्र विकास को आगे बढ़ाना है। इस मॉडल में गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी सशक्तिकरण को विकास के चार प्रमुख स्तंभ के रूप में रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उत्तराखंड को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। इसी दृष्टि से बजट में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्ञान मॉडल के माध्यम से गरीबों के उत्थान, युवाओं के सशक्तिकरण, किसानों की समृद्धि और महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी तथा उत्तराखंड विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।



**किसानों की आय बढ़ाने पर जोर:** किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से कई योजनाओं को बजट में शामिल किया गया है। ट्राउट प्रोत्साहन योजना के लिए 39.90 करोड़ रुपए, मिशन एप्पल के लिए 42 करोड़ रुपए, दुग्ध उत्पादकों के प्रोत्साहन के लिए 32 करोड़ रुपए तथा दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के लिए 42.50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लिए 160.13 करोड़ रुपए, मिलेट मिशन के लिए 12 करोड़ रुपए तथा किसान पेंशन योजना के लिए 12.06 करोड़ रुपए भी निर्धारित किए गए हैं।

### गरीब कल्याण पर विशेष ध्यान

गरीब वर्ग के जीवन स्तर को सुधारने के लिए कई योजनाओं में बजट बढ़ाया गया है। अन्नपूर्ति योजना के लिए 1300 करोड़ रुपए, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए 298.35 करोड़ रुपए और प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लिए 56.12 रुपए करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के आवास के लिए 25 करोड़ रुपए, परिवहन निगम की बसों में निर्धारित श्रेणी के यात्रियों को निःशुल्क यात्रा सुविधा के लिए 42 करोड़ रुपए तथा रसोई गैस पर अनुदान के लिए 43.03 करोड़ रुपए रखे गए हैं। साथ ही दिव्यांग, तीलू रौतेली और अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लिए 167.05 करोड़ रुपए तथा आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए 25 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

### युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास

प्रदेश के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए भी कई योजनाओं को मजबूती दी गई है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के लिए 60 करोड़ रुपए, पलायन रोकथाम योजना के लिए 10 करोड़ और पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के लिए 62.29 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा गैर सरकारी महाविद्यालयों को सहायता के लिए घ155.38 करोड़, शिक्षा मित्रों के मानदेय के लिए 10 करोड़ रुपए तथा मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण योजना के लिए घ10 करोड़ निर्धारित किए गए हैं।

### महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता

महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार ने विशेष प्रावधान किए हैं। नंदा गौरा योजना के लिए 220 करोड़ रुपए, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के लिए 47.78 करोड़ रुपए और मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना के लिए 30 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री बाल पोषण योजना, महिला पोषण योजना, आंचल अमृत योजना और स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण जैसी योजनाओं के लिए भी बजट रखा गया है।

### बजट में ये आई नई योजनाएं

कुम्भ मेला के लिए भारत सरकार से अवस्थापना अनुदान के लिए 1027.00 करोड़, विकसित भारत रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) के लिए समग्र रूप से रु0 705.25 करोड़, निर्भया फंड के लिए 112.02 करोड़, पर्यटन विकास के लिए अवस्थापना निर्माण के लिए 100.00 करोड़, कोलोनाइजेशन प्रोत्साहन के लिए अवस्थापना निर्माण के लिए 25.00 करोड़, हरिद्वार गंगा कॉरिडोर परियोजना हेतु के लिए 10.00 करोड़, ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना के लिए 10.00 करोड़, साईबर सिक्योरटी के क्रियान्वयन के लिए 15.00 करोड़, इमरजिंग टेक्नोलॉजी एवं एआई के क्रियान्वयन के लिए 10.50 करोड़, महक क्रान्ति हेतु 10.00 करोड़, स्पिरिचुअल इकोनोमिक जोन के विकास के लिए 10.00 करोड़, हाउस ऑफ हिमालयाज के लिए 5.00 करोड़, उत्तराखण्ड एवं भारत दर्शन के लिए 4.50 करोड़, सरयू एवं अन्य रिवर फ्रंट योजनाओं के लिए 10.00 करोड़, आपदा सखी के लिए 2.00 करोड़, ग्राम प्रहरीके लिए 5.00 करोड़, नशा मुक्ति केन्द्र के लिए 4.50 करोड़, पुस्तकालय निर्माण के लिए 5.00 करोड़, विदेश रोजगार प्रकोष्ठ के लिए 3.73 करोड़, न्याय पंचायत स्तर पर स्टेडियम के लिए 10.00 करोड़, रेस्क्यू सेंटर 19.00 करोड़।



गैरसैंण में बजट सत्र में अभिभाषण से पूर्व राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर धामी व अन्य।

# संतुलित वित्तीय प्रबंधन को दर्शाता उत्तराखंड का बजट 2026-27

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में वित्तीय अनुशासन और विकास के संतुलन को मजबूत करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्ष 2026ख्27 का बजट प्रस्तुत किया। लगभग 1,11,703.21 करोड़ के इस बजट में जहां विकास की गति को बढ़ाने पर जोर है, वहीं मजबूत राजकोषीय प्रबंधन की झलक भी स्पष्ट दिखाई देती है। वर्ष 2025-26 के सापेक्ष 10.41 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। राज्य सरकार ने बजट में वित्तीय जिम्मेदारी और पारदर्शिता बनाए रखते हुए एफआरबीएम अधिनियम के प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया है। बजट के अनुसार राज्य में राजस्व आधिक्य की स्थिति बनी हुई है, जो दर्शाता है कि सरकार की आय उसके राजस्व व्यय से अधिक है। यह स्थिति किसी भी राज्य की मजबूत वित्तीय सेहत का संकेत मानी जाती है। बजट में 2536.33 करोड़ का राजस्व सरप्लस दिखाया गया है। राजकोषीय अनुशासन के तहत राज्य का राजकोषीय घाटा जीएसडीपी के 3 प्रतिशत की सीमा के भीतर रखा गया है। इसी प्रकार लोक ऋण भी जीएसडीपी के 32.50 प्रतिशत की निर्धारित सीमा के अंदर बनाए रखा गया है। यह दर्शाता है कि सरकार विकास कार्यों पर खर्च करते हुए भी ऋण प्रबंधन और वित्तीय संतुलन पर पूरा ध्यान दे रही है। राजस्व आधिक्य, सीमित राजकोषीय घाटा और नियंत्रित सार्वजनिक ऋण जैसे संकेतक बताते हैं कि राज्य सरकार ने वित्तीय प्रबंधन में सावधानी और दूरदर्शिता अपनाई है। इससे भविष्य में विकास परियोजनाओं को स्थिर वित्तीय आधार मिलने की संभावना और मजबूत होगी। कुल मिलाकर यह बजट विकास और वित्तीय अनुशासन के संतुलन का उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# राज्य के समग्र विकास की दिशा तय करने वाला बजट: धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गैरसैंण।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को उत्तराखंड के भविष्य का रोडमैप बताते हुए कहा कि यह केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं बल्कि राज्य के समग्र विकास की दिशा तय करने वाला बजट है। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि लगभग 1.11 लाख करोड़ रुपये का यह बजट विकास, विरासत, संस्कृति और आधुनिकता के संतुलन को दर्शाता है और "विकसित भारत के लिए विकसित उत्तराखंड" की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



- कहा, 1.11 लाख करोड़ का संतुलित बजट, विकसित उत्तराखंड की दिशा में मजबूत कदम
- गरीब, युवा, किसान और महिलाओं पर फोकस, विकास और विरासत के संतुलन का रोडमैप

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य गठन के समय उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 14,500 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर लगभग 3.81 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यानी राज्य की आर्थिकी में 26 गुना से अधिक वृद्धि हुई है। इसी प्रकार प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2000-01 में 15,285 रुपये थी, जो वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर 2,73,921 रुपये होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में राज्य की वास्तविक विकास दर 7.23 प्रतिशत अनुमानित है, जो राष्ट्रीय औसत के आसपास है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने थ्ठड अधिनियम के सभी मानकों का पालन करते हुए बेहतर वित्तीय अनुशासन बनाए रखा है। सरकार ने राजस्व अधिशेष बनाए रखा है और राजकोषीय घाटे को जीएसडीपी के 3 प्रतिशत के भीतर रखा है। उन्होंने कहा कि यह राज्य के कुशल वित्तीय प्रबंधन को दर्शाता है।

बजट में कुल 1,11,703 करोड़ रुपये का व्यय प्रस्तावित है, जिसमें 64,989 करोड़ रुपये राजस्व व्यय और 18,153 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय शामिल हैं। वहीं कुल प्राप्तियां 1,10,143 करोड़ रुपये अनुमानित हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार से मिलने वाले करों में राज्य के हिस्से के रूप में लगभग 17,415 करोड़ रुपये तथा विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के तहत लगभग 18,491 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त होगी।

### बजट का मूल मंत्र है 'संतुलन': मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट का मूल मंत्र 'संतुलन' है, जिसका अर्थ है, समावेशी, आत्मनिर्भर, नई सोच, तीव्र विकास, उन्नत गांव और शहर, लोक सहभागिता, आर्थिक शक्ति और न्यायपूर्ण व्यवस्था। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य विकास और पर्यावरण के संतुलन के साथ उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि यह बजट वास्तव में "विकल्प रहित संकल्प से विकसित उत्तराखंड तक की यात्रा का दस्तावेज" है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट गरीब, किसान, युवा और मातृशक्ति को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लिए 1,327 करोड़ रुपये, अन्नपूर्ति योजना के लिए 1,300 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 298 करोड़ रुपये तथा शहरी आवास योजना के लिए 56 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

युवाओं के लिए शिक्षा और खेल के क्षेत्र में 11,871 करोड़ रुपये तथा कौशल विकास कार्यक्रमों के लिए 586 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। कृषि और बागवानी क्षेत्र में 1,113 करोड़ रुपये, जबकि पशुपालन, डेयरी और मत्स्य क्षेत्र के लिए 815 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए इस वर्ष 19,692 करोड़ रुपये का जेंडर बजट रखा गया है। इसके अंतर्गत सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0, ईजा-बोई शगुन योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट और नन्दा गौरा योजना जैसी योजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि राज्य में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए लोक निर्माण विभाग के लिए 2,501 करोड़ रुपये, ऊर्जा क्षेत्र के लिए 1,609 करोड़ रुपये तथा लघु सिंचाई के लिए 1,642 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में कई नई योजनाओं की शुरुआत भी की जा रही है। इनमें कुंभ मेला तैयारियों के लिए लगभग 1,027 करोड़ रुपये, साइबर सुरक्षा के लिए 15 करोड़ रुपये, इको-टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 18.5 करोड़ रुपये, स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन के विकास के लिए 10 करोड़ रुपये और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व उभरती तकनीकों के लिए 13 करोड़ रुपये शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार नवाचार को भी बढ़ावा दे रही है। इसके तहत कीवी और ड्रैगन फ्रूट उत्पादन, ट्राउट मछली पालन, सेब नर्सरी विकास, मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण योजना और महक क्रांति जैसी योजनाएं शुरू की जा रही हैं।

# बजट, सबके सर्वांगीण विकास का प्रामाणिक दस्तावेज: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने प्रदेश सरकार के बजट को सबके सर्वांगीण विकास का प्रामाणिक दस्तावेज बताया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि, घाटे का बजट अब बीते दिनों की कहानी बन गया है। लिहाजा राजस्व सरप्लस की कड़ी में आया ये बजट नए, व्यवहारिक और साहसिक निर्णयों से विकसित राज्य निर्माण की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाने वाला है।



- इस बजट से विकसित राज्य निर्माण में लंबी दूरी तय होगी

उनके द्वारा प्रतिक्रिया में कहा गया कि ये बजट विकास को लेकर आम लोगों की बढ़ती आकांक्षाओं की पूर्ति करने वाला है। विगत विपक्षी सरकारों में स्थापित खर्चे और घाटे के लेखा जोखा की प्रवृति को हमने समाप्त किया है। यही वजह है कि हम विकास और जवाबदेही के बजटीय परंपरा पर आगे बढ़ते हुए 10 फीसदी वृद्धि के साथ 1,11,703 करोड़ के बजट लेकर आए हैं।

इस बजट से हम सबके लिए बेहद संतोष और खुशी की बात है कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में हम ज्ञान मॉडल यानी गरीब, युवा, किसान, महिलाओं के सशक्तिकरण पर फोकस होकर कार्य कर रहे हैं। प्रदेश को विकसित बनाने का हमारा मूलमंत्र आत्मनिर्भता में निहित है, ये बजट हमे इस दिशा में आगे ले जाने वाला है। कहा, उत्तराखंड को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के जिस मकसद के साथ सरकार काम कर रही है, ये बजट उसका प्रामाणिक दस्तावेज है।

# चुनावी घोषणाओं का पुलिंदा है सरकार का बजट: गोदियाल

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की और से वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तुत बजट को दिशाहीन, प्रतिगामी और चुनावी बजट करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश की मूल समस्याओं के समाधान के बजाय केवल घोषणाओं तक सीमित है।



- रोजगार देने के लिए बजट में कोई ठोस योजना नहीं

गोदियाल ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी है, लेकिन युवाओं को स्थायी रोजगार देने के लिए बजट में कोई ठोस योजना नजर नहीं आती। पलायन, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति और शिक्षा व्यवस्था में सुधार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी सरकार गंभीर नहीं दिखी। पर्वतीय क्षेत्रों के अस्पतालों में डॉक्टरों और संसाधनों की भारी कमी है, लेकिन बजट में इसके लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं किए गए। कहा कि किसानों की आय बढ़ाने, कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देने और महंगाई से जूझ रही आम जनता को राहत देने के लिए भी कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया।

# तीन 'ग्रोथ डाइवर्स' करेंगे तीन बड़े लक्ष्यों की पूर्ति

## आत्मनिर्भरता की यात्रा में सरकार को कृषि, उद्योग व पर्यटन से सर्वाधिक आस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** आत्मनिर्भर उत्तराखंड की जिस यात्रा पर राज्य सरकार आगे बढ़ रही है, उसमें तीन क्षेत्रों से उसे सर्वाधिक आस है। यह क्षेत्र हैं-कृषि, उद्योग और पर्यटन। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन तीन क्षेत्रों को आत्मनिर्भरता की यात्रा के 'डाइवर्स' की संज्ञा दे दी है। मुख्यमंत्री ने बजट में इसी अनुरूप इन क्षेत्रों का विशेष ध्यान रखा है। सरकार की मंशा ये ही है कि इन तीनों क्षेत्रों को एक साथ आगे बढ़ाते हुए ऐसा परिवेश बनाए, जो एक साथ तीन उद्देश्यों की पूर्ति कर सके। ये उद्देश्य हैं-उत्पादकता बढे, निवेश आकर्षित हो और सम्मानजनक आजीविका के अवसर मिले।

### तीन क्षेत्रों को बजट की डोज

**01. कृषि व संबंधित क्षेत्र**

- उद्यान बीमा योजना-40 करोड़, मुख्यमंत्री राज्य कृषि विकास योजना-20 करोड़
- कीवि, ड्रेटन फ्रूट प्रोत्साहन-30 .70 करोड़
- मिशन एप्पल-42 करोड़
- फसलों की सुरक्षा, घेर बाड़-20 करोड़, चाय विकास योजना-25.93 करोड़, संगंध पौधा विकास व अन्य-24 .75 लाख, महक क्रांति के लिए-10 करोड़

**02. उद्योग**

- सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यमों को सहायता योजना-75 करोड़
- मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना-60 करोड़
- मेगा इंडस्ट्रियल एवं मेगा टेक्सटाइल नीति अनुदान-25 करोड़, प्रमोशन ऑफ इंवेस्टमेंट, स्टार्टअप, एंटरप्रीनियोरशिप-30 करोड़
- स्टार्ट अप वेंचर फंड-25 करोड़

**03. पर्यटन**

- पर्यटन विभाग के अंतर्गत राजस्व मद में बजट-210 .59 करोड़, पर्यटन विभाग के अंतर्गत पूंजीगत मद में बजट-296 .45 करोड़
- वैश्विक पर्यटक स्थलों का विकास-दस करोड़
- इको टूरिज्म गतिविधियों के लिए-18 .50 करोड़, योग दिवस आयोजन-दो करोड़

# मातृशक्ति की बेहतरी को संजीदा दिखी सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के एक दिन बाद और बजट सत्र के पहले ही दिन राज्य सरकार ने मातृ शक्ति को भरोसा दिला दिया की उनकी बेहतरी के लिए वह संजीदा है। महिला समानता के लिहाज से महत्वपूर्ण जेंडर बजट का आकार बढ़ाने की बात हो या फिर विभिन्न ऐसी योजनाएं, जो महिलाओं से सीधे जुड़ी हैं, उनके लिए बजट का प्रावधान किया गया है।

राज्य सरकार ने पिछले वर्ष सोलह हजार नौ सौ इकसठ करोड़ बत्तीस लाख रूपये का जेंडर बजट प्रस्तुत किया था। मुख्यमत्री पुष्कर सिंह धामी ने बजट पेश करते हुए बताया है कि इस बार जेंडर बजटिंग में उन्नीस हजार छह सौ बयानवे करोड़ दो लाख के बजट का प्रावधान किया जा रहा है। यानी यह साफ है कि महिलाओं के कल्याण से किए जा रहे प्रयास इस बजट के बाद और तेजी पकडेंगे।



- जेंडर बजट का आकार बढ़ाने से लेकर कई योजनाओं में बजट का प्रावधान
- महिला दिवस के एक दिन बाद पेश बजट में महिलाओं का खास ख्याल
- पोषण से लेकर सुरक्षा तक सुनिश्चित करने के लिए गंभीर कोशिश

राज्य सरकार ने प्रसूता को सीधे एड्रेस करने वाली ईजा-बोई शगुन योजना हो या बेटियों को सुरक्षा देने वाला निर्भया फंड, सभी के लिए बजट प्रावधान कर यह भरोसा दिलाया है कि नारी शक्ति का हित उसकी प्राथमिकता में है। मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना, वात्सल्य योजना, मुख्यमंत्री महिला पोषण योजना, निराक्षित विधवाओं की पुत्रियों के विवाह हेतु अनुदान से जुड़ी जैसी योजनाओं की एक लंबी फेहरिस्त है, जिसमें बजट का प्रावधान कर सरकार ने महिलाओं की बेहतरी के लिए अपने संजीदा प्रयासों की झलक पेश की है।

### योजनाएं और उसमें बजट प्रावधान

- निर्भया फंड-112.02 करोड़
- मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना-30 करोड़
- मुख्यमंत्री बाल पोषण योजना-25 करोड़
- वात्सल्य योजना-15 करोड़
- मुख्यमंत्री महिला पोषण योजना-13 .44 करोड़
- ईजा-बोई शगुन योजना-14.13 करोड़
- निराक्षित विधवाओं की पुत्रियों के विवाह हेतु अनुदान-पांच करोड़
- मुख्यमंत्री बाल एवं महिला बहुमुखी विकास निधि-आठ करोड़। आपदा सखी-दो करोड़


### मां-बच्चे के पोषण के प्रति भी गंभीरता

सक्षम आंगनबाड़ी एंड पोषण 2 .0 योजना के अंतर्गत राज्य सरकार ने 598 . 33 करोड़ का बजट प्रावधान किया है। इस योजना के तहत छह माह से लेकर छह वर्ष तक के लगभग सात लाख तैंतीस हजार लाभार्थियों को अनुपूरक पोषाहार आंगनबाड़ी केंद्रों से दिया जा रहा है। बच्चे के साथ ही मां के पोषण का ख्याल रखते हुए चलाई जा रही प्रधानमंत्री पोषण मिशन हेतु समग्र रूप से लगभग 149 . 45 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है।

# पर्यटन विकास की दिशा में महत्वपूर्ण बजट: महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/गैरसैंण।** प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि उत्तराखंड के भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा सत्र में राज्यपाल का अभिभाषण राज्य सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और भावी विकास योजनाओं का दस्तावेज है।



सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन में जो भारी भरकम 111703.21 का बजट पेश किया। वह पिछले बजट की तुलना में 11.41 फीसदी अधिक है। यह बजट लोक कल्याणकारी और पर्यटन को बढ़ावा देने वाला बजट है। कैबिनेट मंत्री महाराज ने कहा कि यह बजट सरकार की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं के साथ साथ राज्य के समग्र विकास, रोजगार सृजन, पर्यटन विस्तार, महिला सशक्तिकरण और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के अलावा रोजगार और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के की दिशा में महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन 'सशक्त और समृद्ध उत्तराखंड' के साथ ही विकसित उत्तराखंड की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

CMYK

# गांधी विचारक शिक्षक डेविड का निधन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** गांधी विचारक व लक्ष्मी आश्रम के शिक्षक डेविड का निधन हुआ। डेविड आश्रम से पिछले 56 साल से जुड़े हुए थे। उन्होंने आश्रम में बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिया साथ ही शिक्षक का काम किया। जीवन का बड़ा हिस्सा उनका हिमालय व यहां के लोगों के बीच बीता है। आश्रम में ही उन्होंने शादी की। उनकी एक बेटी है वह लंदन में रहती है। उसके आने के बाद ही उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। डेविड मूल रूप से इंग्लैंड के थे, उनका जन्म इंग्लैंड में हुआ था। पहाड़ों के प्रति एक गहरा आकर्षण उन्हें यहां खींच लाया।उनके जानने वालों का कहना है कि डेविड गांधीवादी विचारों से काफी प्रेरित हुए थे, जिले के सरला बहन और कौसानी के लक्ष्मी आश्रम के बारे में जानने के बाद वे यही रम गए। बताया जाता है कि करीब सत्तर के दशक में उन्होंने एक अद्भुत यात्रा शुरू की। सड़क मार्ग से टर्की और अफगानिस्तान होते हुए खैबर दर्रे को पार कर वे भारत पहुंचे। उस लंबी यात्रा के दौरान उन्होंने जो तस्वीरें खींचीं, वे आज भी एक अनमोल धरोहर हैं, इतिहास और यात्राओं का जीवंत दस्तावेज हैं। तब कुछ वर्ष उन्होंने कौसानी के लक्ष्मी आश्रम में बिताए और फिर वापस इंग्लैंड लौट गए, लेकिन पहाड़ों की पुकार शायद उन्हें यहां खींच लाई। सन 1980 से यहां रहकर लड़कियों को शिक्षा देते रहे और आश्रम की गतिविधियों में सक्रिय थे। आश्रम संचालिका नीमा वैष्णव ने बताया कि उनके साथ होने वाली बातचीत अक्सर सोचने-समझने के नए रास्ते खोलती रही। हम प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके अपने परिवार, लक्ष्मी आश्रम परिवार और सबको इस दु:ख को सहने की शक्ति दें। अंतिम संस्कार बेटी के पहुंचने पर होगा।

# जन शिकायतों का हुआ समाधान

## जनता दरबार में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने अधिकारियों को निर्देशित किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दरबार में आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कई शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के माध्यम से सामने आई जनसमस्याओं



को भी संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं के अंतर्गत शेष बजट को समयबद्ध रूप से व्यय किया जाए। साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 की जिला योजना तैयार करते समय जनप्रतिनिधियों से संवाद कर उनके सुझावों को भी योजना में शामिल किया जाए, ताकि विकास कार्य स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप हो सकें। डीएम ने कहा कि प्रशासन का कार्य आपदा आने पर केवल प्रतिक्रिया देना नहीं, बल्कि पहले से तैयार रहना होना चाहिए। उन्होंने सभी विभागों को आपदा प्रबंधन के प्रति सतर्क रहते हुए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्राम प्रधान के माध्यम से प्रत्येक गांव में पेयजल उपलब्धता का विस्तृत डेटा संकलित किया जाए, जिससे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त बैठक में घिरौली स्थित कांडा पाइपिंग पेयजल योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि योजना के अंतर्गत 89 गांवों को जोड़ने के लक्ष्य के तहत प्रतिदिन कम से कम 5 गांवों को जल आपूर्ति सुचारू की जाए, ताकि ग्रामीणों को शीघ्र पेयजल सुविधा उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को कार्यालय समय का कड़ाई से पालन करने, सभी कार्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को नियमित रूप से संचालित रखने तथा सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिजली के बढ़े बिलों पर आक्रोश

## यूपीसीएल की कार्यप्रणाली पर पूर्व जिपं. अध्यक्ष ने उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** यूपीसीएल की लापरवाही एवं जिले में लोगों को मिल रहे बिजली के बड़े हुए बिलों पर फिर एक बार सवाल उठने लगे हैं। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी ने विद्युत विभाग पर सरकार के दबाव में कार्य करने का आरोप लगाया। ऐठानी ने मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि जिले में स्मार्ट मीटर के नाम पर लोगो की जेबों पर डाका डालने का काम किया जा रहा है। उन्होंने जिले के कपकोट, कांडा, दुगनाकुरी सहित अन्य क्षेत्रों के करीब 43 लोगों के घरों में पहुंचे अपेक्षा से अधिक बिल के दस्तावेज मीडिया के सामने रखे। कहा कि पूर्व में उन्होंने कपकोट के केदारेश्वर मैदान में महापंचायत आयोजित की थी, जिसमें चारों घाटियों से लोग अपनी समस्या लेकर



पहुंचे थे। उसके बाद भी विभाग द्वारा समस्याओं का समाधान न कर लोगों बिल जमा करवाने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिमालयी जिलों में बिजली के 50 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान है। इसका लाभ मिलने के बजाए उन्हें नुकसान हो रहा है। बताया कि आज एक बल्ब जलाने वालों का पांच से 18 हजार का बिल आ रहा है। बड़े हुए बिजली के बिलों से लोग परेशान हैं, लेकिन रसूखदारों के बिल कम आ रहे हैं। आम आदमी बिलों को ठीक कराने के लिए कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। नियमानुसार उपभोक्ताओं को हर महीने बिजली का बिल देने का प्रावधान है। 100 यूनिट तक की बिजली में 50 प्रतिशत सब्सिडी भी है, लेकिन विभाग दो महीने में बिल थमा रहा है। तब तक 200 यूनिट बिजली खर्च हो रही है। उपभोक्ता को सब्सिडी के बजाए महंगी बिजली का बिल देना पड़ रहा है।

## पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक सम्पन्न

**काशीपुर।** पेंशनर्स एसोसिएशन काशीपुर इकाई की मासिक बैठक रेलवे स्कूल परिसर में आयोजित की गई, जिसमें महिला दिवस पर बैठक में आमंत्रित करीब आधा दर्जन महिलाओं को मंच पर बैठाकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रियंका शंकर सिन्हा, अनीता सिंह, पूनम पाल, एम घोषाल आदि ने विचार व्यक्त किए। लीलावती, कनीज फातिमा ने महिला दिवस पर महिलाओं को सम्मान देने पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान दो पेंशनर्स लालता प्रसाद आदि को जन्मदिन पर बधाई दी। इस अवसर पर एसपी गुप्ता, एसएस सिन्हा, सुरेश शर्मा, संजय कुमार राय, वीरेंद्र सिंह पाल, अमर सिंह, मदन पाल सिंह, राजीव पाल, कृष्ण पाल सिंह, सुरेश कुमार, रहीश अहमद सीएस घोषाल आदि मौजूद थे।

# कच्ची शराब की भट्टी तोड़ी, उपकरण के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** कोतवाली आईटीआई पुलिस टीम ने अवैध कच्ची शराब की भट्टी व शराब बनाने वाले उपकरण समेत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है साथ ही लगभग 3



हजार लीटर लहन नष्ट कर 21 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। कोतवाली आईटीआई पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम बरखेड़ी में बहेला नदी के किनारे से कच्ची शराब बनाते हुए सुच्चा सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम छोटी बरखेड़ी, काशीपुर को कच्ची शराब बनाने के उपकरण 02 ड्रम लोहा, 04 प्लास्टिक पाइप, 02 एल्यूमिनियम के चकोर पाइप, 02 प्लास्टिक के पीले रंग के जार और लगभग 21 कच्ची शराब खाम के गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 60(1)/60(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया है। इस दौरान टीम ने तीन हजार लीटर लहन भी नष्ट किया। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह, कांस्टेबल बलवंत सिंह, योगेश पांडे और रमेश बांग्याल थे। उधर कुण्डेश्वरी चौकी पुलिस ने एक कच्ची शराब तस्कर को करीब 50 लीटर अवैध शराब समेत गिरफ्तार किया है। चन्दन सिंह बिष्ट व हे.कां. जितेन्द्र बिष्ट, कां. वीरेन्द्र बिष्ट के चौकी कुण्डेश्वरी से बहवाले रपट नं. 14 गश्त करते हुए ढकिया रोड होते हुए वन विभाग चेक पोस्ट जुड़का के पास पहुंचे तो एक सूचना पर मनजिन्दर सिंह पुत्र लक्खा सिंह निवासी ग्राम जगतपुर थाना काशीपुर को 50 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया।

## रेडकॉस सदस्यों ने एसएसपी से मुलाकात की

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों ने सोमवार को एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एसएसपी से नगर की सुरक्षा व्यवस्था समेत तमाम समस्याओं पर चर्चा की। वहीं, नगर के विभिन्न मोहल्लों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग उठाई। मौके पर रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों ने कहा कि नगर के कई सुनसान व संवेदनशील स्थान है। ऐसे में इन स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी कैमरा लगाने की जरूरत है। वहीं, पदाधिकारियों ने शहर में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने की भी मांग की। इसके अलावा जरूरतमंदों की मदद और आपातकालीन स्थितियों को लेकर चर्चा हुई। यहां मुलाकात करने वालों में सोसायटी के अध्यक्ष आशीष वर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोज सनवाल, डा. जेसी दुर्गापाल, पार्षद अमित साह मोनू, अर्जुन सिंह बिष्ट, अभिषेक जोशी, कृष्ण बहादुर सिंह, गिरीश मल्होत्रा, अनूप साह आदि मौजूद रहे।

# असपा के प्रदेश अध्यक्ष का लालकुआं में स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लालकुआं विधानसभा में एक भव्य सभा का आयोजन किया गया, जिसमें आजाद समाज पार्टी के नव नियुक्त उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष लेखराज गौतम जनपद



नैनीताल के भ्रमण के दौरान हल्द्वानी के बाद लालकुआं पहुंचे। उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष लेखराज गौतम ने कहा कि भीम आर्मी और आज़ाद समाज पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आज़ाद ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह उत्तराखंड के सभी विधानसभाओं में संगठन को मजबूती से खड़ा करना है। उन्होंने पार्टी के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों से आह्वान किया कि इस जिम्मेदारी को सामूहिक रूप से निभाना होगा, क्योंकि एक मजबूत संगठन के बिना पार्टी को मजबूत नहीं किया जा सकता। गौतम ने यह भी कहा कि एक मजबूत संगठन बनने के बाद चंद्रशेखर आज़ाद जी को हल्द्वानी बुलाया जाएगा। सभा में उपस्थित सभी वक्ताओं ने लेखराज गौतम को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही, उन्होंने एकजुट होकर संगठन का विस्तार करने और प्रदेश महासभा का आयोजन करने का संकल्प लिया, जिसमें विशेष रूप से युवाओं को जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें सिराज अहमद, जीवन चंद्र आर्य, नफीस अहमद खान, विकास चौहान, नवीन मूलनिवासी, हरीश लोधी, अनवर अंसारी, सखावत हुसैन, सुंदरलाल बौद्ध, रितिक कांत, महेश चंद्र आर्य, खीम चंद्र आर्य, जीतराम, मदनराम, गिरीश चंद्र आर्य, मोहम्मद रिज़वान, जीआर आर्य, बीएल आर्य, सुंदर राम, दया किशन, हरीश रावत, सतीश वर्मा चंद्रशेखर आदि शामिल थे।

# महिलाओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** करनपुर गांव में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सूर्या फाउंडेशन के तत्वावधान में सूर्या रोशनी लिमिटेड, राष्ट्रीय आजीविका मिशन तुलसी क्लस्टर, संजीवनी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं श्री सीमेंट के सहयोग से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसके मुख्य अतिथि वीरेंद्र दत्त सेमवाल उपाध्यक्ष उत्तराखंड हथकरघा एवं हस्तशिल्प कला विकास परिषद राज्य मंत्री स्तर रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल पूर्व विधायक जसपुर, श्रीमती अनूप कौर ब्लॉक प्रमुख जसपुर, मनोज पाल जिलाध्यक्ष भाजपा काशीपुर, राजकुमार गुंबर मंडल अध्यक्ष भाजपा, मुकेश चावला एमडी संजीवनी हॉस्पिटल, चरनजीत सिंह चन्नी जिला पंचायत सदस्य, हरिओम सुधा ग्राम प्रधान करनपुर, सचिन बाठला पूर्व ग्राम प्रधान गढ़ीनेगी तथा प्रमोद आसरे प्रमुख सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों में संजीव कुमार वरिष्ठ महाप्रबंधक सूर्या रोशनी लि. एवं आशुतोष मिश्रा सीओ सूर्या रोशनी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसके बाद स्वागत नृत्य, पहाड़ी नृत्य, पंजाबी गिद्दा एवं नारी शक्ति से जुड़े लोकगीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। इस दौरान क्षेत्र की 22 प्रेरणादायी महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. प्रतिभा राघव एवं विजेता अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिमांशु सोराना क्षेत्र प्रमुख, भरत साह सूर्या फाउंडेशन, शत्रुघ्न लाल जोन इंचार्ज, राजीव, रेखा तिवारी मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा, लक्ष्मी भंडारी, पुष्पा, सचिन बाटला, हरिओम सुधा एवं राजकुमार गुंबर का विशेष सहयोग रहा।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा उत्तराखण्ड बोर्ड का हाईस्कूल का प्रमाण-पत्र (सनद) वर्ष 2003 अनुक्रमांक 0251517 व इंटरमीडिएट का प्रमाण-पत्र (सनद) वर्ष 2006 अनुक्रमांक 0076092 कहीं गुम हो गये हैं, जो काफी तलाशने पर भी नहीं मिले। किसी अन्य के द्वारा इनका प्रयोग अवैध होगा।

मौहम्मद मोसिन पुत्र श्री इम्तखार हुसैन
निवासी-मौ0 अल्लीखां वार्ड नं. 25
काशीपुर (उधम सिंह नगर)
मो. 8395893140

**पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि०**

**निविदा सूचना**

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी आपूर्तिकर्ता/ठेकेदारों/ फर्मो से निम्नलिखित कार्य हेतु सील बंद लिफाफों में (दो भाग में) निविदायें दिनांक 06/04/2026 के 17:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिसका प्रथम भाग एवं द्वितीय भाग 17:00 बजे दिनांक 08/04/2026 को उपस्थित निविदाकारों/प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेंगी। उक्त तिथि को अवकाश पड़ने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

निविदादाताओं को निविदा के प्रथम भाग में धरोहर धनराशि निविदा में उपलब्ध दस्तावेज के अनुसार जमा करना अनिवार्य है। धरोहर राशि निर्धारित प्रारुप में भरकर पृथक रूप से प्रथम भाग लिफाफे में संलग्न करना अनिवार्य होगा। धरोहर राशि निर्धारित प्रारुप में, निविदा शुल्क एवं अनुभव प्रमाण पत्रों के आभाव में निविदा का दूसरा भाग नहीं खोला जायेगा। फर्म/ठेकेदार का आयकर/जी0एस0टी0/ ई0पी0एफ0/ई0एस0आई0 तथा उत्तराखण्ड राज्य में विद्युत कार्य करने हेतु वैध ए-क्लास लाईसेंस में पंजीकरण अनिवार्य है। निविदा केवल विभाग की वैबसाईट www.ptcul.org से दिनांक 10/03/2026 से दिनांक 28/03/2026 तक डाउनलोड की जा सकती हैं। निविदा मात्र पंजीकृत डाक (स्पीड-पोस्ट/रजिस्ट्री) द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।

| क्र सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 24/2025-26 | Supply of essential registers for maintaining the substation at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 2. | 25/2025-26 | Work of providing, dismantleing and fixing of LT panel room MCCB and its associate works at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 3. | 26/2025-26 | Work of painting of chain link fencing of 400/220/132KV switchyard and main gate at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 4. | 27/2025-26 | Work for cleaning of 400/220/132KV switchyard drains & miscellaneous sanitary works at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 5. | 28/2025-26 | Half yearly maintenance of 02Nos. 220Volt DC battery bank and charger installed at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 6. | 29/2025-26 | Work for radium flex nomenclature for 400/22/132KV bay sign board of switchyard at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

संख्या 204/अधि.अभि.(का)/
दिनांक 09-03-2026

(अधिशासी अभियंता)
400 केवी(परि. एवं अनु.) खण्ड, काशीपुर

## एक नजर

### अधेड़ ने जहर खाकर दी जान

**काशीपुर।** एक 55 वर्षीय व्यक्ति ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोहल्ला कटरा मालियान निवासी मनोज कुमार चंद्रा पुत्र मुरारी लाल चंद्रा बाजपुर में किराये का मकान लेकर खाने का ठेला लगाता था वह होली के बाद से मानसिक रूप से परेशान था जिसने रविवार को घर में रखा जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में उसे बाजपुर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। मनोज चंद्रा के परिजनों ने उसे काशीपुर में एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसने रविवार शाम दम तोड़ दिया। मृतक के दो बच्चे हैं। मृतक मनोज चंद्रा करीब 30 वर्षों से बाजपुर में किराए के मकान पर रहकर खाने का ठेला लगाकर अपना व अपने बच्चों का भरण पोषण कर रहा था।

### विवि के छात्र हल्ट प्राइज में करेंगे मुकाबला

**पंतनगर।** गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हल्ट प्राइज 2026 ऑन-कैंपस पिच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने सस्टेनेबल और इम्पैक्ट-ड्रिवन बिजनेस आइडिया प्रस्तुत किए, जो संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों पर आधारित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डा. एएस जीना (अधिष्ठाता छात्र कल्याण), डा. एमएस नेगी (निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय) और डा. अनिल कुमार (सचिव, 4ए) उपस्थित थे। पंतनगर हल्ट प्राइज के कैंपस डायरेक्टर सौरभ जोशी के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्लांट ऑर्बिट टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और अब वे मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम के अंत में डा. अमित केसरवानी ने सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए सभी टीमों, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक सचिन का आभार व्यक्त किया।

### यातायात नियमों का उल्लंघन पर कार्रवाई

**अल्मोड़ा।** जिलेभर में पुलिस ने यातायात चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नियमों के उल्लंघन पर 97 लोगों पर चालानी कार्रवाई की गई। वहीं, वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए जागरूक किया गया। एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के ने त्योहारी सीजन के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी क्रम में पुलिस टीम ने जिलेभर के अलग-अलग स्थानों में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के दौरान दोषपूर्ण नंबर प्लेट, वाहन के खिड़कियों के शीशों पर काली फिल्म लगाने वालों व यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले कुल 97 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही सभी टैक्सी, बस चालकों को सुरक्षित ड्राईविंग के लिये क्षमता से अधिक सवारी न बिठाने, नशे में वाहन न चलाने, खतरनाक तरीके से वाहन न चलाने आदि उचित हिदायतें दी गई। यात्रियों से अपील की गई कि कोई वाहन चालक ओवर लोडिंग, नशे में वाहन चलाता है या खतरनाक तरीके से वाहन चलाता है तो उसकी शिकायत तत्काल डायल 112 में करे। यहां अभियान में सीओ सदर गोपाल दत्त जोशी समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### मां की चिता को बेटियों ने दी मुखाग्नि

**बागेश्वर।** काफलीगैर तहसील के लोब निवासी 85 साल की बिसनुली देवी पत्नी स्व. श्याम लाल को उनकी बोटियों ने मुखाग्नि देते हुए अंतिम विदाई दी। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार बिसनुली देवी कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। रविवार की शाम उन्होंने अंतिम सांस ली। सोमवार की सुबह सरयू संगम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। चिता को मुख्याग्नि उनकी बेटी गोविंदी लोबियाल तथा लीला देवी ने दी है। गोविंदी लोबियाल दमुवाढूंगा हल्द्वानी में कांग्रेस महिला ब्लॉक अध्यक्ष हैं। उनके निधन पर दुर्गा प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, मनोज कुमार टम्टा, विवेक लोवियाल, सूरज कुमार, चंद्रशेखर, संजय कुमार ने दुख जताया है।

### कूड़े को लेकर हुए विवाद पर कार्रवाई की मांग

**अल्मोड़ा।** भाजपा नेता और पर्यावरण मित्रों के बीच हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को पर्यावरण मित्रों ने भाजपा नेता के खिलाफ प्रदर्शन कर नगर निगम से कार्रवाई की मांग उठाई। नगर के जौहरी बाजार में कूड़े को लेकर भाजपा नेता और पर्यावरण मित्रों के विवाद हो गया था। मामले में पूर्व में भाजपा नेता ने नगर आयुक्त को शिकायती पत्र सौंप पर्यावरण मित्रों पर एससीएसटी एक्ट में फंसाने का आरोप लगाया था। इधर, शिकायत के बाद पर्यावरण मित्र भड़क उठे। उन्होंने भाजपा नेता के सभी आरोपों को झूठा बताया। सोमवार को पर्यावरण मित्रों ने नगर निगम परिसर में प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री राजपाल पवार ने कहा कि पर्यावरण मित्र नियमित रूप से हर वार्ड में कूड़ा उठाने का कार्य कर रहे है, लेकिन भाजपा नेता की ओर से सोशल मीडिया में अनर्गल बयान बाजी कर आरोप लगाने का काम रहे है। उन्होंने भाजपा नेता ने पर्यावरण मित्रों के साथ बेवजह परेशान करने का कार्य कर रहे है। उन्होंने नगर निगम से मामले में कार्रवाई की मांग की। यहां प्रदर्शन करने वालों में दीपक चंदेल, राजेश टाक, सतीश कुमार, दीपक सैलानी, घनश्याम, दर्शन चंदेल, राजेंद्र पवार, भूपेंद्र, शक्ति, नरेश, राजेश खत्री, प्रदीप, चंद्रपाल, अशोक पवार आदि मौजूद रहे।

### बाल केंद्रित शिक्षण सामग्री पर कार्यशाला शुरू

**अल्मोड़ा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) अल्मोड़ा में जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत 40 शिक्षकों के लिए बाल केंद्रित शिक्षण सामग्री पर आधारित पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को कार्यशाला का शुभारंभ डायट के प्रभारी प्राचार्य महेंद्र सिंह भंडारी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यशाला के दौरान तैयार की जाने वाली अधिगम सामग्री विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों के लिए उपयोगी होगी तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगी। कार्यशाला समन्वयक एवं जिला संसाधन एकक डायट अल्मोड़ा के रमेश सिंह रावत ने कार्यशाला के आयोजन की आवश्यकता, उद्देश्य और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि स्थानीय एवं पारंपरिक खिलौनों और खेलों पर आधारित अधिगम सामग्री के निर्माण से विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, रोचक और स्थायी बनाया जा सकता है। कार्यशाला के संदर्भदाता डा. कामाक्षा मिश्रा ने नई शिक्षा नीति 2020 के आलोक में बुनियादी स्तर की शिक्षा पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षण की रूपरेखा, उद्देश्यों तथा प्रस्तावित गतिविधियों के बारे में प्रतिभागियों को दिशा-निर्देश दिए और उन्हें विभिन्न समूहों में विभाजित करते हुए विषयों का चयन कराया।

रमज़ान मुबारक

ज़ाहिद कुरैशी
समाजसेवी कालाढूंगी, नैनीताल 9756682163

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

महमूद हसन बंजारा
प्रदेश महामंत्री
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा
शाकिर हुसैन (पत्रकार)
नसीम जहां
सभासद, वार्ड 4
नगर पालिका परिषद, कालाढूंगी

रमज़ान मुबारक

सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी
जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक

मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड
उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

माह-ए-रमज़ान मुबारक

बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

मून सर्विस प्वाइंट
फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर
रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध हैं)

Zubair Khan Najeeb Khan
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

इसरार हुसैन
प्रदेश उपाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तराखण्ड।

रमज़ान मुबारक
जनसेवा एकता कमेटी

अध्यक्ष अलीम खान
उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

मोकिन सैफी
(विधानसभा अध्यक्ष)
यूथ कांग्रेस, हल्द्वानी-नैनीताल
पार्षद पुत्र वार्ड 33, नगर निगम हल्द्वानी

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

हाजी नदीम अहमद
पूर्व प्रदेश महासचिव
यूथ कांग्रेस उत्तराखण्ड, कालाढूंगी

# अतिक्रमण हटेगा, पोल शिफ्ट होंगे

## सिटी मजिस्ट्रेट ने नरीमन चौराहा से गौलापुल सड़क चौड़ीकरण का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी के निर्देश के बाद सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई व नगर आयुक्त परितोष वर्मा के नेतृत्व में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ देर शाम काठगोदाम नरीमन चौराहे से गौला पुल तक चल रहे गतिमान रोड चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी की गई। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने बताया कि यह मार्ग चौड़ीकरण कार्य लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड हल्द्वानी द्वारा किया जा रहा है, जिसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने धनराशि उपलब्ध कराई है। इस कार्य में आने वाले विद्युत पोलों की शिफ्टिंग के लिए उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड यूपीसीएल को पहले ही धनराशि स्थानांतरित कर दी



गई है। अधिशासी अभियंता यूपीसीएल को निर्देशित किया गया कि कल से पोल शिफ्टिंग के लिए नए पोलों की स्थापना शुरू कर दी जाए, और इसके बाद शटडाउन लेकर लाइन शिफ्टिंग भी पूर्ण की जाए। उन्होंने बताया कि मार्ग के बायीं ओर जल निगम द्वारा सीवर लाइन बिछाने का कार्य जारी है, जिसमें लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य 20 मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। सीवर लाइन के लिए पिट बनाए जाने के स्थानों का चिन्हीकरण कल तक लोक निर्माण विभाग के साथ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, मार्ग चौड़ीकरण में जमरानी खंड के एक अस्थाई निर्मित डॉम को भी हटाना है। परियोजना प्रबंधक जमरानी खंड को 20 मार्च तक इसे डिस्मेंटल कर हटाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया मार्ग चौड़ीकरण के दाहिनी ओर आने वाली अन्य बाधाओं को भी 25 मार्च तक हटाया जाएगा। इसके बाद मार्च माह के अंतिम सप्ताह से सड़क निर्माण, लेबलिंग और ग्रेडिंग का कार्य शुरू किया जाएगा, और अप्रैल तक सड़क का डामरीकरण और अन्य निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश अधिशासी अभियंता निर्माण खंड हल्द्वानी को दिए गए हैं। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य आगामी पर्यटक सीजन में स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों को बेहतर मार्ग की सुविधा देना है। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम एके कटारिया, लोक निर्माण विभाग, पावर कॉरपोरेशन, जमरानी खंड और जल निगम के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## किसान को कुचलने वाले पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** होली के दिन गौलापार में किसान को कुचलने वाले वाहन चालक पर चोरगलिया पुलिस ने पत्नी की तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार देवला तल्ला लक्षमपुर रोड कुंवरपुर निवासी पुष्पा देवी ने चोरगलिया पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती 4 मार्च की शाम उनके पति सोबन सिंह रावत को नयारा पेट्रोल पम्प के पास वाहन संख्या यूपी32क्यूएन-9037 के चालक ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष हरपाल सिंह ने बताया कि पत्नी की तहरीर के आधार पर वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# 1 दिवसीय सफारी कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वन प्रभाग के तहत सोमवार को छकाता रेंज में प्रभागीय वनाधिक. ारी कुन्दन कुमार और उप प्रभागीय वनाधिकारी नन्धौर गणेश दत्त जोशी के नेतृत्व में गौलापार क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय जागरूकता और जनरल सफारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सूर्यादेवी ईको टूरिज्म जोन में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य वन्य जीवों के प्रति संवेदनशीलता जागृत करना था। कार्यक्रम में राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय गोविन्दग्राम गौलापार, राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय कुवरपुर, राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय बागजाला सहित नेब गौलापार के छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की



शुरुआत सूर्यादेवी ईको टूरिज्म जोन के स्वागत द्वार पर सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए की गई। इसके बाद, प्रतिभागियों को सूर्यादेवी मन्दिर तक सफारी पर ले जाया गया, जहां उन्हें क्षेत्र में मौजूद वन्य जीवों और जैव विविधता के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं को लाखनमण्डी ट्री-हाउस का भ्रमण कराया गया, जहां वन क्षेत्रों में वन्य जीवों के पानी पीने के लिए बनाई गई जल संरचनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। फिर, तितली पार्क नन्धौर वन परिसर में भ्रमण कराकर उन्हें कीट प्रजातियों के बारे में भी बताया गया। इस दौरान छकाता वन क्षेत्र के वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार पंत भी मौजूद रहे।

## होटल कर्मचारी ने ज़हर खाकर जान दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के एक नामी होटल में काम करने वाले कर्मचारी ने संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक गटक लिया। जहर पीने से पहले उसने अपने साथ काम करने वाले साथियों को फोन कर इसकी जानक. ारी भी दी। जब तक साथी उसके कमरे तक पहुंचे, तब तक वह अचेत हालत में जमीन पर गिर चुका था। अस्पताल ले जाने के बाद भी उसकी जान नहीं बच सकी। पुलिस के मुता. बिक मृतक की पहचान 55 वर्षीय अर्जुन टम्टा निवासी गंगोलीहाट, जिला पिथौरागढ़ के रूप में हुई है। वह हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित होटल में कर्मचारी के रूप में काम करता था और यहीं रह रहा था। बताया जा रहा है कि रविवार रात अर्जुन ने अपने कुछ करीबी साथियों को फोन कर कहा कि उसने कीटनाशक पी लिया है। यह सुनते ही साथी घबरा गए और तुरंत उसके कमरे में पहुंचे। वहां अर्जुन जमीन पर गिरा मिला। साथियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और उसे उपचार के लिए सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे सुशीला तिवारी चिकित्सालय रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। कोतवाल विजय मेहता के अनुसार शुरुआती जांच में घटना के पीछे पारिवारिक कलह की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि अर्जुन पहले भी एक बार आत्महत्या का प्रयास कर चुका था। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परि. जनों को सौंप दिया। परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए अपने गांव गंगोलीहाट ले गए हैं।

# बनभूलपुरा में अवैध गैस रिफिलिंग

## दो जगहों पर छापामारी, आरोपी चकमा देकर फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के घास मंडी इलाके में पूर्ति विभाग की टीम ने घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग और कालाबाजारी के खिलाफ दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान घरेलू गैस सिलेंडर, छोटे गैस सिलेंडर, रिफिलिंग उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक कांटे बरामद किए गए। हालांकि, पूछताछ के दौरान आरोपी पूर्ति विभाग की टीम को चकमा देकर फरार हो गए।



पहली छापेमारी 8 मार्च की सुबह की गई, जब पूर्ति निरीक्षक जगमोहन सिंह नेगी और गौरव जोशी ने मुखबिर की सूचना पर घास मंडी के लाइन नंबर 7 स्थित मैसर्स दिल्ली पावर टूल्स में छापा मारा। निरीक्षण में 14.2 किलो का एचपी कंपनी का घरेलू गैस सिलेंडर, अवैध रिफिलिंग उपकरण पाइप सहित, इलेक्ट्रॉनिक वजन कांटा, छह छोटे गैस सिलेंडर और तीन छोटे सिलेंडर बर्नर सहित बरामद किए गए। मौके पर मौजूद व्यक्ति ने अपना नाम मो. मुसेब संतरा लाइन नंबर 8, बनभूलपुरा बताया, लेकिन वह किसी वैध दस्तावेज को प्रस्तुत नहीं कर सका और पूछताछ के दौरान फरार हो गया। विभाग ने बरामद सामान को सील कर थाना बनभूलपुरा में जमा कर दिया। दूसरी छापेमारी में पूर्ति निरीक्षक ललित मोहन मेर, सुबा. ध त्रिपाठी और राहुल सिंह डांगी ने घास मंडी स्थित एक क्रॉकरी और चूल्हे की दुकान पर कार्रवाई की। वहां से 14.2 किलो का आधा भरा इंडेन गैस सिलेंडर, अवैध रिफिलिंग उपकरण पाइप, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, छह छोटे गैस सिलेंडर, एक दो किलो का सिलेंडर, आठ भारत कंपनी, चार इंडेन और एक एचपी कंपनी के सील कैप, दो छोटे चूल्हे और दो रेगुलेटर बरामद हुए। दुकान में मौजूद व्यक्ति ने अपना नाम शिवम बताया और कहा कि यह काम शादाब नामक व्यक्ति करता है। शादाब को बुलाने के बहाने शिवम भी मौके से फरार हो गया। सभी बरामद सामान को सील कर थाना बनभूलपुरा में जमा कराया गया। पूर्ति विभाग के अनुसार, घरेलू गैस सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में गैस भरना आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 और एलपीजी कंट्रोल ऑर्डर 2000 का उल्लंघन है। विभाग ने आरोपियों मो. मुसेब, शिवम और शादाब के खिलाफ तहरीर दी है। बनभूलपुरा कोतवाल डीएस फर्त्याल ने बताया कि आरो. पियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## देवरामपुर खनन गेट क्षेत्र में चलाया सघन चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तराई पूर्वी वन प्रभाग के अंतर्गत उपप्रभागीय वनाधिकारी गौला द्वारा गौला रेंज के देवरामपुर खनन गेट क्षेत्र में औचक निरीक्षण और सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान क्षेत्र में चल रही खनन गतिविधियों और खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की गहन जांच की गई। अभियान के दौरान टीम ने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को संदिग्ध अवस्था में उपखनिज का परिवहन करते हुए पकड़ा। जांच के दौरान वाहन चालक के पास खनिज परिवहन से संबंधित कोई वैध



दस्तावेज नहीं पाए गए। इसके बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर डौली रेंज परिसर में सुरक्षित खड़ा कर दिया गया। वन विभाग की जांच में वाहन में अवैध रूप से उपखनिज का परिवहन पाया गया, जिसके चलते वाहन को सीज कर भारतीय वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। उपप्रभागीय वनाधिकारी एके जोशी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी के निर्देशानुसार समय-समय पर औचक निरीक्षण और सघन चेकिंग अभियान जारी रखा जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी स्थिति में अवैध खनन या अवैध खनिज परिवहन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण और चैकिंग के दौरान उपप्रभागीय वनाधिकारी गौला एके जोशी, एसओजी वन क्षेत्रधिकारी नवीन सिंह रैकवाल, वन दरोगा दिनेश चंद्र पंत, वन दरोगा प्रकाश चंद्र तिवारी, वाहन चालक चंदन बेदी आदि मौजूद रहे।

## शीतलाष्टमी: भव्य कलश यात्रा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रानीबाग स्थित शीतला माता मंदिर में सोमवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली गई। सुबह 10 बजे गार्गी गोला नदी के तट से माता के जयकारों के साथ यात्रा शुरू हुई, जिसमें लगभग 800 महिलाओं ने पारंपरिक कुमाऊंनी वेशभूषा में भाग लिया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सचिन साह ने बताया कि महिलाएं और श्रद्धालु नंगे पैर यात्रा की, कलश यात्रा के साथ ही मंदिर में उत्सव शुरू हो गया है। आज और कल विशेष देवी पूजन होगा। 11 मार्च को शीतलाष्टमीश् बसोड़ा पूजन का मुख्य पर्व मनाया जाएगा। इसके अगले दिन, 12 मार्च को मंदिर परिसर में एक शानदार भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियां चल रही हैं। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में चंचल पांडे, भुवन शाह, प्रकाश बृजवासी, उदित चौधरी, पंकज शाही, भावेश गोस्वामी, गिरीश नोगाई, अंकित साह और विशाल नेगी समेत मंदिर समिति के सभी सदस्यों और सेवादारों का विशेष सहयोग रहा।

## स्मैक के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक स्कूटी सवार को गिरफ्तार किया, जिसके पास से 7.03 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी ने बताया कि वह गफूर बस्ती और टेंपो चालकों से स्मैक खरीदकर लाता था, जिसे वह खुद भी सेवन करता था और बेचता भी था। जानक. ारी के अनुसार बनभूलपुरा कोतवाल डीएस फर्त्याल ने बताया कि उनकी टीम बीते रविवार की शाम लाइन नंबर 17 तिराहे पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान यूके04एल 1310 नंबर की स्कूटी सवार एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसका पीछा किया और दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दानिश अंसारी उर्फ बिल्ला पुत्र मो. तौफीक निवासी मलिक का बगीचा, बनभूलपुरा बताया। जिसके पास से 7.03 ग्राम स्मैक बरामद की।

# महिला दिवसः बालिकाओं से संवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास नैनीताल की ओर से महिला डिग्री कॉलेज हल्द्वानी में बालिकाओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रें में कार्यरत महिलाओं ने छात्रओं से संवाद कर उन्हें अपने अनुभव साझा किए और प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, राज्य महिला उद्यमिता परिषद की अध्यक्ष रेनू अधिकारी, कॉलेज की प्रधानाचार्या प्रो. आभा शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डा. ऊषा जंगपांगी, डिप्टी एसपी विजिलेंस नैनीताल विभा दीक्षित, जिला खेल अधिकारी




डा. निर्मला पंत तथा रंगीत फाउंडेशन की संस्थापिका डा. कुसुम पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने नारी शक्ति, महिला सुरक्षा और महिला समानता जैसे विषयों पर पोस्टर प्रदर्शनी लगाई और अपने विचार भी प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी शिल्पा जोशी, डा. रश्मि पंत, वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी सुष्मिता मेहरा, प्रियंका आर्या, सुपरवाइजर मीना गर्खाल, जानकी भट्ट, सुशीला ग्वाल और पूनम गोस्वामी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## हिन्दू परिवारों ने मेयर से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इंदिरा नगर पुनर्वास कल्याण समिति के तत्वावधान में इंदिरानगर के निवासियों का एक शिष्टमंडल सोमवार को मेयर गजराज सिंह बिष्ट और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट से मिला। इस दौरान समिति के अध्यक्ष



आनंद केसरवानी ने मेयर को ज्ञापन सौंपकर रेलवे अतिक्रमण क्षेत्र में रह रहे परिवारों के पुनर्वास की मांग उठाई। शिष्टमंडल ने बताया कि रेलवे की अतिक्रमण भूमि में करीब ढाई सौ हिंदू परिवार लंबे समय से रह रहे हैं। इनमें अधिकांश लोग गरीब और ओबीसी वर्ग से है। समिति ने मांग की कि सभी परिवारों को एक ही स्थान पर बसाया जाए और उन्हें आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाए ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। साथ ही उचित स्थान पर पुनर्वास की व्यवस्था किए जाने की मांग की गई। मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने शिष्टमंडल को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस दौरान राज्य मंत्री दिनेश आर्य, हरिमोहन अरोड़ा, ओबीसी जिलाध्यक्ष नन्हें कश्यप, एससी जिलाध्यक्ष रवीन्द्र बाली, विनोद जायसवाल, शक्ति केंद्र संयोजक अरविंद केसरवानी, सीमा राठौर, विमला साहू आदि मौजूद रहे।

# 'लामाचौड़, फतेहपुर में बिक रही अवैध शराब'

## सनातन जागृति ट्रस्ट ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग रखी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लामाचौड़, फतेहपुर और कमलुवागांजा क्षेत्र में खुलेआम हो रही अवैध और जहरीली शराब की बिक्री को लेकर क्षेत्रवासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सनातन जागृति ट्रस्ट के अध्यक्ष विपिन पांडे की अगुवाई में स्थानीय लोगों ने सोमवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अवैध शराब के कारोबार पर शीघ्र रोक नहीं लगाई गई तो पहले एसडीएम कोर्ट में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा और इसके बाद 16 मार्च से लामाचौड़ चौराहे के पास



अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष विपिन पांडे ने आरोप लगाया कि सरकारी भूमि और मुख्य मार्ग के किनारे अवैध शराब का काला कारोबार लंबे समय से चल रहा है, जिससे कई परिवार प्रभावित हुए है और कुछ लोगों की जान तक जा चुकी है। चाहे पीडब्ल्यूडी की सरकारी जमीन हो या राजस्व विभाग के पट्टे और पंचक्की की भूमि, कई स्थानों पर सड़क किनारे खुलेआम अवैध शराब बेची जा रही है। इस संबंध में पुलिस प्रशासन और संबंधित विभागों से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि गांधी आश्रम चौकी और आम्रपाली चौकी से महज 500 से 700 मीटर की दूरी पर यह अवैध कारोबार संचालित हो रहा है, इसके बावजूद पुलिस इस पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। कहा कि इस मामले में पुलिस प्रशासन पूरी तरह किल हो चुका है। अब क्षेत्र के युवा इस मुद्दे को लेकर आंदोलन करने के लिए तैयार है। ज्ञापन देने वालो में भास्कर पड़लिया, यतिन पांडे, हरीश पांडे, राजू तिवारी, रवि नेगी, बसंत आर्य, उमेश जोशी, धीरज पांडे, रमेश, शिवकुमार शामिल रहे।

## इंडिया की जीत पर जश्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**काठगोदाम।** भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा अहमदाबाद स्टेडियम में न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार टी-20 विश्व कप का खिताब जीतने पर काठगोदाम गोलाब. ाराज में खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई। जैसे ही न्यूजीलैंड का आखिरी



विकेट गिरा, क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े लोग और स्थानीय निवासी अपने घरों से बाहर निकल आए। उन्होंने भारत माता की जय के नारे लगाए, आतिशबाजी की और एक-दूसरे को बधाई दी। इस खास मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, किशन अनेरिया, पूर्व पार्षद मोहन बिष्ट, कांग्रेस नेता प्रदीप सूरज बिष्ट, अनिल बिष्ट, सुरेन्द्र बिष्ट, ललित बिष्ट, तिलक बिष्ट, प्रथम बिष्ट, यश अनेरिया, लक्ष्य बिष्ट, स्वयम बिष्ट समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## हरोड़ा में जलागम परियोजना पर जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हरोड़ा के प्राइमरी विद्यालय में जलागम परियोजना को लेकर



ग्रामीण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ग्राम प्रधान राजन प्रसाद ने किया और ग्रामीणों को परियोजना की महत्वता और लाभ के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान जलागम समिति, राजस्व ग्राम समिति और सर्वे समिति का गठन किया गया, जिसमें ग्राम प्रधान को अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही महिला मोटिवेटर और सहायक का चयन भी किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने परियोजना में सहयोग देने और सक्रिय भूमिका निभाने की अपनी प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम का संच. ालन हेमचंद पाठक ने किया। इस अवसर पर यूनिट अधिकारी नीरज कुमार, सामाजिक सुगम मंत्री हेमचंद पाठक, कृषि विभाग से कमल बेलवाल और मुकेश कुमार, तथा ग्राम सभा के वार्ड सदस्य और ग्रामीण मौजूद रहे।

# गरीब बच्चों को मिलेगा निःशुल्क कोर्स

## गरीब बच्चों के लिए ग्राफिक एरा ने किया सुनहरे अवसर का ऐलान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ग्राफिक एरा ने उत्तराखंड के युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए एक बड़ी पहल की घोषणा की है। ग्राफिक एरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस इस शैक्षणिक सत्र से राज्य के गरीब परिवारों के बच्चों को बिना शुल्क के इंजी. नियरिंग डिप्लोमा, होटल मैनेजमेंट और प्रशासनिक सेवाओं की ट्रेनिंग देने जा रहा है। यह बात ग्राफिक एरा के चेयरमैन डा. कमल घनशाला ने कहीं। सोमवार को पत्रकार वार्ता करते हुए ग्राफिक एरा के चेयरमैन डा. कमल घनशाला ने बताया कि ग्राफिक एरा ने राज्य की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए देहरादून और



हल्द्वानी में प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी के लिए निशुल्क प्रशिक्षण शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही, होटल उद्योग में बिना प्रशिक्षण के काम करने वाले युवाओं के लिए भी होटल मैनेजमेंट का एक वर्ष का निशुल्क कोर्स कराया जाएगा, जिसमें इंडस्ट्री की ट्रेनिंग भी शामिल होगी। उन्होंने कहा इसी शैक्षणिक सत्र से राज्य के गरीब परिवारों के बच्चों को इंजी. नियरिंग में डिप्लोमा कोर्स और होटल मैनेजमेंट का प्रशिक्षण पूरी तरह निशुल्क प्रदान किया जाएगा। कहा कि उत्तराखंड में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। बीएससी ऑनर्स फिजिक्स की छात्र मिनल नेगी का भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन और देशभर में 66वीं रैंक प्राप्त करना इसका प्रमाण है। वहीं, ग्राफिक एरा के भीमताल परिसर की बीटेक छात्र कर्निका नेगी ने आईईएस में 152 रैंक पाकर अपनी योग्यता साबित की है। ग्राफिक एरा से प्लेसमेंट पाने वाले छात्रों में भीमताल परिसर की गुंजन भनवाल एटलेशियन, 66.01 लाख रुपये वार्षिक, विभा चंदोला गूगल, 54.84 लाख, और हल्द्वानी परिसर की नेहा भट्ट एटलेशियन, 61.99 लाख शामिल हैं। अमेज़ॉन और वीज़ा में भी छात्रों को करोड़ों रुपये के प्लेसमेंट मिल चुके हैं। डा. घनशाला ने बताया कि देहरादून और हल्द्वानी में गरीब परिवारों के बच्चों के लिए होटल मैनेजमेंट का एक साल का कोर्स भी निशुल्क कराया जाएगा। इसमें इंडस्ट्री ट्रेनिंग भी शामिल होगी। इसके बाद छात्र अगले पायदान से अपना करियर शुरू कर सकेंगे। छात्रों को यह भी सिखाया जाएगा कि वे गढ़वाल और कुमाऊं के गांवों में खाली पड़े घरों को सुधारकर होम स्टे के रूप में व्यवसाय चला सकें। ग्राफिक एरा के माध्यम से राज्य के बच्चों को कंप्यूटर साइंस, मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक और सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कोर्स प्रदान किए जाएंगे। छात्रों को केवल अपनी आवासीय व्यवस्था स्वयं करनी होगी। पत्रकार वार्ता में ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के हल्द्वानी परिसर के निदेशक डा. मनोज लोहानी, भीमताल परिसर के निदेशक प्रो. कर्नल एके नायर आदि मौजूद रहे।

# बाल लेखन कार्यशाला का आगाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्रिएटिव उत्तराखंड एवं किताब कौतिक आयोजन समिति द्वारा 14 और 15 मार्च को हल्द्वानी में आयोजित किताब कौतिक के पहले चरण में बाल लेखन कार्यशाला का सोमवार को शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि कहानीकार और शिक्षिका दीक्षा जोशी ने बच्चों से हर गतिविधि में सक्रिय भाग लेने की प्रेरणा दी और कठपुतली विधा के माध्यम से कहानी सुनाई। यह कार्यशाला अल्मोड़ा से प्रकाशित बच्चों की पत्रिका बालप्रहरी, भारत ज्ञान विज्ञान समिति नैनीताल और क्रिएटिव उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में 9 से 13 मार्च तक जन सहयोग से आयोजित की गई पांच दिवसीय बाल लेखन कार्यशाला का हिस्सा है। कार्यशाला का उद्घाटन समूह गीत 'ज्ञान का दीया जलाने' से किया गया। नीलाचंल कॉलोनी फेस-2, फार्म-3 नियर आनंदा



## बच्चों ने कविता और खेलों में दिखाई प्रतिभा

एकेडमी/ईको टाउन हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम में राजकीय जूनियर हाईस्कूल मुखानी, हरगोविंद सुयाल इंटर कॉलेज और राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवलचौड़ के बच्चों ने भाग लिया। कार्यशाला के मुख्य संयोजक और बालप्रहरी के संपादक उदय किरौला ने बताया कि प्रत्येक बच्चे की लगभग 15 पृष्ठ की हस्तलिखित पुस्तक तैयार की जाएगी। इन हस्तलिखित पुस्तकों की प्रदर्शनी 14 और 15 मार्च को पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच, हीरानगर में आयोजित किताब कौतिक में भी लगेगी। कार्यक्रम में अध्यक्ष मंडल में चेतना, मोहित शर्मा, हदयेश त्रिपाठी, दीपक मौर्य, दयाल पांडेय, मंजू पांडे आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# खेड़ा ईदगाह में दी जाए नमाज पढ़ने की इजाजत: रिजवी

■ खेड़ा ईदगाह भूमि को लेकर मुस्लिम समाज डीएम से मिला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहर की खेड़ा कॉलोनी स्थित ईदगाह की समस्या को लेकर शहर के मुस्लिम समाज के लोगों ने आज जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग की है।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि खेड़ा कॉलोनी स्थित ईदगाह में पिछले करीब 60 वर्षों से ईद-उल-फितर और ईद-उल-अजहा के अवसर पर शहर भर के हजारों मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्र होकर सामूहिक नमाज अदा करते आ रहे हैं। बीते 7 दिसंबर 2025 को नगर निगम द्वारा प्रशास. निक कार्रवाई के तहत ईदगाह की भूमि को अतिक्रमण बताते हुए अधिकांश भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया और वहां दीवार बना दी गई। इसके बाद से मुस्लिम समाज में रोष की स्थिति बनी हुई है। मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि ईद की नमाज में करीब 15 से 20 हजार लोग शामिल होते हैं, जबकि अब शेष बची भूमि पर इतनी बड़ी संख्या में नमाज अदा करना संभव नहीं है। ऐसे में आने वाली ईद को लेकर शहर के मुस्लिम समाज में चिंता बनी हुई है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस समस्या का स्थायी समाधान निक. ला जाए, ताकि आगामी ईद की नमाज पूर्व की भांति शांतिपूर्ण और पारंपरिक तरीके से ईदगाह में अदा की जा सके। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि रुद्रपुर शहर में यही एकमात्र ईदगाह है, जहां वर्षों से भाईचारे और आपसी सौहार्द के साथ ईद की नमाज अदा की जाती रही है। इस दौरान जाहिद रजा रिजवी, इमाम मौलाना मुफ्ती दानिश मिस्बाही, मौलाना हनीफ रिजवी, मौलाना मुफ्ती सईद उर्रहमान, मौलाना आस मोहम्मद, मौलाना फर्मूद, मौलाना समीर नूरी, मौलाना जाफर, मौलाना सददाम, मौलाना जियाउल बशर, मौलाना नौशाद आलम, मौलाना कारी इकबाल, मौलाना कारी नासिर, मौलाना हाफिज तसव्वुर, मौलाना हाफिज फुरकान सहित शहर की समस्त मस्जिदों के सदर और मुस्लिम समाज के अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार महिला घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि बाइक चला रहा महिला का पति व दो बच्चें बाल-बाल बच गए। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को नीजि वाहन से उप जिला चिकित्साल पहुंचाया। मौके पहुंची पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा करा दिया।

सोमवार को राजीव नगर निवासी शाहिद अपनी पत्नी सोनी(30) व दो बच्चों के साथ सितारगंज से खटीमा आ रहा था। इसी दौरान सितारगंज रोड़ रिलांयस पेट्रोल पम्प के पास बाइक डंपर की चपेट में आ गई। हादसे में सोनी का हाथ बुरी तरह कुचल गया तथा महिला का पति व बच्चें बाल-बाल बच गये। घटना के बाद डंपर चालक वाहन को छोड़कर भाग गया। वाहन के बीच सड़क पर होने से जाम की स्थिति बन गई। सड़क के दोनों ओर वाहन की लंबी कतार लग गई। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने डंपर को मुख्य मार्ग से हटाकर यातायात को सुचारू कराया। स्थानीय लोगों ने महिला को उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

डा. मनि पुनियानी ने घायल महिला का प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। डॉ. पुनियानी ने बताया कि महिला के दाहिने हाथ, कन्धे व चेहरे पर गंभीर चोट है। इधर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर डंपर व बाइक को कब्जे में ले लिया।

## एक नजर

### यूपीएससी में सभी सफल बच्चों को जिलानी ने दी मुबारकबाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** समाजसेवी मोहम्मद अफरोज जिलानी ने यूपीएससी 2025 में अपनी कड़ी मेहनत और लगन से सफलता हासिल करने वाले सभी कौम के होनहार बच्चों को मुबारकबाद दी है।एमए जिलानी ने कहा कि प्रतिष्ठित यूपीएससी में कामयाबी हासिल करने वाले सभी प्रतिभाशाली बच्चों ने अपने क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन किया है तथा कामयाबी हासिल की जिन्होंने अपनी मेहनत से अपने परिवार और समाज का नाम रोशन किया है तथा सभी सफल सफल प्रतिभाशाली बच्चे विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं देंगे।

उन्होंने कहा कि इनमें से कोई बच्चा जिला अधिकारी तो कोई पुलिस अधीक्षक तथा कोई अन्य उच्च पदों पर विराजमान होगा जो सिलसिला लगातार जारी रहेगा। जिलानी ने कहा कि 2024 के मुकाबले जहां लगभग 30 मुस्लिम उम्मीदवार सफल हुए थे, इस साल यह संख्या बढ़कर 53 हो गई है। यह मुस्लिम समाज में शिक्षा के प्रति बढ़ते हुए रुझान का एक बड़ा सबूत है। इफरा अंसारी और नबिया परवेज जैसी बेटियों ने टॉप रैंक्स हासिल कर यह साबित कर दिया है कि अगर सही अवसर मिले तो वे किसी से कम नहीं हैं।

### याचिकाकर्ता 14 मार्च तक जमा करा सकते हैं अपने साक्ष्य/अभिलेख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा जनपद ऊधमसिंहनगर की तहसील काशीपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित एस्कॉर्ट फार्म भूमि से संबंधित से विभिन्न रिट याचिकाओं में सुनवाई करते हुए पृथक-पृथक आदेश पारित किए गए है।

रिट याचिकाओं का तदनुसार निपटारा किया जाता है और याचिकाकर्ताओं को भूमि आवंटन के लिए लागू प्रावधान में संशोधन हेतु जिला मजिस्ट्रेट, उधम सिंह नगर को अलग से आवेदन करने की स्वतंत्रता दी जाती है। यदि आज से दो सप्ताह के भीतर ऐसा आवेदन किया जाता है, तो जिला मजिस्ट्रेट मामले की जांच करेंगे और उसके बाद आठ सप्ताह के भीतर उचित आदेश पारित करेंगे। मामले में निर्णय लेते समय अन्य हितधारकों (यदि कोई हों) को भी सुना जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा पारित उपरोक्त आदेश के अनुपालन अनुरुप याचिककर्ताओं की उपस्थिति में याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदनों पर सात मार्च 2026 को जिला सभागार में सुनवाई करते हुए अपने-अपने समर्थन में साक्ष्य/अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु 14 मार्च 2026 तक अन्तिम अवसर दिया गया। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता अपने समर्थन में साक्ष्य/अभिलेख 14 मार्च 2026 तक कलक्ट्रेट उधमसिंह नगर के कक्ष संख्या-31 एजेए पटल पर जमा करा सकते हैं।

### गदरपुर में दस बड़े बकायेदारों पर प्रशासन सख्त, साइटेशन और वारंट जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** तहसील गदरपुर प्रशासन ने बकाया राजस्व की वसूली को लेकर सख्ती शुरू कर दी है। तहसीलदार गदरपुर द्वारा क्षेत्र के दस बड़े बकायेदारों के खिलाफ साइटेशन और वारंट जारी किए गए हैं। इन बकायेदारों से लाखों रुपये की वसूली की जानी है और राजस्व विभाग द्वारा वसूली की कार्रवाई तेज कर दी गई है।

प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन बकायेदारों पर विभिन्न बैंकों और विभागों का बकाया लंबित है। कई बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद बकाया राशि जमा नहीं कराई गई, जिसके बाद तहसील प्रशासन को सख्त कदम उठाने पड़े। वर्तमान में इन सभी मामलों में साइटेशन जारी कर दिए गए हैं और वारंट जारी कर वसूली की कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है। बताया गया है कि सूची में शामिल बकायेदारों पर 16 हजार रुपये से लेकर 58 हजार रुपये से अधिक तक की धनराशि बकाया है। राजस्व विभाग की टीम लगातार इन मामलों की निगरानी कर रही है और संबंधित व्यक्तियों से बकाया राशि जमा कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। तहसीलदार ने बताया कि शासन के निर्देशों के तहत राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। सभी बकायेदारों को जल्द से जल्द बकाया राशि जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि समय पर भुगतान नहीं किया गया तो आगे भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और वसूली की प्रक्रिया जारी।

### इंडियन क्रिकेट टीम की जीत पर मनाया जश्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** टी ट्वेंटी वर्ड कप मैच में इंडियन क्रिकेट टीम की जीत पर खेल प्रेमियों ने मिष्ठान वितरण किया एवं भारतीय तिरंगे के साथ जीत का जश्न मनाया। तीन बार भारतीय क्रिकेट टीम ने टी ट्वेंटी विश्व कप जीतकर विश्व में भारत का नाम रोशन किया। जिसको लेकर जमकर खुशी का इजहार किया गया।

भाजपा के पूर्व नगर मंडल महामंत्री मनोज बाधवा व उत्तरांचल पंजाबी महासभा के प्रदेश सचिव के नेतृत्व में राजीव नगर चौराहे पर इकट्ठा होकर खेल प्रेमियों ने भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद तथा भारतीय क्रिकेट टीम जिंदाबाद के नारे लगाकर हर्ष प्रकट किया। इस अवसर पर सभासद प्रति. निधि विजय कुमार, बाबूराम दिवाकर, रजत मौर्य, सुनील रस्तोगी, धर्मवीर सिंह राणा, पदम सक्सेना, पूरन सिंह, भंडारी बबलू आदि मौजूद रहे।

# बच्चा चोरी कर ले जाती महिला को भीड़ ने दबोचा

■ ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में बच्चा चोर महिला गैंग सक्रिय, पुलिस छानबीन में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैम्प कोतवाली क्षेत्र में जिस प्रकार से बच्चा चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं उसे देखते हुए क्षेत्र में बच्चा चोर महिला गैंग के सक्रिय होने की चर्चायें तेजी से चल रही हैं।

सोमवार प्रातः ट्रांजिट कैम्प की कृष्णा कालोनी से मासूम बच्चे को चुरा कर ले जा रही एक महिला को लोगों ने अपनी सूझबूझ से पकड़ कर उसके पास से बच्चा सकुशल बरामद कर लिया। लोगों ने मौके पर ही महिला की बेरहमी से पिटाई लगा दी। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची जिसके बाद लोगों ने पकड़ी गई महिला को पुलिस के सुपुर्द कर दिया और कोतवाली तक लोगों का हुजूम पुलिस के साथ पहुंचा। जहां पुलिस ने मामले की विस्तार से जानकारी ली।

मौहल्ला कृष्णा कालोनी निवासी रजत ने बताया कि उसकी तीन वर्षीय मासूम पुत्री घर के बाहर खेल रही थी के तभी एक अज्ञात महिला उसकी पुत्री को अपने साथ ले जाने लगी। आसपास के लोगों ने जब उसे ऐसा करते देखा तो शोर मचाया। महिला पुत्री को लेकर शास्त्री नगर की ओर तेजी से ले जा रही थी। लोगों की भीड़ के साथ उसने महिला की पीछा किया और कुछ ही दूरी पर महिला को दबोच कर उसके पास से पुत्री को सकुशल वापस ले लिया।

उसने बताया कि बच्चा चोरी कर ले जाने पर लोगों ने उस महिला को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच मामले की सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी भी आ गए जिसके बाद लोगों ने पकड़ी गई महिला को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने पकड़ी गई महिला से भी कड़ी पूछताछ कर रही है।

गौरतलब हो कि रविवार को भी ट्रांजिट कैम्प के ठाकुरनगर मौहल्ले में बच्चा चोरी करने के शक में लोगों ने एक महिला को पकड़ कर उसकी पिटाई कर दी थी। जिसे पुलिस ने मानसिक रूप से कमजोर बताकर छोड़ दिया था।

वहीं आज सोमवार को ट्रांजिट कैम्प के ही मौहल्ला रविन्द्रनगर से भी एक बच्चा संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया है, जिसकी जानकारी परिजनों ने पुलिस को देकर बच्चा चोरी होने का संदेह व्यक्त किया है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र में एक के बाद इस प्रकार की घटनायें घटित होने से लोगों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर दहशत का माहौल बना हुआ है।

# थ्री पैरा बटालियन के पूर्व सैनिकों ने हर्षोल्लास पूर्वक मनाया स्थापना दिवस

■ शहीदों के बलिदान, त्याग, शौर्य और योगदान को किया गया याद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** अमाऊं स्थित एक निजी होटल के सभागार में रविवार को तीन बटालियन पैराशूट रेजीमेंट स्पेशल फोर्स के पूर्व सैनिकों ने संगठन के अध्यक्ष सूबेदार मेजर व ऑनरेरी कैप्टन हिम्मत नाथ की अध्यक्षता में पलटन का 214 वां स्थापना दिवस पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृशक्ति द्वारा दीप प्रज्वलन के उपरांत किया गया।

स्थापना दिवस में खटीमा, बनबसा, टनकपुर तथा नानकमत्ता आदि क्षेत्रों से आए तमाम पूर्व सैनिकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया तथा कार्यक्रम को भव्य और रोचक बनाया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सैनिकों द्वारा वार मेमोरियल शहीद सैनिकों को पुष्प चक्र अर्पित किया गया तथा उपस्थित सभी मातृशक्ति द्वारा भी शहीद सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। स्थापना दिवस के पावन अवसर पर जाबांज सैनिकों तथा अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों के अदम्य साहस, अनुपम शौर्य, सर्वोच्च बलिदान और त्याग को याद करते हुए उनको नमन किया गया। वहीं तीन बटालियन पैराशूट रेजीमेंट स्पेशल फोर्स संगठन के अध्यक्ष सूबेदार मेजर ऑनरेरी कैप्टन हिम्मत नाथ ने तीन बटालियन पैराशूट रेजीमेंट के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए जवानों को शौर्य दिवस की महान वीरगाथा से अवगत कराया। इस अवसर पर कैप्टन हो. शियार सिंह सहित अनेकों पूर्व सैनिकों ने पलटन के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए उनके त्याग और बलिदान को याद किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व सैनिक पुष्कर कापड़ी ने किया। इस अवसर पर सूबेदार चंद्र सिंह, प्रताप सिंह धामी, नायब सूबेदार दीपक चंद्र, पुष्कर दत्त, प्रेम चंद तथा सुरेंद्र सिंह नेगी सहित अनेकों पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## फर्जी अपहरण की सूचना देने पर 10 हजार का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** डायल 112 पर फर्जी सूचनाएं पुलिस के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही हैं। रविवार देर रात एक युवक ने नाबा. लिग के अपहरण की सूचना दी, जिस पर ट्रांजिट कैंप पुलिस मौके पर पहुंची और कार को रोक लिया। जांच में पता चला कि कार में सवार सभी युवक आपस में दोस्त हैं और मजाक कर रहे थे, जिसे लोगों ने अपहरण समझ लिया।

पुलिस ने सभी नाबालिगों की काउंसिलिंग कर उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं झूठी सूचना देने वाले युवक के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत 10 हजार रुपये का चालान कर कार को सीज कर दिया गया।

# केआईटीएम इलेवन ने शारदा क्रिकेट क्लब को हरा ट्रॉफी पर कब्जा जमाया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उपजिलाधिकारी तुषार सैनी की युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता एवं दूरदर्शिता के सार्थक प्रयास के लिए केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के सहयोग से दो दिवसीय इंटर डिपार्टमेंटलटल क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में केआईटीएम इलेवन ने शारदा क्रिकेट क्लब को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को सीएम की माता ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से नो टू ड्रग्स चूस लाइफ अभियान के तहत उपजिलाधिकारी तुषार सैनी और केआईटीएम कॉलेज की ओर से दो दिवसीय इंटर डिपार्टमेंटलटल क्रिकेट टूर्नामेंट गांधी मैदान लोहियाहेड में आयोजित किया गया। टूर्नामेंट में शारदा क्रिकेट क्लब, जल संस्थान इलेवन, रेवेन्यू वॉरियर्स इलेवन, मीडिया इलेवन, पुलिस इलेवन, अधिवक्ता एसोसियेशन खटीमा, पीडब्ल्यूडी इलेवन और केआईटीएम इलेवन की टीमों ने प्रतिभाग किया।

दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी अजय गणपति, एसडीएम तुषार सैनी, तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण, जिपंअ अजय मौर्य व पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रथम दिन खेले के लीग मैचों में शारदा क्रिकेट क्लब, पुलिस इलेवन, रेवेन्यू इलेवन व अधिवक्ता इलेवन की टीम ने अपने-अपने मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहला सेमीफाइनल मैच पुलिस इलेवन और शारदा क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें शारदा क्रिकेट क्लब ने पुलिस इलेवन को 8 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में केआईटीएम इलेवन ने रेवेन्यू वॉरियर्स इलेवन को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला शारदा क्रिकेट क्लब व केआईटीएम इलेवन के बीच खेला गया। केआईटीएम की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शारदा क्रिकेट क्लब को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज शारदा क्रिकेट क्लब के जगदीश चंद्र तथा मैन ऑफ द मैच केआईटीएम इलेवन के केशव भट्ट को दिया गया। विजेता व उप विजेता टीम को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की माता बिशना देवी ने ट्रॉफी, मेडल व नगद धनराशि देकर सम्मानित किया। केआईटीएम कॉलेज के प्रबंधक कमल सिंह बिष्ट ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए खिलाड़ियों एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उपजिलाधिकारी तुषार सैनी ने कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं को सकारात्मक संदेश देते हैं, स्वास्थ को फिट रखते हैं और उन्हें नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान केआईटीएम चेयरपर्सन ज्योति बिष्ट, कॉलेज स्पोर्ट्स हेड हिमांशु भट्ट, सूरज धामी, साक्षी चंद, मनीष पंत, विनोद भारती, दिवान सिंह गैड़ा, मनोज शाही, रंदीप पोखरिया, सतीश भट्ट डॉ. नवीन भट्ट, डॉ. विवेक सक्सेना, राखी गुप्ता, किरन शर्मा, रविंद्र, मनीष, हेम चंद्र जोशी आदि थे।

# वैज्ञानिकों ने गन्ना किसानों को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** गन्ना किसान संस्थान काशीपुर द्वारा जोन नादेही के ग्राम राजपुर में कृषकों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को गन्ना उत्पादन से संबंधित नवीनतम जानकारी एवं तकनीकी सुझाव प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में गन्ना अनुसंधान केंद्र काशीपुर के वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद कुमार ने गन्ना की विभिन्न प्रजातियों तथा उनके लिए उपयुक्त परिस्थितियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त गन्ना वैज्ञानिक डॉ. सिद्धार्थ कश्यप ने गन्ने में लगने वाले विभिन्न रोगों एवं कीटों के बारे में विस्तारपूर्वक जानक. ारी देते हुए उनके नियंत्रण के उपाय भी बताए। गन्ना विकास परिषद नादेही के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक उदल सिंह ने गन्ना विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसानों को दी।वहीं चीनी मिल नादेही के प्रभारी मुख्य गन्ना अधिकारी पंकज कुमार ने किसानों को चीनी मिल द्वारा किए जाने वाले गन्ना भुगतान संबंधी विषयों से अवगत कराया।

इस अवसर पर गन्ना विकास निरीक्षक कुमारी प्रियंका आर्य, गन्ना पर्यवेक्षक विनोद कुमार, विनेश कुमार, मुराद अली, प्रवेंद्र ठाकुर, शरीफ खान, विपुल चौहान,अशोक कुमार, गोपाल दत्त, प्रियंका बधानी, मनाली चौधरी सहित समस्त गन्ना पर्यवेक्षक एवं क्षेत्र के किसान मुस्लिम अली, अरशद, नन्हें, हुसैन, शाकिर आदि मौजूद रहे।

# ओवरटेक करते दो कारें की आमने-सामने भिड़ंत

■ एक गंभीर घायल, एयर बैग खुलने से बचा दूसरा ड्राइवर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर-हल्द्वानी मार्ग पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बेलगढ़ के पास करीब सुबह 11 बजे दो कारों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें एक कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तुरंत एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया,जहां उसका उपचार गतिमान है।

जानकारी के अनुसार वेगनआर कार संख्या यूके 04 एक्स 5944 और स्विफ्ट डिजायर कार संख्या युके 14टीए 8715 के बीच यह हादसा हुआ, बताया जा रहा है कि वेगनआर कार रामनगर की ओर से आ रही थी, जबकि टैक्सी परमिट वाली स्विफ्ट डिजायर हल्द्वानी से रामनगर की ओर जा रही थी। स्विफ्ट डिजायर के चालक विजय बिष्ट ने बताया कि वह हल्द्वानी से रामनगर की ओर अपने वाहन से आ रहा था।

इसी दौरान रामनगर के बेलगढ़ के पास सामने से आ रही वेगनआर कार ने तेज रफ्तार में एक बस को ओवरटेक करने की कोशिश की। ओवरटेक करते समय वेगनआर अनियंत्रित हो गई और सीधे उनकी कार से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के आगे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

विजय बिष्ट ने बताया कि टक्कर के दौरान उनकी कार के एयरबैग खुल गए, जिससे उन्हें गंभीर चोट लगने से बचाव हो गया। उन्होंने कहा कि अगर एयरबैग नहीं खुलते तो हादसा और भी गंभीर हो सकता था। हादसे में वेगनआर कार का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है।

बताया जा रहा है कि स्विफ्ट डिजायर टैक्सी ऋषिकेश की है, जबकि वेगनआर कार रामनगर और आसपास के क्षेत्र की बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## रमजान में गंदगी पर भड़के लोग डीएम को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सुल्तानपुर पट्टी में रमजान के पवित्र महीने में नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई व्यवस्था ठप होने से नाराज समाजसेवी साजिद हुसैन ने सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर तत्काल सफाई व्यवस्था बहाल कराने की मांग की है।



भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पंचायत सुल्तानपुर पट्टी के कई स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जिससे क्षेत्र में गंदगी फैल रही है। सात मार्च 2026 से सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के कारण नगर में सफाई कार्य पूरी तरह बंद पड़ा है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साजिद हुसैन ने बताया कि इस समय रमजान का पवित्र महीना चल रहा है और 21 मार्च को ईद का त्योहार भी नजदीक है। ऐसे में नगर में विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन जगह-जगह कूड़े के ढेर लगने से बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए नगर पंचायत को आवश्यक निर्देश दिए जाएं, ताकि सुल्तानपुर पट्टी में सफाई व्यवस्था जल्द से जल्द सुचारू कराई जा सके और त्योहार के दौरान लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान एडवोकेट दीपक मिश्रा, इकरार हुसैन, कमर शेख, नदीम सैफी, सरफराज शेख, नदीम शेख और कैफ सहित कई लोग मौजूद रहे।

**ईद से पहले नगर में सफाई व्यवस्था बहाल कराने की मांग**

# आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष लेखराज गौतम का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष लेखराज गौतम के रामनगर आगमन पर आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान रामनगर विधानसभा अध्यक्ष शाहरुख शेरिया ने अपनी टीम के साथ प्रदेश अध्यक्ष का फूल-मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष लेखराज गौतम ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन को मजबूत बनाने और आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर काम करना होगा और जनता के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव और बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियों और विचारधारा को पहुंचाने का काम करें, ताकि अधिक से अधिक लोग पार्टी से जुड़ सकें।

कहा कि वर्ष 2027 में होने वाले उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी प्रदेश की राजनीति में अहम भूमिका निभाएगी। इस दौरान मोहम्मद रफी, मोहम्मद फरमान, जफर सैफी, जुबेर खान, ईशान खान, मोइन अंसारी,रियाज अंसारी, शरिक खान, मोनू आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक:-868/नामा. सूचना / 2025-26 दिनांक-09-03-2026

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-03 क्रमांक 103 पर श्रीमती रूमा परवीन पत्नी मौ. शावेज का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 165 रू० वार्षिक है। इकरारनामा बिक्रीनामें के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्री सलीम पुत्र श्री अब्दुल रसीद निवासी वार्ड नं. 07, पंजाबी कालोनी गदरपुर, ऊधम सिंह नगर ने अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समयबद्ध करें निस्तारण: डीएम

■ एग्रीस्टैक योजना की प्रगति बढ़ाने के लिए एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाई की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 1905 सीएम हेल्पलाइन एवं एग्रीस्टैक योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में लाप. रवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा एग्रीस्टैक योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए कि योजना के अंतर्गत किसानों का पंजीकरण एवं डाटा अपडेशन कार्य में तेजी लाते हुए प्रगति प्रतिशत में वृद्धि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए लक्ष्य प्राप्त करें। बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी द्वारा एग्रीस्टैक योजना की वर्तमान प्रगति की जानकारी देते हुए बताया गया कि जनपद में किसानों का पंजीकरण एवं भूमि संबंधी विवरण को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ते हुए कार्य में तेजी लाई जाए।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करें। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनता मिलन में उमड़ी फरियादियों की भीड़

■ 83 शिकायतें दर्ज, डीएम ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासनिक पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में जनता मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद के दूरदराज क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।

इस दौरान कुल 83 शिकायतें दर्ज की गईं, जिन पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि जो मामले मौके पर निस्तारित किए जा सकते हैं, उनका तत्काल समाधान किया जाए तथा शेष प्रकरणों में निर्धारित समय सीमा के भीतर आख्या प्रस्तुत की जाए। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतकर्ताओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।

खेतीखान निवासी प्रदीप जोशी द्वारा जमीनी विवाद की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी पाटी को मामले की जांच कर दोनों पक्षों की सहमति से आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम मैरोली के सुरेश चंद्र और नारायण दत्त की ओर से गांव में सौर स्ट्रीट लाइट और मार्ग निर्माण की मांग पर उरेडा और खंड विकास अधिकारी चम्पावत को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। ग्राम बिरगुल के नारायण दत्त जोशी द्वारा कान की मशीन की मांग करने पर जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग से उनकी तत्काल जांच करवाई तथा समाज कल्याण विभाग के माध्यम से उन्हें कान की मशीन उपलब्ध कराई गई। ग्राम चौड़ा राजपुरा की मोती देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की, जिस पर बीडीओ चम्पावत को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। वार्ड त्यारकुड़ा की बसंती तिवारी द्वारा घर की छत से गुजर रही उच्च वोल्टेज विद्युत लाइन हटाने की मांग पर यूपीसीएल को सर्वे कर लाइन को अन्यत्र स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए।

जनता मिलन कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, उपजिलाधिकारी सदर अनुराग आर्या, जिला विकास अधिकारी दिनेश सिंह दिगारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी मान सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी धनपत कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी और फरियादी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** प्रगति प्रेरणा महिला समिति द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन भाजपा मंडल मंत्री स्तुति गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहीं महिलाओं को सम्मानित किया गया तथा महिला सशक्तिकरण पर विचार साझा किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च न्यायालय महा अधिवक्ता एवं सांसद अजय भट्ट की धर्मपत्नी पुष्पा भट्ट, उप जिलाधिकारी डॉ. अमृता शर्मा, स्वयंसेविका आभा तिलारा और डॉ. पूनम पांडे मौजूद रहीं। अतिथियों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और समाज में अपनी भूमिका को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति जिला संयोजिका लता गोयल, समाजसेविका तान्या भटनागर, रेखा कालरा, डॉ. कल्पना, खुशी, डॉ. पवनजीत कौर, कमला शर्मा, रिया तलवार, अनीता राठी, अनामिका तलवार, प्रियंका शर्मा, सपना थिंड, सुची सिंघल, आकांक्षा, हेमा सरना, सपना शर्मा, एकता शर्मा, रूपिंदर, पूजा गुप्ता, गीता, हिना, निधि, आंशिक, तारा शर्मा, आभा तिलारा, तान्या भटनागर और स्तुति गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

### पूर्व सैनिकों का सम्मेलन संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** पूर्व सैनिकों के कल्याण और उनके सम्मान के लिए सैनिक छावनी बनबसा में आयोजित तीन दिवसीय पूर्व सैनिकों का सम्मेलन का समापन हो गया। करनल आकाश अशोक तापड़िया की अध्यक्षता और मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर गौतम पठानिया, विशिष्ट अतिथि करनल आलोक पांडे और संचालक करनाल निमिष सेमवाल के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व समस्त सैनिकों की समस्याओं कुछ सुना और उन पर विचार किया गया और उनका निस्तारण किया गया।

गौरव सेनानी कल्याण समिति बनबसा टनकपुर के अध्यक्ष कैप्टन बनी चंद ने बताया कि तीन दिवसीय इस शिविर में भारत और नेपाल के भारतीय सेवा में कार्य कर चुके 1965 पूर्व सैनिकों ने प्रतिभाग किया। शिविर में पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न विभागों द्वारा अपने स्टाल भी लगाए गए थे। शिविर में सेवानिवृत हो चुके पूर्व सैनिकों के रोजगार के लिए भी पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर गौतम पठानिया द्वारा वीर नारियों गैलंट्री अवॉर्ड विजेताओं और सुना के नॉन पेंशन पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया।

### औषधियों के अवैध बिक्री और दुरुपयोग की रोकथाम को चलाया निरीक्षण अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग द्वारा रामनगर क्षेत्र के चोरपानी एवं खताड़ी में औषधियों के अवैध बिक्री और दुरुपयोग की रोकथाम के लिए औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत औषधि निरीक्षक अर्चना द्वारा 04 औषधि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों में उपलब्ध दवाओं के स्टॉक का सत्यापन किया गया, साथ ही खरीद-बिक्री से संबंधित अभिलेखों की भी गहन जांच की गई। उन्होंने बताया कि औषधियों का विक्रय केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति और पंजीकृत चिकित्सक के वैध प्रिस्क्रिप्शन पर ही किया जाए।

निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं पर दो मेडिकल स्टोरों का क्रय विक्रय रोका गया और एक दवा प्रतिष्ठान के लाइसेंस को निलंबित करने की संस्तुति मौके पर की गई।निरीक्षण के दौरान परीक्षण एवं विश्लेषण के लिए कुल तीन औषधि नमूने लिए गए, जिन्हें जांच के लिए राजकीय औषधि विभाग रुद्रपुर भेजा गया है।

इसके अतिरिक्त औषधि प्रतिष्ठानों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों एवं उनकी रिकॉर्डिंग व्यवस्था की भी जांच की गई। औषधि निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य औषधियों के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना और दवाओं के विक्रय में नियमों का कड़ाई से पालन कराना है। उन्होंने बताया कि विभाग का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### अब बिना प्रदूषण जांच प्रमाणपत्र के नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चम्पावत।** जनपद में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब बिना वैध प्रदूषण जांच प्रमाणपत्र वाले वाहनों को पेट्रोल अथवा डीजल नहीं दिया जाएगा।

जिला पूर्ति अधिकारी प्रियंका भट्ट ने बताया कि उत्तराखंड पर्यावरण संरक्षण एवं नियंत्रण बोर्ड, देहरादून के निर्देशों के अनुपालन में जनपद के सभी पेट्रोल व डीजल पंप संचालकों को निर्देशित किया गया है कि जिन वाहनों के पास वैध प्रदूषण जांच प्रमाणपत्र नहीं है, उन्हें किसी भी स्थिति में ईंधन उपलब्ध न कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था पर्यावरण संरक्षण और वायु प्रदूषण की रोकथाम के उद्देश्य से लागू की जा रही है। इससे प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर नियंत्रण लगेगा और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में मदद मिलेगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे अपने वाहनों की समय पर प्रदूषण जांच कराकर प्रमाणपत्र बनवाएं और नियमों का पालन करते हुए ही पेट्रोल-डीजल प्राप्त करें।

### बेमौसमी धान की नर्सरी नष्ट, किसानों ने किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** सोमवार को तहसील प्रशासन ने शक्तिफार्म के निर्मलनगर में बिना अनुमति लगाई गई धान की नर्सरी को नष्ट कर दिया। इससे पहले चीकाघाट, तुर्कातिसौर और कल्याणपुर में भी बेमौसमी धान की नर्सरी नष्ट की जा चुकी है। इस कार्रवाई के दौरान किसानों और महिलाओं ने प्रशासन का जमकर विरोध किया। सोमवार को तहसीलदार हिमांशु जोशी के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ट्रैक्टर लेकर निर्मलनगर गांव पहुंची और बेमौसमी धान के लिए तैयार की गई नर्सरी को नष्ट करने की कार्रवाई शुरू की। इसकी जानकारी मिलते ही खेत मालिक और आसपास के किसान मौके पर पहुंच गए। महिलाओं ने ट्रैक्टर के सामने खड़े होकर कार्रवाई का विरोध किया और नर्सरी नष्ट होने से परिवार पर आर्थिक संकट आने की बात कही। हालांकि टीम ने सरकारी कार्य में बाधा न डालने की चेतावनी देते हुए नर्सरी को नष्ट कर दिया। वहीं, पूर्व विधायक नारायण पाल ने सितारगंज तहसील कार्यालय में धरना देकर शक्तिफार्म क्षेत्र में किसानों को बेमौसमी धान लगाने की अनुमति देने की मांग की। शक्तिफार्म की जमीन नीची होने के कारण यहां गेहूं का उत्पादन नहीं होता है। ऐसे में किसानों को धान की खेती की अनुमति दी जानी चाहिए।

# समाजसेवी अब्दुल हकीम खान के निधन पर विभिन्न संगठनों ने व्यक्त किया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** रामनगर के मोहल्ला गुलरघट्टी निवासी समाजसेवी अब्दुल हकीम खान के आकस्मिक निधन पर विभिन्न संगठनों के लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुऐ दिवंगत की मगफिरत के लिये दुआ की है। इस दौरान शोक व्यक्त करने वालों में विधायक दीवान सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत, पालिकाध्यक्ष हाजी अकरम, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, भाजपा नेता इंदर रावत, रेखा रावत, राकेश नैनवाल, हज्जन नरगिस, हाजी शकील अंसारी, भगीरथ लाल चौधरी, पुष्कर दुर्गापाल, भुवन पाण्डे, शिशुपाल सिंह रावत, गणेश रावत, एडवोकेट फैजुल हक, भुवन शर्मा, देशबंधु रावत, भूपेंद्र सिंह खाती, सुमित लोहनी, किशन सिंह, मनोज पांडे, अमिता लोहनी, भुवन डंगवाल, मोहम्मद मुजाहिद, अभिमन्यु डंगवाल, हज्जन नरगिस, हाजी शकील अहमद अंसारी, अनवर मलिक, प्रभात ध्यानी, शमीम अहमद, तनुज दुर्गापाल, सलमान सलमानी, राजा सलमानी, सोनू करीम, मोहम्मद अजमल, नदीम अंसारी, अजीज खान, सैयद अली नकवी, चांद खान, विपिन कांडपाल, नदीम अख्तर, ताईफ खान, आशा बिष्ट, संजय बिष्ट, भावना भट्ट आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनीं जनसमस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

■ धारपांगू व जिप्ती के आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास का मुद्दा उठा

■ जनसुनवाई में सड़क, पेयजल, विद्युत व राजस्व से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठीं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाई की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।

जनसुनवाई में फरियादियों द्वारा सड़क, पेयजल, विद्युत, राजस्व, भूमि विवाद तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित समस्याएं उठाई गईं। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है, इसलिए सभी अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत धारपांगू की प्रधान पुष्पा देवी ने वर्ष 2022 की प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों के विस्थापन एवं भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराए जाने संबंधी पत्र जिलाधिकारी को सौंपा। पत्र में बताया गया कि आपदा के कारण कई मकानों में दरारें आ गई हैं तथा कुछ परिवार वर्तमान में मिलन केंद्र एवं पंचायत भवन में रह रहे हैं। प्रभावित 12 परिवारों को सुरक्षित स्थान पर बसाने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त विकासखंड डीडीहाट के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय हचिला के संबंध में अभिभावकों ने प्रार्थना पत्र देकर विद्यालय में कार्यरत अध्यापक भुवन चन्द्र भट्ट को यथावत रखने का अनुरोध किया, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। साथ ही ग्राम पंचायत जिप्ती के आपदा प्रभावित परिवारों को पुनर्वास लाभ दिलाए जाने हेतु भी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। बताया गया कि क्षेत्र में भूस्खलन का खतरा बना रहता है तथा लगभग 66 परिवार जोखिम भरे स्थानों पर रहने को मजबूर हैं।

इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में एडीएम योगेन्द्र सिंह, एसडीएम सदर जितेन्द्र वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने 11 वारंटियों को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

बाजपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधम सिंह नगर के निर्देश पर वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली बाजपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

पुलिस अधीक्षक काशीपुर और क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बाजपुर नरेश चौहान के नेतृत्व में वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए थाना स्तर पर टीमों का गठन किया गया था। गठित टीम ने सोमवार को अभियान चलाकर विभिन्न मामलों में वांछित 11 वारंटियों को गोपी उर्फ तारा सिंह निवासी संजय कॉलोनी आदर्श कॉलोनी बाजपुर, मोहम्मद आजम निवासी श्यामनगर सुल्तानपुर पट्टी, प्रभात कुमार निवासी वार्ड नंबर 3 टांडा बजरा सुल्तानपुर पट्टी, अभिजीत सिंह निवासी हरिपुरा हरसान, रमेश कुमार निवासी कनौरा, महेश निवासी महेशपुरा, इरफान अली निवासी श्यामनगर मस्जिद सुल्तानपुर पट्टी, बलदेव सिंह उर्फ देवा निवासी गोबरा जोगीपुरा बन्नाखेड़ा, काका सिंह निवासी इत्ववा बन्नाखेड़ा, सरजीत सिंह निवासी केसोवाला मोड़ दामोदर फार्म तथा विमला देवी निवासी केसोवाला को गरफ्तारी कर लिया। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक नरेश चौहान, उपनिरीक्षक प्रहलाद सिंह, देवेंद्र मनराल, संदीप शर्मा, दीपक कौशिक, अशोक कांडपाल, जगदीश तिवारी, धीरेन्द्र परिहार, अपर उपनिरीक्षक सुनील कुमार, भरत भंडारी, हेड कांस्टेबल रणवीर चौहान, कांस्टेबल जरनैल सिंह, बलवंत सिंह, पवन कुमार, कैलाश पांडे, विजयपाल, गिरिश पाटनी, समीर चौहान, विक्रम सिंह तथा महिला कांस्टेबल अदिति गोस्वामी शामिल रहे।

# चम्पावत के प्रथम जिलाधिकारी नवीन चंद्र शर्मा की धर्मपत्नी का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जनपद चम्पावत के प्रथम जिलाधिकारी रहे नवीन चंद्र शर्मा की धर्मपत्नी लवंग लता शर्मा का बीती रात निधन हो गया। बताया जा रहा है कि वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन की खबर से प्रशासनिक, सामा. जिक और राजनीतिक क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई है। सेवानिवृत्ति के बाद नवीन चंद्र शर्मा हल्द्वानी के रामपुर रोड स्थित सरस्वती कुंज में निवास कर रहे थे। लता शर्मा के निधन की सूचना मिलते ही अनेक जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, सांसद अजय भट्ट, विधायक खुशाल सिंह अधिकारी, नगर पालिका चम्पावत की अध्यक्ष प्रेमा पांडे, लोहाघाट नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, पूर्व जिलाधिकारी अमरनाथ वर्मा, उद्यमी नरेंद्र लडवाल, शंकर दत्त पांडे, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सतीश चंद्र पांडे, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी डा. जीएस खाती, पूर्व डीजीसी अमर नाथ वर्मा, शिक्षाविद बंशीधर कलौनी, डा. त्रिभुवन कलौनी सहित पत्रकारों और गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

# बढ़ते अपराधों को लेकर एसएसपी से मिले ठुकराल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने जनपद उधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति से मुलाकात कर रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में बढ़ते अवैध नशे के कारोबार और अवैध तमंचों की बढ़ती घटनाओं को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और इन गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की।

मुलाकात के दौरान ठुकराल ने एसएसपी को अवगत कराया कि रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में अवैध नशे का कारोबार लगातार बढ़ रहा है, जिससे युवाओं और समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नशे के कारण अपराधों में भी वृद्धि हो रही है, इसलिए इस पर प्रभावी अंकुश लगाना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र में अवैध तमंचों की उपलब्धता और उनके दुरुपयोग के मामलों पर भी चिंता जताई। ठुकराल ने कहा कि अवैध हथियारों की वजह से कानून व्यवस्था प्रभावित होती है और आम लोगों में भय का माहौल बनता है, इसलिए पुलिस को ऐसे तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। इस दौरान एसएसपी अजय गणपति ने पूर्व विधायक की बातों को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि पुलिस इन सभी मुद्दों को पूरी संवेदनशीलता और निष्पक्षता के साथ ले रही है। उन्होंने कहा कि अवैध नशे, अवैध हथियारों और बच्चों के उत्पीड़न जैसे अपराधों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

# पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे "पुलिस आपके द्वार विशेष जागरूकता अभियान" के तहत कोतवाली बाजपुर पुलिस ने महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेकर लोगों को विभिन्न अपराधों के प्रति सचेत किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधम सिंह नगर के आदेशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर और क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बाजपुर के निर्देशन में पुलिस टीम ने बाजपुर क्षेत्र स्थित सूचेतना एनजीओ व संेट मैरी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर लोगों को जागरूक किया।





















# हटाई जाएगी बिना अनुमति की प्रचार सामग्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जिले के अधिकारियों से कहा है कि वह नैनीताल जिले में अवैध तरीके से मार्गो पर लगाए गये पोस्टर, होर्डिंग्स समेत यूनिपोल व बैनर लोक संपति विरूपण अधिनियम एवं उत्तराखण्ड नगर निगम नियमावली -2015 विघमान नियमों के तहत अवैध होर्डिंग हटाना सुनिश्चित करें। जिला.धिकारी रयाल ने जिले के पर्यटन स्थलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विभिन्न कंपनियों, राजनैतिक व्यक्तियों, दलों तथा शिक्षण संस्थानों एवं विभिन्न संस्थानों द्वारा प्रचार प्रसार हेतु अवैध रूप से बड़े-बड़े पोस्टर, होर्डिंग्स व यूनिपोल लगाकर शहर की खूबसूरती को प्रभावित किया जा रहा है जिससे कारण अनियमित और अवैध होर्डिंग्स से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। जिलाधिकारी रयाल ने नगर आयुक्त, लोनिवि तथा एनएच व जिला पंचायत राज अधिकारी, सिंचाई तथा एनएचएआई तथा जनपद की सभी नगरपालिकाओं के अधिकारियों को अवैध



होर्डिंग, यूनिपोल और स्टैंडिंग ढांचों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति लगे होर्डिंग राष्ट्रीय राजमार्ग, नगर पंचायतों, नगर पालिकाओं व सार्वजनिक स्थानों से शीघ्र हटाना सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक दिवस की कृत कार्यवाही से अनिवार्य रूप से अवगत करना भी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी संबन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण भी करें और जहां भी बिना अनुमति के विज्ञापन सामग्री लगी हो, वहां तुरंत कार्रवाई कर उसे हटाना सुनिश्चित करें।

# नैनीताल में रात 11 बजे बाद दुकानें बंद करने के विरोध में उठी आवाज़

## व्यापारियों ने प्रशासन से लगाई गुहार, कोतवाली का किया घेराव

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** पर्यटन नगरी नैनीताल में रात्रि 11 बजे के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और खान-पान की दुकानों को जबरन बंद कराए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इसी को लेकर सोमवार को व्यापार मंडल मल्लीताल और नगर के व्यापारियों ने संयुक्त रूप से प्रशासन को प्रार्थना पत्र सौंपकर इस पाबंदी को हटाने की मांग की है, इसी के साथ उन्होंने चेतावनी दी है यदि व्यापारियों का इसी तरह शोषण किया गया तो आने वाले दिनों में शहर की समस्त बाजरों को बंद करा देंगे। मामले को लेकर गुस्साए व्यापारियों ने कोतवाली के समक्ष प्रदर्शन भी



किया। व्यापारियों का कहना था कि नैनीताल का पूरा व्यवसाय पर्यटन पर निर्भर है। वर्तमान में शहर पर्यटकों से गुलजार है लेकिन रात 11 बजते ही बाजार बंद होने से दूर दराज से आने वाले सैलानियों विशेषकर छोटे बच्चों वाले परिवारों को भोजन और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भटकना पड़ रहा है, इससे पर्यटकों के बीच शहर की छवि खराब बन रही है। व्यापार मंडल मल्लीताल के अध्यक्ष किशन सिंह नेगी ने स्पष्ट किया कि व्यापारी पहले ही कई चुनौतियों से जूझ रहे हैं ऐसे में पीक सीजन के दौरान समय की पाबंदी से भारी वित्तीय नुकसान हो रहा है। व्यापारियों ने प्रशासन को आश्वस्त किया है कि दुकानें खुली रहने के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखी जाएगी। नगर की स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखा जाएगा। व्यापारी प्रशासन के साथ हर संभव सहयोग के लिए तैयार है। इस दौरान व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष रईस खान, महिला उपाध्यक्ष भारती कैड़ा समेत आशु शाह, दिलावर हुसैन, रूचिर शाह, सोनू बिष्ट, प्रेम सागर, मोहित गोयल, दिलशाद हुसैन, आनंद बिष्ट, जमाल अहमद आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### चार दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा और पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल के निर्देश पर सोमवार को पालिका की टीम ने नगर के तल्लीताल क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिकन व मीट की दुकानों में गंदगी मिलने पर चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान 4 दुकानदारों पर चालान करके 2 हजार रुपए का राजस्व वसूला गया। निरीक्षण टीम में पालिका के मुख्य सफाई निरीक्षक अमित कुमार समेत प्रभारी कर निरीक्षक हिमांशु चंद्रा के अलावा वेद प्रकाश सैनी तथा कपिल तोमर आदि मौजूद रहे।

### शालीन शिखर ने एक बार फिर किया रक्तदान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** रक्तदान वो नेक काम है जिसे करने से दूसरों को जिन्दगी मिलती



है। शालीन शिखर शुक्ला ने कम उम्र में ही कई बार रक्तदान किया है, जिससे कितने लोगों को नई जिन्दगी मिली होगी। शालीन शिखर हल्द्वानी निवासी समाजसे.विका आशा शुक्ला के बेटे हैं। समाज के प्रति समर्पण का यह भाव शालीन में अपने परिजनों से ही आया। पढ़ाई पूरी कर एक निजी कम्पनी में अच्छी जॉब कर रहे शालीन के समाज के लिए इस समर्पण भाव पर परिवार को गौरव की अनुभूति होती है।

### भीमताल क्षेत्र पंचायत की बैठक कल

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के तहत भीमताल क्षेत्र पंचायत की बैठक 11 मार्च बुधवार को होगी। भीमताल ब्लाक के ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने बताया कि बैठक उनकी अध्यक्षता में आयोजित होगी। डा.बिष्ट ने एजेंडे के मुताबिक नैनीताल जिले के सभी विभागीय अधिकारियों को पूर्ण सूचनाओं के साथ इस महत्वपूर्ण बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने क्षेत्र पंचायत सदस्यों से अपनी क्षेत्रों से संबंधित समस्याओं की पूर्ण तैयारी के साथ बैठक में आने की अपील की है।

### 13 से मोहन को चौराहे से अमरालय तक मार्ग बंद

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद के आवागढ़ वार्ड के सभासद राकेश पवार ने बताया कि नैनीताल शहर के आन्तरिक मार्ग सुधारीकरण की बेला में मल्लीताल के पोस्ट आफिस रोड का निर्माण कार्य होना है। उन्होंने बताया कि 13 मार्च शुक्रवार से मोहन को चौराहे से अमरालय तक का मार्ग चौपहिया और दोपहिया पूर्ण रूप से बंद रहेंगे। कहा कि पैदल चलने वालों (जिनके घर बीच में हैं) को कुछ जगह से जाने दिया जायेगा। कहा कि यह हम सभी शहर वासियों का कार्य है। कहा कि सभी लोगो के सहयोग और कुछ कष्ट के बाद हम सभी की यह रोड बहुत वर्षो के लिए अच्छी बन जायेगी।

### गैरसैण के लिए रवाना हुए यूकेडी कार्यकर्ता

**बागेश्वर।** उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ता सोमवार को गैरसैंण घेराव के लिए रवाना हुए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि राज्य की स्थाई राजधानी गैरसैंण बनाए जाने की उनकी लड़ाई जारी रहेगी। उक्रांद के जिलाध्यक्ष मनोज जोशी के नेतृत्व में दो गाड़ियों में भरकर कार्यकर्ता तड़के गैरसैंण के लिए निकले। इस दौरान उन्होंने जो पहाड़ की बात करेगा, वह पहाड़ में राज करेगा जैसे नारे लगाए और जोश के साथ यात्रा की। जिलाध्यक्ष मनोज जोशी ने कहा कि उनकी पार्टी ने उत्तराखंड के इतिहास को अपने लहू से लिखा है, लेकिन राज्य में दो प्रमुख पार्टियों ने यहां की जनता को लूटा है। अब जनता जागरूक हो चुकी है। वे गैरसैंण में सरकार का घेराव करने के लिए जा रहे हैं।

# दोहरे हत्याकांड में सभी 10 आरोपी बरी

## उत्तराखण्ड हाई कोर्ट ने उधमसिंह नगर के बहुचर्चित हत्याकांड में सुनाया अहम फैसला

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट नैनीताल ने कुमाऊं मंडल के ऊधम.सिंह नगर जिले के बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड के मामले में सभी 10 आरोपियों को बरी कर दिया है। न्यायमूर्ति रवींद्र मैठानी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ ने आरोपियों की अपील पर सुनवाई करते हुए निचली अदालत द्वारा दी गई उम्रकैद की



सजा को रद्द कर दिया। न्यायालय ने पाया कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ अपराध को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा है। बता दें यह मामला अगस्त 2014 का है जब कुंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरनाम सिंह उर्फ हनी और कुलवंत सिंह उर्फ गोले की गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी और उनके शव जंगल में मिले थे। पुलिस ने इस मामले में कश्मीर सिंह, प्रकाश सिंह, चंडी सिंह, जसवंत सिंह सहित अन्य के खिलाफ हत्या और आपराधिक साजिश का मुक.दमा दर्ज किया था। निचली अदालत ने मई 2025 में इन सभी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकीलों ने तर्क दिया कि यह मामला पूरी तरह से परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर आधारित है और इसमें सबूतों की कड़ी अध.ूरी है। उन्होंने दलील दी कि पुलिस के पास कोई भी प्रत्यक्षदर्शी गवाह नहीं था और केवल पिछले विवाद या धमकियों के आधार पर किसी को हत्या का दोषी नहीं ठहराया जा सकता। विशेष रूप से प्रकाश सिंह के वकील ने कहा कि उनका नाम तो एफआईआर में भी नहीं था। न्यायालय ने पाया कि पुलिस द्वारा बरामद की गई रस्सियां जिन्हें हत्या में इस्तेमाल बताया गया था कभी भी फॉरेंसिक जांच के लिए नहीं भेजी गई, ऐसे में यह साबित नहीं हो सका कि उन वस्तुओं का मृतक या अभियुक्तों से कोई जैविक संबंध था। सभी पक्षों की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने प्रकाश सिंह, चंडी सिंह, लाल सिंह, बलविंदर सिंह, जसवंत सिंह (जस्सा), लखवीर सिंह, जसवंत सिंह (नंदी), भगत सिंह तथा प्रकाश सिंह (पासी) और दारा सिंह को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया। अदालत ने आदेश दिया कि यदि वे किसी अन्य मामले में वांछित नहीं हैं तो उन्हें तत्काल जेल से रिहा किया जाए। इस फैसले के साथ ही 11 साल पुराने इस मामले का कानूनी पटाक्षेप हो गया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि न्याय प्रणाली में केवल संदेह के आधार पर किसी को अपराधी नहीं माना जा सकता।

## अख्तर अली, महेन्द्र को ज़मानत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाई कोर्ट ने 22 फरवरी 2017 को हल्द्वानी के डहरिया में हुए दोहरे हत्याकांड के आरोपी अख्तर अली व महेंद्र नाथ गोस्वामी की जमानत प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ती रविंद्र मैथानी व न्यायमूर्ती सिद्धार्थ शाह की खंडपीठ ने दोनों को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। मामले के अनुसार जिला सत्र न्यायधीश नैनीताल ने दोनों को दो हत्या एक साथ करने के मामले में 22 जून 2023 को आजीवन की सजा सुनवाई गयी थी। इस आदेश को दोनों के द्वारा अलग अलग वाद दायर कर उच्च न्यायलय में 2023 में चुनौती दी गयी थी। अब उनके द्वारा दोनों वादों मे अपनी जमानत के लिए आवेदन किया गया। कोई ठोस सबूत न होने के कारण कोर्ट ने दोनों को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। मामले के अनुसार पीड़ित ने 21 फरवरी 2017 को रात्रि दस बजे करीब अपनी पत्नी और माता को फोन किया लेकिन 22 फरवरी 2017 को दोपहर उसे बताया गया कि उसकी पत्नी और माता की हत्या अज्ञात लोगों ने कर दी। पीड़ित की तरफ से जब इसकी शिकायत की तो पुलिस ने कुछ ही समय में इस घटना में शामिल आरोपियों को खोज निकाला। घटना में शामिल जो दो लोग थे उसमे से एक का नाम अख्तर अली और दूसरे का नाम महेंद्र नाथ गोस्वामी था। अख्तर अली उनके घर में भी कार्य कर चुका था। जमानत प्रार्थना पत्रों में हुई सुनवाई के दौरान आरोपियों की तरफ से कहा गया कि उन्हें इस मामले में गलत ऱंसाया गया है। दोनों की हत्याएं खुले में हुई हैं, वहां पर कोई भी आ जा सकता था। वारदात के समय कोई नहीं था। सूचना के आधार पर एक स्कूड्रावर, खून से सनी कमीज और कुछ अन्य सामान खुले में से बरामद की गई उनसें नही। जिसकी पुष्टि फॉरेंसिक जांच से हुई। इससे यह साबित नहीं हो सकता है कि उनके द्वारा अपराध किया गया है। इसलिए दोनों को संदेह का लाभ देते हुए जमानत पर रिहा किया जाए। मामलों की सुनवाई के बाद खण्डपीठ ने दोनों को जमानत पर रिहा करने के आदेश दे दिए।

## अनुशासन और पंजीकरण समिति के विवादास्पद आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल की अनुशासन और पंजीकरण समिति द्वारा पारित एक विवादास्पद आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड और डा. आनंद मोहन ठाकुर की विशेष अपीलों पर सुनवाई करते हुए यह अंतरिम राहत दी। इसके बाद अस्पताल और डॉक्टर को तात्कालिक दंडात्मक कार्यवाही से सुरक्षा मिली है। अपीलकर्ताओं ने तर्क दिया कि अनुशासन समिति केवल सिफारिश करने की अधिकारिता रखती है, और समिति का आदेश कानूनन गलत है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल एकट-2002 के तहत निजी अस्पतालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आगामी सुनवाई तक आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। अगली सुनवाई 17 मार्च 2026 को होगी, जिसमें मेडिकल काउंसिल को अपना पक्ष स्पष्ट करना होगा।

## याचिकाकर्ता का स्थानांतरण नियमावली के तहत हो: हाईकोर्ट

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने डा. मंजू यादव की याचिका खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने अपने स्थानांतरण को दुर्गम क्षेत्र से सुगम क्षेत्र में करने की मांग की थी। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि आगामी स्थानांतरण सत्र के दौरान उनका स्थानांतरण हल्द्वानी, हल्दूचौड़, कपकोट और काशीपुर के महाविद्यालयों में रिक्त पदों पर किया जाए। डा. मंजू यादव, जो जोशीमठ के पीजी कालेज में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं, ने पिछले साल सुगम क्षेत्र में स्थानांतरण के लिए आवेदन किया था, लेकिन पंचायत चुनाव और आदर्श आचार संहिता के कारण स्थानांतरण सत्र शून्य हो गया था। कोर्ट ने बताया कि अगला स्थानांतरण सत्र मई 2026 से शुरू होगा।

## पति पर लगाया मारपीट का आरोप


शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** एक महिला ने अपने पति पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विजय नगर नई बस्ती निवासी कविता ने तहरीर मे बताया कि उसकी शादी जितेन्द्रपाल से 2014 में हुई थी। उसकी एक लड़की है जो कि 11 साल की है। महिला का कहना है कि उसका पति आये दिन शराब पीकर उसके साथ मार पीट करता है। कई बार समझौता हो गया था लेकिन फिर भी मेरा पति शराब पीकर मारता-पीटता हैं। 8 मार्च को लगभग सवा नौ बजे पति ने शराब पीकर फिर से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दे रहा हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# धामी सरकार के बजट पर व्यापारियों की मिलीजुली प्रतिक्रिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** गैरसैंण स्थित उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी की विधानसभा में सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु 1,11,703.21 करोड़ का बजट पेश किया। यह बजट राज्य के समग्र विकास, मजबूत बुनियादी ढांचे और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के लक्ष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। बजट में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा पर्यटन और कृषि जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है। बजट को लेकर सोमवार को नैनीताल के व्यवसायियों की राय जानी गयी। व्यवसायी रुचिर साह ने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 100 करोड़ रूपये दिए हैं जबकि इको टूरिज्म को 18.5 करोड़ दिए हैं जो अच्छी पहल है और धनरा.शि आगे और बढ़ेगी, ऐसी पहल से देवभूमि उत्तराखंड में पर्यटन को



बढ़ावा मिलेगा। व्यवसायी पुनीत टंडन के मुताबिक उत्तराखंड सरकार का बजट चुनाव से पहले पास किया है अपनी योजनाओं को दर्शनाने व अपनी सफलताओं को प्रस्तुत करने के लिए ये आखिर मौका है, उत्तराखंड में स्वास्थ्य को लेकर व्यवस्थाएं चर्मराई हुई है, कई आंदोलनों के बाद सरकार थोड़ा विकास की ओर गई है, उममीद है सरकार इस योजना को जल्द ही धरातल पर उतारेगी। टंडन ने कहा कि पर्यटन के हिसाब से इतना खास नहीं है बजट। बोले कि आज भी पार्किंग की समस्या रही है लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं हुआ है सरकार को पर्यटन को लेकर जल्द कार्य करना चाहिए। होटल व्यवसायी वेद साह ने बताया पर्यटन को लेकर बजट पहले से ज्यादा मिला हुआ है 100 करोड़ नई परियोजनाओं को लेकर मिले हैं वही 18.5 करोड़ की धनराशि इको टूरिज्म को मिली हुई है इसके अलावा मेडिकल टूरिज्म को लेकर फोकस है जितना इंट्रास्ट्रक्चर बढ़ेगा उतना पर्यटन बढ़ेगा वहीं व्यवसायी अमनदीप सिंह आनंद ने बताया उममीद बहुत थी निराशा उससे भी ज्यादा है जो पर्यटन को धनराशि दी गई है, पर्यटन को लेकर अभी तक धरातल पर कुछ नहीं दिखाई दे रहा है। कहा कि आने वाले समय पर इसका नकारात्मक प्रभाव काफी पड़ सकता है।

## नैनीताल में लोनिवि अधीक्षण अभियंता कार्यालय में प्रदर्शन

**नैनीताल।** शासन के आदेश के तहत 2023 से पूर्व सेवानिवृत नियमित वर्कचार्ज कर्मचारियों की पेंशन पर रोक लगाने से कर्मचारियों में रोष है। इसके विरोध में सोमवार को लोनिवि के वर्कचार्ज कर्मचारियों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस दौरान गुस्साएं कर्मचारियों ने ट्रेजरी को तत्काल भुगतान के लिए बिल भेजने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में लोनिवि और सिंचाई विभाग में कार्यरत कई नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी व सेवानिवृत कर्मी शासन की ओर से पूर्व में जारी नई पेंशन नियमावली के चलते पेंशन की परिधि से बाहर हो गए हैं। नई पेंशन स्कीम से हजारों कर्मचारियों के भविष्य की आर्थिक सुरक्षा पर संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारी संघ के प्रदेश मुख्य संयोजक गिरीश चंद्र जोशी ने बताया कि शासन की ओर से 16 जनवरी 2026 को जारी शासनादेश में 1 अक्टूबर 2005 के बाद नियमित हुए वर्कचार्ज कर्मचारियों को केवल 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर ही पेंशन के दायरे में रखा है जबकि कई कर्मचारी 30 से 40 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत हुए हैं। आरोप है कि सरकार को यदि पेंशन व्यवस्था में बदलाव करना ही था तो वर्ष 2018 में ही कैबिनेट की मंजूरी लेकर शासनादेश जारी करना चाहिए था। उन्होंने बताया कि 8 मई 2023 को उत्तराखंड सरकार ने कैबिनेट में कर्मचारियों को पेंशन से वंचित करने से संबंधित अध्यादेश पारित किया था जो कर्मचारियों के साथ अन्याय है। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी रुद्रपुर में व हल्द्वानी में निर्माण खंड व प्रांतीय खंड और सिंचाई विभाग में भुगतान कर दिया गया है। नैनीताल में वर्कचार्ज के बिल भुगतान के लिए ट्रेजरी नहीं भेजे गए तो अधिकारियों को घर नहीं जाने दिया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान गिरीश जोशी समेत दीवान सिंह बिष्ट, धन सिंह लटवाल, बसंत सुनान, मोहन सिंह भंडारी, रामलाल, पूरन सिंह जीना, मोहिनी तथा किशन सिंह आदि रहे। मामले में लोनिवि निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता हीरा सिंह बिष्ट ने बताया कि जिन वर्कचार्ज कर्मचारियों के 20 वर्ष पूर्ण हो गए हैं उनकी पेंशन आज जारी कर दी जाएगी जिनके 20 वर्ष पूर्ण नहीं हुए हैं उनकी पेंशन रोक दी जाएगी।

# बुरांश महोत्सव-2026 का शानदार आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य वृक्ष बुरांश के संरक्षण और हिमालयी जैव विविधता के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से सोमवार को वन अनुसंधान रेंज गाजा (ज्योलीकोट) उत्तराखंड वन विभाग द्वारा बुरांश महोत्सव-2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में कुमाऊं विश्वविद्यालय के वानिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आशीष तिवारी ने वन विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने वन विभाग की इस पहल को अत्यंत सराहनीय बताते हुए कहा कि यह छात्र छात्राओं के लिए हिमालयी जैव विविधता को करीब से समझने और बुरांश संरक्षण के महत्व को जानने का एक बेहतरीन और उचित अवसर है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में वानिकी विभाग के लगभग 50 छात्र/छात्राओं तथा प्राध्यापकों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। बता दें कुविवि के डीएसबी परिसर नैनीताल से प्रारंभ होकर नैनीताल के प्रसिद्ध टिफिन टॉप (डोरथी सीट) तक गई लगभग 5 किलोमीटर लंबी इस नेचर वॉक में वानिकी विभाग की ओर से डा. नंदन मेहरा तथा डा. मैत्री नारायण ने छात्र-छात्राओं का कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन किया वहीं इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में उत्तराखंड वन विभाग की टीम की अहम भूमिका रही। वन विभाग की ओर से वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप जोशी, वन दरोगा गीता गोस्वामी, पूरन आर्य, वन आरक्षी अर्जुन कुमार, वन आरक्षी कमला जोशी तथा वन श्रमिक नीरज जोशी ने इस नेचर ट्रेल का उत्कृष्ट संचालन किया। पूरी नेचर ट्रेल के दौरान वन विभाग की ओर से अनुसंधान सहायक योगेश त्रिपाठी ने छात्र छात्राओं का विशेष रूप से तकनीकी मार्गदर्शन किया। उन्होंने फील्ड पर पादप पहचान का व्यावहा.रिक प्रशिक्षण देते हुए विभिन्न वनस्पतियों के पारिस्थितिक महत्व और उनसे जुड़ी महत्वपूर्ण वैज्ञानिक जानकारियां साझा कीं। छात्रों को मुखय रूप से राज्य वृक्ष बुरांश के संवर्धन और संरक्षण की वैज्ञानिक विधियों से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त छात्रों को बर्ड वाि.चंग कराई गई और पक्षियों का वनस्पतियों के साथ सह संबंध पर भी विस्तृत चर्चा की गई। 5 किलोमीटर के इस पूरे ट्रैकिंग मार्ग में मुख्य रूप से बांज, बुरांश और पदम के वृक्षों की बहुलता रही। इस दौरान इन प्रमुख वृक्षों के साथ साथ मार्ग में मिलने वाली अन्य महत्वपूर्ण वनस्पतियों तथा औषधीय पादप प्रजातियों जैसे किल्मोड़ा समेत विभिन्न प्रकार के फर्न तथा बांस और चीड़ प्रजातियों की भी विस्तार से पहचान कराई गई।कार्यक्रम का समापन टिफिन टाॅप पर एक सार्थक परिचर्चा के साथ हुआए जहां सभी प्रतिभागियों ने बुरांश और हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र को सहेजने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उत्साहवर्धन हेतु सभी छात्र छात्राओं एवं प्रतिभागियों को वन विभाग की ओर से प्रतिभागिता प्रमाण पत्र वित.रित किए गए।




# विजेता को विज्ञान प्रयोगधर्मी महिला सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटाबाग।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तराखंड शासन तथा दिव्य हिमगिरी संस्था द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स के ऑडिटोरियम में आयोजित नारी शक्ति सम्मान एवं विज्ञान प्रयोगधर्मी महिला सम्मान-2026 समारोह में नैनीताल जनपद की डा. विजेता बिष्ट को 'विज्ञान प्रयोगधर्मी महिला सम्मान' से सम्मानित किया गया।

इस समारोह में पूरे उत्तराखंड से नारी शक्ति सम्मान के लिए 20 महिलाओं तथा विज्ञान प्रयोगधर्मी महिला सम्मान के लिए मात्र 7 महिलाओं का चयन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एचएनबी उत्तराखंड



चिकित्सा विश्वविद्यालय की कुल.पति डा. भानु दुग्गल, उत्तराखंड राज्य उपभोक्ता आयोग की अध्यक्षा न्यायाधीश डा. कुमकुम रानी और यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने संयुक्त रूप से उन्हें सम्मानित किया।


डा. विजेता बिष्ट को विज्ञान शिक्षा को प्रकृति और पारंपरिक ज्ञान के समावेश से रोचक एवं स्थायी बनाने के प्रयासों के लिए यह सम्मान दिया गया। वह राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कनकपुर कोटाबाग में विज्ञान शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र विभिन्न विज्ञान गतिविधियों में राज्य स्तर तक प्रतिभाग कर चुके हैं तथा अब तक 12 छात्रों का चयन 'इंस्पायर अवार्ड' के लिए हो चुका है।

# धामी सरकार का 'संतुलित' बजट जनता के लिए कितना 'संतुलित' ?

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** चुनाव से पूर्व प्रस्तुत इस बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ पेयजल पर अधिक आवंटन देखने को मिला है। इससे विशेष रूप से पहाड़ों में पेयजल की समस्या के समाधान की दिशा में सरकार का ध्यान जाता हुआ प्रतीत होता है। नदियों के उद्गम स्थल होने के बावजूद भी यहाँ की जनता पेयजल समस्या से त्रस्त रहती है। इस बजट से कुछ राहत मिलेगी, ऐसी उम्मीद की जा सकती है।

दूसरी ओर, इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में सरकार ने सराहनीय कार्य किया है, खासकर सड़कों के चौड़ीकरण का काम आज स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। बजट में गड्ढा-मुक्त सड़कों की बात भी की गई है। हालांकि इसके साथ-साथ प्राकृतिक संतुलन और



विकास के बीच संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर भी विशेष जोर दिया जाना क्योंकि उत्तराखंड का पर्यटन उद्योग प्राकृतिक संरक्षण और हिमालय की संवेदनशीलता से जुड़ा मुद्दा है। बजट में खेलकूद को लेकर भी कुछ बातें कही गई हैं। पहाड़ भौगोलिक दृष्टि से खेलकूद के लिए उपयुक्त क्षेत्र रहे हैं और पूर्व में यहाँ से एथलेटिक्स, बॉक्सिंग आदि में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाएँ सामने आ चुकी हैं। यद्यपि खेल विभाग के लिए आवंटित धनराशि अधिक नहीं है, ऱि भी यदि इसका सही तरीके से उपयोग किया जाए तो सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। हालाँकि उत्तराखंड राज्य गठन के बाद से ही स्वास्थ्य सेवाएँ लगातार बदहाली से गुजर रही हैं, खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं की स्थिति जगजाहिर है। अक्सर प्रसव पीड़ित महिलाओं और बुजुर्ग मरीजों को दूरस्थ क्षेत्रों में ले जाने की दर्दनाक खबरें सामने आती रहती हैं। आज भी पहाड़ों में स्वास्थ्य सुविधाएँ पर्याप्त नहीं हैं, जबकि इस बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए खर्च का आवंटन अपेक्षाकृत कम दिखाई देता है।

आज भी प्रदेश की बजट प्राप्तियों का एक महत्वपूर्ण भाग केंद्र सरकार के अनुदान और कर्ज पर निर्भर है। फिस्कल डेफिसिट की चुनौतीइस निर्भरता को कैसे कम किया जाएगा ? फिस्कल डेफिसिट की चुनौती, इस पर बजट भाषण में कोई स्पष्ट चर्चा दिखाई नहीं देती। सरकार ने अपना बजट प्रस्तुत कर दिया है, लेकिन अब जनता-जनार्दन का भी यह दायित्व है कि वह इस बात पर नजर रखे कि कि बजट आवंटन कितना सार्थक हुआ। और संतुलन की अवधारणा (समावेशी, आत्मनिर्भर नई सोच, तीव्र विकास, उन्नत गाँव एवं शहर, लोक-सहभागिता, आर्थिक शक्ति एवं न्यायपूर्ण व्यवस्था) कितनी धरातल पर उतरेगी, यह समय ही तय करेगा।

**सरोज आनंद जोशी, सीए**

# विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों की स्थिति पर सवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**सोमेश्वर।** ताकुला क्षेत्र में 2020-21 से 2024-25 तक विधायक निधि से स्वीकृत 466 कार्यों में से 15 अपूर्ण हैं और 24 कार्य शुरू नहीं हो सके हैं। इनमें से एक प्रमुख कार्य, सूपाकोट गांव में कासिण मन्दिर के सौन्दर्यीकरण के लिए स्वीकृत था, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम नहीं दिखा। 2020-21 में इसके लिए ढाई लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 1,49,822 रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन कार्यस्थल पर कोई विशेष सुधार नहीं हुआ है। आरटीआई कार्यकर्ता रमेश चन्द्र पाण्डे ने इस मुद्दे को उठाया और बीडीओ से कार्य की प्रगति की जानकारी ली। पाण्डे ने आरोप लगाया कि मन्दिर की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है और कुछ सामग्री जैसे बजरी और सीमेंट के कट्टे ही दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने सरकार से अपूर्ण योजनाओं को जल्द पूरा कराने की मांग की और पंचायत राज अधिनियम की धारा 66 के तहत त्रैमासिक बैठकें आयोजित करने का अनुरोध किया।



# अगला लक्ष्य ओलंपिक गोल्ड : सूर्या

● **कहा : पिछले महीने का सफर बेहद शानदार रहा हालांकि इसकी शुरुआत वैसी नहीं हुई जैसी चाहते थे**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत को उसका तीसरा टी-20 विश्व कप खिताब जिताने के बाद, सूर्यकुमार यादव ने अब 2028 ओलंपिक गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने का लक्ष्य तय किया है। सूर्यकुमार ने अहमदाबाद में रविवार को फाइनल के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जाहिर है कि पिछले एक महीने का सफर बेहद शानदार रहा है। हालांकि इसकी शुरुआत वैसी नहीं हुई जैसी हम चाहते थे, लेकिन यह भी खेल का ही एक हिस्सा है। शुरुआत से लेकर आज तक का यह सत्र बहुत खास रहा है और एक टीम के रूप में हमने जो कुछ भी हासिल किया है, मुझे लगता है कि वह आपके सामने ही है (ट्रॉफी)। इसलिए, मैं इससे बहुत खुश हूं और अब हमारा अगला लक्ष्य ओलंपिक गोल्ड है, और हमारी टीम इसी के लिए काम करेगी। पेरिस 1900 ओलंपिक के बाद पहली बार इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (आईओसी) द्वारा क्रिकेट को रोस्टर में शामिल किए जाने के बाद, 2028 में 14 से 29 जुलाई के बीच पुरुष और महिला दोनों वर्गों में छह-छह टीमें ओलंपिक मेडल के लिए भिड़ेंगी। मौजूदा आईसीसी टी-20 रैंकिंग के आधार पर, पुरुष और महिला दोनों प्रतियोगिताओं में भारत का एशिया से क्वालीफाई करना तय है। सभी मैच लॉस एंजेलिस से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमोना शहर में एक अस्थाई और विशेष रूप से बनाए गए वेन्यू, फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। भारतीय पुरुष टीम फिलहाल चैंपियंस ट्रॉफी और टी-20 विश्व कप खिताब की मौजूदा चैंपियन है। सूर्यकुमार ने रोहित शर्मा की कप्तानी में बारबाडोस में मिली 2024 टी-20 विश्व कप जीत को एक टर्निंग पॉइंट माना। सूर्यकुमार ने कहा कि 2024 के बाद सब कुछ बदल गया। हमने 2024 में एक अलग तरह का क्रिकेट खेला और वहीं से हम समझ गए कि इस टीम को आगे कैसे काम करना है, कैसे खेलना है।



# गौतम गंभीर, सूर्यकुमार यादव ने जीत का श्रेय निडर क्रिकेट को दिया

● **कीवियों पर 96 रन की शानदार जीत सूर्या, गंभीर की प्रेरणा देने वाली लीडरशिप में एक ऐतिहासिक जीत थी**




**अहमदाबाद, वार्ता।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड पर भारत की 96 रन की शानदार जीत, कप्तान सूर्यकुमार यादव और हेड कोच गौतम गंभीर की प्रेरणा देने वाली लीडरशिप में एक ऐतिहासिक जीत थी। इसमें निडर क्रिकेट का ऐसा स्टाइल दिखाया गया जिसने शुरुआती शक को दूर करके इसे दुनिया भर में जबरदस्त दबदबे में बदल दिया। जीत के बाद, टीम ट्रॉफी के साथ अहमदाबाद के हनुमान टेकरी मंदिर गई, जो टीम और फैंस दोनों के लिए जीत के स्पिरिचुअल और इमा. शनल महत्व को दिखाता है। भारत टी-20 वर्ल्ड कप टाइटल को सफलतापूर्वक बचाने, तीसरी चैंपियनशिप जीतने और नरेंद्र मोदी स्टेडियम में घरेलू मैदान पर ऐसा करने वाला पहला देश बन गया, जहां 86,000 से ज्यादा फैंस ने अग्रेसिव क्रिकेट का मास्टरक्लास देखा। कोच गंभीर, जिन्होंने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से भारत के बदलाव को लीड किया है, ने टीम की फिलॉसफी को शॉर्ट में बताया कि हाई रिस्क, हाई रिवॉर्ड ही इस टी-20 फॉर्मेट में खेलने का एकमात्र तरीका है। अगर आप क्रिकेट का कोई गेम हारने से डरने लगेंगे, तो आप कभी नहीं जीत पाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि टीम ने लगातार बड़े टोटल का टारगेट रखा, और कंजर्वेटिव खेलने के बजाय 250-260 का स्कोर बनाना पसंद किया। गंभीर ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी टीम की बहादुरी पर भी जोर दिया कि अगर आप सेमीफाइनल और फाइनल में 250 से ज्यादा रन बनाते हैं तो यह दिखाता है कि हमने टूर्नामेंट में किस तरह की क्वालिटी, बहादुरी और हिम्मत दिखाई। उन्होंने कप्तान सूर्यकुमार की लीडरशिप की तारीफ की और पर्सनल तारीफ को कम करके आंका। सूर्य के साथ मेरी सिंपल फिलॉसफी यह है कि माइलस्टोन मायने नहीं रखते, ट्रॉफी मायने रखती हैं। इंडियन क्रिकेट में हम बहुत लंबे समय से माइलस्टोन के बारे में बात करते आ रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि जब तक मैं यहां हूं, हम माइलस्टोन के बारे में बात नहीं करेंगे। सूर्यकुमार, जिन्होंने एक एकजुट टीम कल्चर बनाया है, ने खिलाड़ियों का साथ देने और भरोसे पर गंभीर की भावनाओं को दो. हराया कि उनका बस चले, तो वो खुद बैटिंग करने आ जाएं, उन्होंने गंभीर की टीम-फर्स्ट वाली सोच के बारे में कहा, जिससे कोच का मिलकर योगदान देने पर फोकस दिखा। कप्तान ने फाइनल से पहले दबाव में हिम्मत रखने की भी अपील की कि मुश्किल हालात में हिम्मत रखो – टीम के लिए यही आसान मैसेज है, जिससे निडर सोच को और मजबूत किया गया जो भारत के कैंपेन की पहचान बन गई। कई खिलाड़ियों ने मुश्किल समय में लीडरशिप की गाइडेंस का सहारा लिया। युवा ओपनर अभिषेक शर्मा, जिन्होंने फाइनल में 52 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया, ने माना कि सूर्यकुमार और गंभीर से मिले हौसले ने उन्हें मैच पर असर डालने वाले परफॉर्मेंस के रास्ते में खुद पर शक दूर करने में मदद की। स्टार परफॉर्मर संजू सैमसन, जिन्हें उनकी जबरदस्त पारियों के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया, ने अपने पर्सनल सफर के बारे में बताया कि भगवान ने मेरे लिए कुछ अलग प्लान किया था, उन्होंने अपनी वापसी और भारत के रिकॉर्ड टोटल में उनके योगदान को माना, जो टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। फाइनल में भारत का पूरा दबदबा दिखा, जिसमें जबरदस्त बैटिंग और जबरदस्त बॉलिंग के दम पर 255-5 का टोटल बनाया गया, जसप्रीत बुमराह के 4-15 विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड 159 पर रुक गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई नेशनल हस्तियों ने

## संक्षिप्त खेल समाचार

### इंडियन प्रीमियर लीग 28 मार्च से शुरु

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का सत्र अब दो दिन देरी 28 मार्च से शुरू कर 31 मई तक चलेगा। दिसम्बर 2025 में आईपीएल की ओर से सभी फेंच. इजी को बताया था कि 2026 एडिशन 26 मार्च से शुरू होगा। हालांकि, अब शुरू होने की तारीख बदलकर 28 मार्च कर दी गई है और ग्रैंड फिनाले 31 मई को होगा। आईपीएल की गवर्निंग काउंसिल अगले हफ्ते 2026 सीजन के पूरे कार्यक्रम को अंतिम रुप देने के लिए बैठक कर सकती है। खबर है कि यह देरी असम, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से जुड़ी है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के होम ग्राउंड कोलकाता और चेन्नई पर असर पड़ेगा।

### नीता अंबानी ने टीम इंडिया को बधाई दी

**अहमदाबाद, वार्ता।** नीता अंबानी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी और इस जीत को पूरे देश के लिए बहुत गर्व का पल बताया। उन्होंने एक बयान में कहा कि आज रात, एक अरब से ज्यादा दिल गर्व और खुशी से धड़क रहे थे। टी-20 वर्ल्ड कप जीतने और इतिहास में तीन बार खिताब जीतने वाली पहली टीम बनने पर हमारे मैन इन ब्लू को दिल से बधाई। अपने घरेलू मैदान पर, अपने जोशीले फैंस के सामने यह हासिल करना, इस जीत को और भी खास बनाता है। अंबा. नी ने आगे कहा कि निडर जोश, जबरदस्त हिम्मत और पक्के विश्वास के साथ, हमारे खिलाड़ियों ने दुनिया को दिखाया कि भारत की नीली जर्सी पहनने का असली मतलब क्या है। यह जीत हर उस भारतीय की है जिसने स्टैंड से, अपने घरों से और दुनिया के हर कोने से तालियां बजाई। आज रात, तिरंगा और ऊंचा और चमकेगा, और पूरा देश इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाएं।

# गंभीर, द्रविड़ व लक्ष्मण को समर्पित ये जीत

● **इस जीत पर जय शाह , मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को भी धन्यवाद कहा**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने 2026 टी-20 विश्व कप की जीत को उनसे पहले कोच रहे राहुल द्रविड़ और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण को समर्पित किया है। इसके अलावा उन्होंने मुख्य चनयकर्ता अजीत अगरकर और बीसीसीआई के पूर्व सचिव जय शाह को भी धन्यवाद कहा है।

अहमदाबाद में रविवार को न्यूजीलैंड को हराते हुए खिताब जीतने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में गंभीर ने कहा कि मुझे लगता है कि सबसे पहले मुझे ए ट्रॉफी राहुल भाई को समर्पित करनी चाहिए, और फिर वीवीएस लक्ष्मण भाई को भी, क्योंकि राहुल भाई ने अपने कार्यकाल में भारतीय टीम को इस परिस्थिति में रहने लायक बनाया और इसके लिए मुझे उन्हें धन्यवाद कहना चाहिए। लक्ष्मण बंद दरवाजे के पीछे निस्वार्थ भाव से भारतीय क्रिकेट के लिए काफी कुछ कर रहे हैं क्योंकि सीओई भारतीय क्रिकेट की पाइपलाइन है। अजीत को भी धन्यवाद कहना चाहिए क्योंकि उनकी काफी आलोचना होती है, लेकिन वह अपना काम पूरी ईमानदारी से कर रहे हैं। अंत में मैं जय (शाह) भाई को भी धन्यवाद कहूंगा क्योंकि जब मैं अपने कार्यकाल के सबसे बुरे दौर में था तो बहुत सारे लोगों को फोन मेरे पास नहीं आया था, चाहे वह न्यूजीलैंड सीरीज के बाद हो या फिर दक्षिण अफ्रीका सीरीज के बाद जिस एक व्यक्ति का मुझे फोन आया वह जय भाई ही थे। इस काम के लिए मेरे ऊपर भरोसा जताने पर मैं उन्हें धन्यवाद कहूंगा क्योंकि मुझे अच्छे से याद है कि जब मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी तब मेरे पास किसी फ्रेंचाइजी के साथ भी मुख्य कोच का अनुभव नहीं था। लेकिन फिर भी मेरे ऊपर भरोसा जताने पर मैं इन लोगों को धन्यवाद कहना चाहूंगा। मेरा मानना है कि जब तक वे लोग हैं भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है। भले ही गंभीर को एक विज. ेता टीम मिली थी, लेकिन उन्होंने कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ मिलकर इसे एक निडर टीम में तब्दील कर दिया।

गंभीर का कहना है कि यदि बड़े ईनाम हासिल करने हैं तो टीम को निडरता के साथ क्रिकेट खेलनी होगी। पहली बात तो ये है कि खिलाड़ियों ने मुझे जिताया है। मैं लंबे समय से कहता आ रहा हूं कि आप उतने ही अच्छे कोच होते हैं जितने अच्छे आपके खिलाड़ी होते हैं। सारा क्रेडिट खिलाड़ियों को मिलना चाहिए, जिस पेशेवर तरीके से और खास तौर से साहस के साथ उन्होंने ए टूर्नामेंट खेला। जैसा कि कप्तान कहते हैं कि हम द्विपक्षीय सीरीज और आईसीसी टूर्नामेंट्स दोनों में अलग-अलग तरह से खेलते थे। इस एक चीज को हम बदलना चाहते थे और मुझे भरोसा है कि सभी ने यह देखा। यदि आप सेमीफाइनल और फाइनल में 250 से अधिक रन बना देते हैं तो ए आपकी क्वालिटी के साथ ही साहस को भी दिखाता है जिससे आपने टूर्नामेंट खेला है। टी-20 फॉर्मेट में सबसे अहम बात ए है कि हम हारने से डरते नहीं हैं।

क्योंकि जब आप हारने से डरते हैं तो कभी जीत नहीं पाते। मेरा हमेशा मानना रहा है कि इस फॉर्मेट में 'हाई रिस्क हाई रिवार्ड' सबसे अहम चीज है। यदि हम 110-120 पर आउट हो जाते तो भी मैं खुश रहता। लेकिन हमारा लक्ष्य हमेशा 250 रन बनाने का है। हम 160-170 वाली क्रिकेट नहीं खेलना चाहते हैं। मेरे हिंसाब से हम लंबे समय तक वैसा खेल चुके हैं। हम साउथ अफ्रीका से 100 (76) रनों से हारे थे। लेकिन हमारी सोच कभी नहीं बदली। हमारा माइंडसेट वैसा ही रहा।

# विश्व में मेरा बेस्ट निकल कर आया : संजू




● **कहा : न्यूजीलैंड सीरीज के बाद मुझे लगा था कि मेरे सपने टूट गए**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत ने अहमदाबाद में फाइनल में इतिहास रच दिया, वह अपने घर में टी-20 वर्ल्ड कप का टाइटल जीतने वाली पहली टीम बन गई और कुल मिलाकर तीसरी बार ट्रॉफी उठाई। जियो हॉटस्टार के 'हायर मैच सेंटर लाइव' पर बात करते हुए, ईशान किशन, वरुण चक्रवर्ती और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संजू सैमसन ने अपनी वापसी और भारत के शानदार टाइटल जीतने के बाद की भावनाओं पर बात की।

संजू सैमसन ने अपने इमोशंस के बारे में डिटेल में बताया। उन्होंने कहा कि यह मेरे दिमाग में था, लेकिन जब हम डेढ़ साल पहले वेस्ट इंडीज में वर्ल्ड कप खेल रहे थे, तो मैं ऐसा कुछ करने के बारे में सोच रहा था, सोच रहा था और प्रैक्टिस कर रहा था। लेकिन न्यूजीलैंड सीरीज के बाद, मुझे लगा कि मेरे सपने टूट गए। मुझे लगता है कि भगवान के अपने प्लान थे और मैं बहुत शुक्रगुजार हूं। न्यूजीलैंड सीरीज के बाद मैं टूट गया था और मैंने खुद को ऐसा महसूस होने दिया कि मैं टूट गया हूं। मैं चार-पांच दिनों तक अपने बिस्तर से बिल्कुल नहीं उठा। मैं बैटिंग नहीं कर सका। मैं पूरी तरह से सिस्टम से बाहर हो गया था। मैं खुश नहीं था और मैंने ऐसा बिहेव किया जैसे मैं खुश नहीं हूं। मैंने खुद को इमोशंस महसूस करने दिए। इसलिए, मैंने इस बात को मान लिया कि मुझे जो मौके मिले, मैंने उनका इस्तेमाल नहीं किया। मैं खुद के साथ रियलिस्टिक था। मैंने उन इमोशंस से लड़ाई नहीं की और मैंने कॉन्फिडेंट होने का दिखावा नहीं किया। एक बार जब मैंने सच मान लिया, तो मैं थोड़ा जल्दी ठीक हो गया। टूर्नामेंट के बीच में वापसी ने उन्हें कैसे आजाद किया, इस पर सैमसन ने कहा कि मैं जिम्बाब्वे गेम से पहले जिम में गौती भाई से मिला था, और वहीं उन्होंने मुझसे कहा, 'संजू, तैयार रहो, तुम अगला गेम खेलने वाले हो।' मैं 100 परसेंट तैयार था। मन ही मन मैंने कहा, 'हां, अब बात करते हैं, मैं इसी का इंतजार कर रहा था।' लेकिन मैं एक बहुत सच्ची बात शेयर करना चाहता हूं, मुझे स्क्वॉड में अपने टीममेट्स के साथ मुकाबला करना पसंद नहीं है। एक बार जब हम किसी मकसद के लिए साथ मिलकर लड़ते हैं, तो मैं अपना बेस्ट देता हूं। न्यूजीलैंड सीरीज के दौरान, हमेशा यही होता था, 'क्या मैं टीम का हिस्सा बनूंगा या नहीं?' जब मैं जगह के लिए लड़ रहा होता हूं तो मैं कभी अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाता। लेकिन जब मौका आया, तो हम एक साथ एक गोल, वर्ल्ड कप के लिए लड़ रहे थे, इसलिए मुझे खुशी है कि आखिर में सब ठीक हो गया।

# पिछले कुछ महीनों से, मैं सचिन सर के लगातार संपर्क में हूं : सैमसन

● **संजू सैमसन का 2026 एक ऐसी स्क्रिप्ट की तरह रहा है जो आमतौर पर ड्रामाटिक, फॉर्मूला वाली फिल्मो की तरह रही**

**अहमदाबाद, वार्ता।** संजू सैमसन का 2026 एक ऐसी स्क्रिप्ट की तरह रहा है जो आमतौर पर ड्रामाटिक, फॉर्मूला वाली फिल्मों के लिए होती है, जिसमें इतने उतार-चढ़ाव होते हैं कि आप पूरे समय इमोशनली जुड़े रहते हैं।

हाल ही में 31 जनवरी को, वह तिरुवनंतपुरम में अपने घरेलू दर्शकों के सामने एक उदास इंसान की तरह दिखे, जब ईशान किशन ने ओपनर-कीपर के तौर पर उनकी वर्ल्ड कप की जगह छीन ली। सैमसन 2025 की शुरुआत से ही बैटिंग में खराब फॉर्म से जूझ रहे थे, और शुभमन गिल को कुछ समय के लिए जगह देने के लिए उन्हें मिडिल-ऑर्डर में भेजा गया था। सिलेक्टर्स ने उस फैसले को पलट दिया और उन्हें फिर से टॉप पर रख लिया, लेकिन रन अभी भी उनके हाथ से निकल रहे थे और किशन ने उन्हें बाहर कर दिया, जिस तरह की बैटिंग इस टीम ने इस वर्ल्ड कप साइकिल में की है। तो वहीं, अपने घरेलू मैदान पर एक डरावनी रात में, उन्होंने टूर्नामेंट से ठीक पहले टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने का अपना सपना अपनी उंगलियों के बीच से फिसलते देखा। सैमसन ने कहा कि मुझे लगता है कि न्यूजीलैंड सीरीज के ठीक बाद, मैं टूट गया था। मैं पूरी तरह से पागल हो गया था। मैं ऐसा था 'ठीक है, मेरे सपने टूट गए हैं। मैं और क्या कर सकता हूं? लेकिन ए शब्द रविवार की एक बहुत खुशी भरी रात को आए, जहां उन्होंने निराशा से खुशी का पूरा चक्कर पूरा किया, उनके सपनों की वर्ल्ड कप रातों में से तीसरी रात भारत की जीत के साथ खत्म हुई। सैमसन ने उम्मीद के मुताबिक वर्ल्ड कप की शुरुआत बेंच पर की और तभी आए जब उन्हें एक ग्रुप गेम में बीमार अभिषेक शर्मा की जगह लेनी पड़ी। अभिषेक के ठीक होने के बाद बिब वापस पहन लिया गया।

# सात्विक-चिराग पेश करेंगे भारतीय चुनौती




**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार से शुरू होने वाले स्विस ओपन 2026 बैडमिटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। पुरुषों की युगल बैडमिटन रैंकिंग में चौथे नंबर पर रहने वाले सात्विक-चिराग को बर्मिंघम में पहले राउंड में मलेशिया के कांग खाई जिग और एरॉन ताई की दुनिया की 33वें नंबर की टीम ने चौंका दिया। मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन स्विस ओपन में और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे। उन्होंने यह टूर्नामेंट 2023 में जीता था। पूर्व चैंपियन पीवी सिधु, सुपर 300 मीट में नहीं खेलेंगी। सिधु की गैरमौजूदगी में, महिला एकल में भारतीय टीम को अगुवाई करने की जिम्मेदारी मालविका बंसोड़ और उन्नति हुड्डा पर होगी। तन्वी शर्मा और अनमोल खरब भी क्वालिफायर से शुरुआत करने के बाद प्रभावित करना चाहेंगी। पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन भी ऑल इंग्लैंड ओपन के फाइनल तक की मुश्किल दौड़ के बाद स्विस ओपन में नहीं खेलेंगे।

# क्रिकेट में डीआरएस का नया नाम धोनी रोहित और सूर्यकुमार

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट में डीआरएस को डिसीजन रिव्यू सिस्टम के नाम से जाना जाता है लेकिन भारत की अहमदाबाद में टी-20 विश्वकप जीत के बाद इसे अब नया नाम मिल गया है। डीआरएस को अब धोनी, रोहित और सूर्यकुमार के नाम से जाना जाएगा। एम एस धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में पहला टी-20 विश्वकप जीता था जबकि रोहित शर्मा ने 2024 में 17 साल बाद भारत को टी-20 विश्वकप चैंपियन बनाया। सूर्यकुमार यादव ने 2026 में टी-20 विश्वकप का खिताब अपने नाम कर भारत को तीसरी ऐतिहासिक सफलता दिलाई। इस तरह डी फॉर धोनी, आर फॉर रोहित और एस फॉर सूर्यकुमार कुल मिलाकर डीआरएस बनता है। सांख्यिकीविद श्रीकांत पोद्दार ने बेंगलुरु से यूनीवार्ता को यह दिलचस्प जानक. ारी देते हुए बताया भारत की जीत ने डीआरएस का नाम ही बदल दिया है। उन्होंने बताया कि भारत ने आठ मार्च को यह खिताब जीता है। मार्च साल का तीसरा महीना है भारत ने अपना पहला विश्वकप 1983 में जीता था।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान**
60/1, एक्वा हाऊस, इन्दिरा नगर (अनुराग चौक के पास), देहरादून-248006
Phone No/Fax. 0135-2532509, Email Id: eemdujs@rediffmail.com

पत्रांकः 4719/निविदा सूचना/2025-26 | दिनांकः 07/03/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक 4648/निविदा सूचना/2025-26 दिनांक **28.02.2026** से जौलीग्रान्ट पेयजल योजना के अन्तर्गत वार्ड नं0-04 बडोवाला में नवनिर्मित नलकूप में कॉलम पाइप एवं पम्पिंग प्लान्ट सामग्री की आपूर्ति, अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य तथा जौलीग्रान्ट पेयजल योजना के अन्तर्गत वार्ड नं0-04 बडोवाला में पम्प हाऊस निर्माण एंव तत्सम्बन्धी कार्य हेतु आमन्त्रित अल्पकालीन निविदाएँ अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

**अधिशासी अभियन्ता**



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तरकाशी**

पत्रांक 1732/ग्रा.नि.वि./नि.सू./2025-26 | दिनांक 07.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों की सीलबन्द निविदा निम्न तालिका के कॉलम 09 के अनुसार पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 28.03.2026 को अपरान्ह 1.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड उत्तरकाशी में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह: 2:00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिकृत किये गये सक्षम अधिकारी द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा सम्बन्धी फार्म निविदा प्रकाशन की तिथि से निविदा खोलने की तिथि के एक दिन पूर्व दिनांक 27.03.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में सांय 4.00 बजे तक निर्धारित निविदा प्रपत्र के मूल्य का ई-चालान लेखाशीर्षक 0515008000100 (Rural Engineering Department of receipts) एवं जी.एस.टी. का चालान GST No - 05AADAR6363D1ZO में ई चालान के माध्यस से शुल्क जमा करा कर, ई-चालान की प्रति प्रखण्ड कार्यालय उत्तरकाशी में उपलब्ध कराकर, प्राप्त किया जा सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | विकासखण्ड का नाम | कार्य की अनुमाति लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र एवं जी.एस.टी. का मूल्य | कार्य पूर्ण की अवधि | निविदा की वैधता | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | पशुचिकित्सालय ज्ञानसू में केन्द्रीय भण्डार हेतु अतिरित स्टोर निर्माण। | भटवाडी | 14.00 लाख | 28000.00 | 1500.00 + (GST 18%) | 06 माह | 90 दिन | ई एवं उच्चतर भवन निर्माण कार्य |

**निविदा की शर्ते**

**नोट:**- निविदा की शर्तों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी निविदा खाले जाने की तिथि के एक दिन पूर्व सांय 4.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड उत्तरकाशी से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अभियन्ता,**
**ग्रामीण निर्माण विभाग प्रखण्ड उत्तरकाशी**

## एसएसपी ने किया कलियर निर्माणाधीन थाने का औचक निरीक्षण

# काम में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : भुल्लर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

कलियर। कलियर में पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को देहात क्षेत्र का दौरा करते हुए विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कलियर क्षेत्र में निर्माणाधीन नए थाना भवन का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

सोमवार, को एसएसपी हरिद्वार नवनीत सिंह ने देहात क्षेत्र के कलियर का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने थाना कलियर में बन रहे नवनिर्मित थाना भवन का भौतिक निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद थानाध्यक्ष कलियर और निर्माण इकाई के अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय समय सीमा के भीतर थाना भवन



का निर्माण कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि भवन की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके साथ ही अन्य पुलिस अधिकारियों और

**❖हिदायत : निर्माण कार्य में गुणवत्ता का भी रखा जाए विशेष ध्यान**

निर्माण इकाई के जिम्मेदार अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि वे समय-समय पर निर्माणाधीन थाना भवन का निरीक्षण करते रहें। निरीक्षण के दौरान यदि कोई कमी पाई जाती है तो उसे तत्काल ठीक कराया जाए, ताकि थाना भवन का निर्माण कार्य सुचारु और समयबद्ध तरीके से पूरा हो सके।

# दो पक्षों के बीच विवाद में एक पक्ष व्यक्ति ने खाया जहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के इमलीखेड़ा में मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद एक पक्ष के युवक के पिता ने कथित तौर पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के बाद उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार थाना इमलीखेड़ा में मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में एक पक्ष के युवक के पिता ने कथित तौर पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। रविवार देर शाम इमलीखेड़ा के सैनी चौक पर किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रविंद्र कुमार और इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी शहजाद अली पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को काबू में किया। आसपास के लोगों ने भी बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को शांत कराया। घायलों को पुलिस ने मेडिकल लिए भेज दिया गया था।बताया जा रहा है कि इस घटना से आहत होकर एक पक्ष के युवक के पिता ने सोमवार सुबह जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें आनन-फानन में निजी अस्पताल ले गए जहां उनका इलाज चल रहा है और उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी शहजाद अली ने बताया कि जहर खाने की सूचना पुलिस को नही मिली है। साथ ही अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नही दी गई है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# भगवानपुर पुलिस ने 220 किलो संदिग्ध मांस के साथ दो आरोपी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना पुलिस ने एक दुकान पर छापा मार कर 220 किलो संदिग्ध मास व काटने के उपकरणों इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद करते हुए दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार एसएसपी हरिद्वार द्वारा अवैध रूप से पशुओं का कटान कर बुचडखाना चलाने व बिना लाइसेंस मांस का विक्रय करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम में कार्रवाई किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उपरोक्त क्रम में कस्बा भगवानपुर में पशुओं का अवैध कटान कर बिना लाइसेंस मांस विक्रय करने की शिकायत प्राप्त होने पर आज दिनांक-09.03.2026 को पुलिस टीम द्वारा कस्बा भगवानपुर में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान फजलू रहमान पुत्र इरफान निवासी सिकंदरपुर भैंसवाल जिला हरिद्वार व अकरम पुत्र नानू निवासी- सिकरौडा, की दुकान पर 220 किलो संदिग्ध मांस व भारी मात्रा में मांस काटने के उपकरण व इलैक्ट्रानिक तराजू बरामद किया गया है। मौके से आरोपित फजलू रहमान व अकरम को पशु क्रूरता अधिनियम में हिरासत में लिया है। मौके पर पशु चिकित्सक को बुलाकर वैधानिक कार्रवाई की गयी है उपरोक्त प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम में ए०एस०आई० प्रदीप चौहान, कानि० दीपक मंमगाई, कानि० रविन्द्र राणा आदि शामिल रहे।

# लंढौरा में तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी अभियान चलाने के निर्देश पर लंढौरा चौकी प्रभारी ने एक युवक को संदेह के आधार पर रोककर पूछताछ की तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा एक कारतूस बरामद हुआ है। बाद पूछताछ के पुलिस ने आरोपी का चालान कर जेल भेज दिया है। रविवार की शाम एसएसपी द्वारा संदिग्ध लोगों की चेकिंग के निर्देश मिलने पर लंढौरा पुलिस चौकी प्रभारी ने पुलिस टीम गठित कर क्षेत्र में घुम रहे संदिग्ध लोगों की तलाशी अभियान चलाया। उपनिरीक्षक अशोक सिरस्वाल रुड़की-लक्सर मार्ग पर पैठ बाजार के समीप संदिग्ध लोगों को रोककर पूछताछ कर रहे थे। एक युवक पुलिस को देख कब्रिस्तान की ओर जाने वाले रास्ते की ओर भागने लगा जिसे पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दबोच लिया, पुछताछ के दौरान युवक के कोई संतोषजनक जवाब न देने पर पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक तमंचा एक कारतूस बरामद हुआ। इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि पुलिस पुछताछ में पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घर से निकला था। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम अयान पुत्र इरफान निवासी लंढौरा बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिसका चालान कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अशोक सिरस्वाल कांस्टेबल दिनेश चौहान व कास्टेबल रघुवीर शामिल रहे।

## पुलिस ने नाबालिग लड़की को ब्लैकमेल कर दहशत फैलाने वाले

# फायरिंग करने वाले तीन दबोचे, तमंचा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए नाबालिग लड़की को ब्लैकमेल कर दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल अवैध देशी तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

शनिवार को सोशल मीडिया पर हवाई फायरिंग का एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसे इमलीखेड़ा चौकी क्षेत्र का बताया जा रहा था। इसी बीच थाना पिरान कलियर क्षेत्र के इमलीखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बादशाहपुर लक्सर निवासी एक युवक अपने साथियों के साथ उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को ब्लैकमेल कर दबाव बनाने के लिए उसके घर पहुंचा और जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर फरार हो गया।मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ



मुकदमा दर्ज कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर थानाध्यक्ष पिरान कलियर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई।रविवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने अब्दाल शाह रोड के पास घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक अवैध देशी तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किए गए। वहीं आरोपियों की निशानदेही पर घटनास्थल से चला हुआ खोखा भी बरामद कर लिया गया।एसएसपी हरिद्वार ने स्पष्ट किया है कि महिला एवं बाल अपराधों के मामलों में पुलिस जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया फायरिंग करने वाले आरोपी मुराद अंसारी पुत्र मुर्सलीन निवासी नसीरपुर कला, दीपू सैनी पुत्र पपिन सैनी निवासी भोवापुर चमरावल और सुधांशु उर्फ ढोली पुत्र अजब सिंह निवासी बादशाहपुर थाना पथरी की गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।टीम में थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार, एसएसआई सुनील दत्त पंत,इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी शहजाद अली, हैंड कॉन्स्टेबल संजय रावत,रविंद्र बालियान और कॉन्स्टेबल आबिद आदि शामिल रहे।

## नगर निगम में थर्ड पार्टी कंपनी के तहत रखें जाने के विरोध में

# सफाई कर्मचारियों का अनिश्चित कालीन धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर निगम रुड़की में सफाई कर्मचारियों और कूड़ा वाहन चालकों को थर्ड पार्टी कंपनी के माध्यम से काम पर रखने के प्रस्ताव के विरोध में सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। कर्मचारियों के धरने पर बैठने के बाद नगर निगम के अधिकारी उन्हें मनाने और वार्ता के जरिए समाधान निकालने का प्रयास कर रहे हैं।

देवभूमि निकाय संयुक्त कर्मचारी महासंघ (भारतीय मजदूर संघ उत्तराखंड) के बैनर तले कर्मचारियों ने नगर आयुक्त और मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें रखी



थीं। कर्मचारियों का कहना है कि नगर निगम में वर्षों से कार्य कर रहे सफाई कर्मचारियों और कूड़ा वाहन चालकों को नियमित किया जाए और उन्हें थर्ड पार्टी कंपनी के अधीन न किया जाए। ज्ञापन में बताया गया है कि नगर निगम बोर्ड की बैठक में 3 मार्च 2025 को स्वच्छता

**❖निगम अधिकारी कर्मचारियों को मनाने के लिए समाधान में जुटे**

समिति/आउटसोर्सिंग कूड़ा वाहन चालकों को पक्का करने और लगभग 30 हजार रुपये मासिक वेतन देने का प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके बावजूद कर्मचारियों को थर्ड पार्टी कंपनी के माध्यम से काम कराने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जिसका कर्मचारी संगठन विरोध कर रहा है। कर्मचारियों की मांग है कि 2003 से 2024 तक कार्य कर रहे सभी सफाई कर्मचारियों को नियमित किया जाए और उन्हें 30 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाए। इसके साथ ही मृतक कर्मचारियों के परिजनों को नियमानुसार नौकरी और पेंशन दी जाए तथा जिन कर्मचारियों को कार्य से हटाया गया है उन्हें पुनः काम पर रखा जाए। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक धरना जारी रहेगा। वहीं नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों से बातचीत कर स्थिति को सामान्य बनाने की कोशिश में जुटे हुए हैं।

# गद्दी को लेकर दो पक्ष भिड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह साबिर पाक के मेन गेट के पास स्थित धुने पर गद्दी को लेकर विवाद में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ शांति भंग की करवाई की।

थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया रविवार शाम को सूचना मिली कि इन्तजार और मुसव्वर निवासी पिरान कलियर साबिर पाक के मेन गेट के पास स्थित धुने पर गद्दी पर कब्जा करने को लेकर विवाद कर रहे हैं।और दोनों वहां मौजूद गद्दीनशीन व संत-फकीरों को भी परेशान कर रहे हैं।सूचना पर पहुंची टीम ने दोनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने और उत्तेजित होकर अभद्रता करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ के शांति भंग की कार्रवाई की है।पुलिस टीम एसआई विनोद कुमार गोला, इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी शहजाद अली, हेड कांस्टेबल संजय कुमार, कांस्टेबल सुनील चौहान आदि शामिल रहे।

# चोरी की बाइक सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस आरोपी के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार 24 फरवरी 2026 को नितेश पुत्र बीरबल सिंह निवासी कुमराड़ा, कोतवाली मंगलौर जनपद हरिद्वार ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत कोतवाली रुड़की में दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने पतारसी-सुरागरसी और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने नहर पटरी ए-टू-जेड जाने वाले तिराहे के पास से फरदीन उर्फ चंदा पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी त्यागी वाली गली, माहीग्रान भारत नगर, कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक मोहन सिंह, हेड कांस्टेबल यूनुस बेग, कांस्टेबल राजेश देवरानी, कांस्टेबल गुलबाहर और कांस्टेबल अमित रावत शामिल रहे।

# रोडवेज विभाग की लापरवाही, आमजन, बुजुर्ग व दिव्यांग बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर में उत्तर प्रदेश/उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों के समय पर न आने से आम जनता में भारी रोष है। स्थिति यह है कि घंटों इंतजार के बाद भी बसें स्टैंड पर नहीं पहुँच रही हैं, जिसका सीधा असर दैनिक यात्रियों, स्कूली बच्चों और दिव्यांगों पर पड़ रहा है। **प्रमुख समस्याएँ और शिकायतें अनिश्चित समय-सारणी:** स्थानीय निवासी चौधरी जगपाल सिंह ने बताया कि सुबह एक बस निकलने के बाद घंटों तक दूसरी बस का पता नहीं रहता। 9:15 बजे तक भी बस न आने से लोग अपने गंतव्य तक नहीं पहुँच पा रहे।प्रभावित वर्ग: हरिद्वार जाने वाले कामकाजी लोग, स्कूल जाने वाले बच्चे और अपने व्यवसाय के लिए निकलने वाले दिव्यांगजन इस लापरवाही का सबसे ज्यादा शिकार हो रहे हैं।

**अधिकारियों की उदासीनता:** स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इस समस्या के प्रति पूरी तरह लापरवाह बने हुए हैं। आंदोलन की चेतावनी पूर्व भाजपा पदाधिकारी और नागरिक सूरजमल सिंह राणा ने कहा कि यदि विभाग जल्द नहीं जागा, तो क्षेत्र के लोग धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे उन्होंने उच्चाधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की है। वहीं, दिव्यांग नूर आलम ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि बस सेवा के अभाव में वे समय पर अपने काम पर नहीं पहुंच पाते, जिससे उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है।सरकार और संबंधित विभाग को चाहिए कि वे बुजुर्गों, बच्चों और दिव्यांगों की सुविधा को देखते हुए बसों के फेरे बढ़ाएं और समय की पाबंदी सुनिश्चित करें।

## मंगलौर पुलिस ने पेश की समाज सेवा व मानवता की मिसाल

# कोतवाली में शिविर लगाकर किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** समाज सेवा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए मंगलौर कोतवाली परिसर में सोमवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मंगलौर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह सहित कई पुलिसकर्मियों ने उत्साह के साथ रक्तदान कर समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया। आमतौर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिन-रात ड्यूटी में तैनात रहने वाली पुलिस आज लोगों की जिंदगी बचाने के लिए रक्तदान के रूप में एक नई मिसाल पेश करती नजर आई। इस दौरान जीवन चौरिटेबल ब्लड सेंटर की टीम ने रक्त संग्रह किया और पुलिसकर्मियों के इस सराहनीय कदम की जमकर प्रशंसा की। वहीं प्रबंधक अमित कुमार ने कहा कि यह अत्यंत खुशी की बात है कि मंगलौर कोतवाली परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस के जांबाज सिपाहियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने कहा कि पुलिस हमेशा ही लोगों की सुरक्षा और जीवन बचाने के लिए अग्रणी भूमिका निभाती है और आज रक्तदान के माध्यम से भी पुलिस ने समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। अमित कुमार ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है। नियमित रक्तदान से ब्लड प्रेशर सामान्य बना रहता है और हार्ट अटैक की संभावना भी काफी हद तक कम हो जाती है। इसके अलावा रक्तदान करने से कैंसर जैसे गंभीर रोगों का खतरा भी कम होता है तथा लीवर को भी



स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान जरूर करना चाहिए, क्योंकि रक्तदान महादान है और इससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। वहीं कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने भी रक्तदान कर लोगों को इस नेक कार्य के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कोतवाली में तैनात कई पुलिसकर्मियों ने रक्तदान कर समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया और यह साबित किया कि पुलिस न केवल सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाती है, बल्कि मानवता की सेवा में भी हमेशा आगे रहती है।

# महिला दिवस पर सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम लाठर देवा हुण स्थित असाही ग्लास फैक्ट्री में महिला दिवस के अवसर पर फैक्ट्री की ओर से चलाई जा रही आरोहण परियोजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर झबरेड़ा विधानसभा भाजपा उपाध्यक्ष नीतू सैनी उर्फ नितिन सैनी ने कहा कि वर्तमान में महिलाएं देश के विकास मैं अपनी बराबर भागीदारी दे रही है। असाही ग्लास फैक्ट्री की ओर से महिला दिवस कार्यक्रम के तहत क्षेत्र की स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को फैक्ट्री की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर झबरेड़ा विधानसभा उपाध्यक्ष नीतू सैनी उर्फ नितिन सैनी ने कहा



कि आज महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश के विकास में अपना सहयोग दे रही है। वर्तमान में महिलाएं राजनीति क्षेत्र से लेकर शिक्षा बैंकिंग तथा देश की रक्षा करने के लिए देश की सेना में भी अपनी भागीदारी दे रही है। आज महिलाएं तेजी से आत्मनिर्भर बन रही है। महिलाएं न्यायाधीश से लेकर सचिव व उच्च प्रशासनिक अधिकारी के साथ-साथ राजनीति में भी देश की सेवा कर रही है।उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से कहा कि वे बेटों के साथ-साथ बेटीयो की ओरभी उचित ध्यान देना चाहिए। आज की बेटियां बेटों से अधिक चढ़ बढ़कर मां-बाप की सेवा कर रही है ।उन्होंने राजस्थान के एक गांव का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां एक किसान के यहां बेटा ना होकर तीन बेटियां हैं तीनों बेटियां प्रशासनिक अधिकारी बनकर मां-बाप का नाम रोशन कर रही है। इस अवसर पर ब्रिगेडियर हसन वालिया सिद्धार्थ सिंह अभिषेक कुमार अनिरुद्ध अग्निहोत्री राधा रानी रश्मि देवी ममता देवी उमा देवी पूनम रेखा देवी नेहा देवी आदि उपस्थित रही। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा नेत्री नीतू सैनी द्वारा फीता काटकर किया गया।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# संघर्ष के परिणाम

पश्चिम एशिया में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने पूरे क्षेत्र की स्थिति को अस्थिर कर दिया है। इस संघर्ष का प्रभाव केवल सुरक्षा और कूटनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और आपूर्ति प्रणालियों पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। विशेष रूप से तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे कई देशों की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो अनेक देशों को महंगाई और खाद्य असुरक्षा जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कुछ इसी तरह की परिस्थितियां पहले रूस और यूक्रेन के युद्ध के दौरान भी देखने को मिली थीं, जब वैश्विक बाजार में खाद्यान्न और उर्वरकों की आपूर्ति पर गहरा असर पड़ा था। ईरान और इजरायल के बीच जारी संघर्ष ने पश्चिम एशिया की स्थिरता को प्रभावित किया है, जिसके कारण तेल और गैस की आपूर्ति में व्यवधान पैदा हो रहा है। इसका असर अब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी दिखाई देने लगा है। हालांकि ऊर्जा आपूर्ति पर असर की चर्चा अधिक हो रही है, लेकिन इसके साथ एक और गंभीर संकट उभरता दिखाई दे रहा है, जो उर्वरकों की आपूर्ति से जुड़ा हुआ है। यदि उर्वरकों की सप्लाई लंबे समय तक बाधित रहती है तो इसका सीधा प्रभाव कृषि उत्पादन पर पड़ेगा और दुनिया के कई हिस्सों में खाद्य संकट और महंगाई की स्थिति पैदा हो सकती है। पश्चिम एशिया को वैश्विक स्तर पर उर्वरक उत्पादन का एक महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है। दुनिया में निर्यात होने वाले यूरिया का लगभग 35 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते से होकर गुजरता है। इसके अलावा दुनिया में इस्तेमाल होने वाले सल्फर का करीब 45 प्रतिशत भी इसी मार्ग से परिवहन किया जाता है। यूरिया कृषि के लिए सबसे ज्यादा उपयोग में आने वाला उर्वरक है और अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर पैदा होने वाले लगभग आधे अनाज के उत्पादन में इसकी अहम भूमिका होती है, लेकिन वर्तमान हालात में होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की सख्त निगरानी और बढ़ते सैन्य तनाव के कारण जहाजों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। इससे उर्वरकों की आपूर्ति श्रंखला धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही है और हर गुजरते दिन के साथ स्थिति और अधिक चिंताजनक बनती जा रही है। करीब चार वर्ष पहले जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुआ था, तब भी वैश्विक बाजार में इसी तरह की स्थिति पैदा हो गई थी। उस समय दो बड़े झटके देखने को मिले थे पहला गेहूं की आपूर्ति में अचानक कमी और दूसरा उर्वरकों की कीमतों में तेज वृद्धि। रूस और यूक्रेन मिलकर दुनिया के कुल गेहूं निर्यात का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा प्रदान करते हैं। युद्ध के शुरुआती दौर में जब इन दोनों देशों से निर्यात रुक गया था, तब वैश्विक बाजार में गेहूं की भारी कमी महसूस की गई थी। हालांकि कुछ समय बाद रूस से गेहूं और उर्वरकों का निर्यात फिर से शुरू हो गया था। इसके साथ ही भारत जैसे देशों ने भी गेहूं के निर्यात में बढ़ोतरी करके वैश्विक आपूर्ति को संतुलित करने की कोशिश की थी। लेकिन वर्तमान संकट की प्रकृति कुछ अलग है, क्योंकि इस बार समुद्री मार्ग ही बाधित हो रहे हैं, जिससे आपूर्ति व्यवस्था पर अधिक गहरा असर पड़ने की आशंका है। इस संघर्ष का एक और गंभीर पहलू यह है कि ईरान ने क्षेत्र के कुछ अन्य देशों में स्थित ऊर्जा और औद्योगिक प्रतिष्ठानों को भी निशाना बनाया है, जिससे उत्पादन गतिविधियों पर असर पड़ा है। समुद्री मार्ग से होने वाले यूरिया व्यापार में कतर की ऊर्जा कंपनी फंजंतम्दमतहल की लगभग 10 प्रतिशत हिस्सेदारी मानी जाती है।

## आत्मनिर्णय का अधिकार होना चाहिए



जब संसद के बजट सत्र का अंतराल हुआ था तब परिस्थितियां अलग थीं, लेकिन आज युद्ध जैसे हालात बन जाने के कारण देश के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं, ऐसे संकट के समय संसद और सरकार की प्राथमिकताएं भी उसी के अनुरूप तय होनी चाहिए, इस समय सबसे पहले युद्ध की स्थिति में भारत का स्पष्ट पक्ष और राय सामने रखने की जरूरत है, इसके साथ ही विदेश नीति को किसी दबाव में गिरवी रखने का सवाल भी गंभीर है, भारत की परंपरागत स्वतंत्र विदेश नीति हमेशा देशहित को ध्यान में रखकर चलती रही है, तेल जैसी महत्वपूर्ण आपूर्ति के मामले में भी भारत को आत्मनिर्णय का अधिकार होना चाहिए, यदि किसी विदेशी दबाव या अमेरिकी आदेश के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं तो इससे देश की संप्रभुता और आत्मनिर्भरता पर सवाल उठते हैं। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# टी-20 क्रिकेट : टीम इंडिया का वर्चस्व

## सोने सा सैमसन और जस्सी जैसा कोई नहीं





नासिर राना

भारतीय टीम ने टी-20 क्रिकेट में अद्भुत खेल दिखाते हुए फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड जैसी सशक्त टीम को एक तरफा मात देकर लगातार दूसरी बार T-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी जीती जो अपने आप में अभी तक एक विश्व कीर्तिमान भी है क्योंकि अभी तक कोई भी टीम लगातार दो बार T-20 में विश्व चैंपियन नहीं बन सकी है हालांकि टीम इंडिया ने इस फॉर्मेट में तीसरी बार वर्ल्ड कप जीता है सबसे पहले महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में 2007, 2024 में रोहित शर्मा की कैप्टनशिप में और अब 2026 में सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में एक नया सूर्योदय हुआ है। यूं तो हम पहले भी कई बार चैंपियन बन चुके हैं मगर इस बार की जीत के मायने बिल्कुल अलग है। नॉक आउट मैचों में टीम इंडिया ने जो बेमिसाल प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंद्वी टीमों को इतना रन टारगेट दिया कि अपनी बारी आने से पहले ही सेमीफइनल में इंग्लैंड और फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड पूरी तरह हार मान बैठी थी। सेमीफाइनल में इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम के सामने 254 रनों का टारगेट और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 256 रनों का लक्ष्य भारतीय टीम ने दिया था। यह टीम इंडिया की प्रतिबद्धता कड़ी मेहनत और कुशलता का प्रमाण है कि लगातार दो बार 120 गेंदों में 250 प्लस का स्कोर बनाना हर किसी टीम के बूते की बात नहीं है। इसके अलावा सुपर 8 का वेस्टइंडीज के खिलाफ करो या मरो वाले मैच में टीम इंडिया का 195 रनों का चेस भी अपने आप में टीम इंडिया की उपलब्धि बयान करता है। भारत की मौजूदा T-20 क्रिकेट टीम में एक से बढ़कर एक स्टार खिलाड़ी है इस टीम को देखकर 1980 के दशक की वेस्टइंडीज टीम , 2000 के बाद की रिकी पोंटिंग के नेतृत्व वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम की याद दिलाती है।

टीम इंडिया की मौजूदा खिलाड़ियों की परफॉर्मेंस बल्लेबाजी, क्षेत्ररक्षण या गेंदबाजी के क्षेत्र में दुनिया की तमाम टीमों को बौना साबित करती है बल्लेबाजी में जहां सलामी जोड़ी के रूप में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन तीसरे स्थान पर ईशान किशन ने अपनी उपस्थित इंटरनेशनल मंच पर दिखाकर सबको हैरान कर दिया है क्योंकि क्योंकि तीनों की बैटिंग स्टाइल पावर प्ले खत्म होने के बाद भी 10 रन प्रति ओवर से ज्यादा रहती है जिससे विपक्षी टीम में लगातार दबाव में बिखरती जाती है और टीम इंडिया निखरती जाती है इनके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, शिवम दुबे व हार्दिक पांडडा जैसे हार्ड हीटर टीम में मौजूद है जो किसी भी लक्ष्य को भेद सकते

**यह टीम इंडिया की प्रतिबद्धता कड़ी मेहनत और कुशलता का प्रमाण है कि लगातार दो बार 120 गेंदों में 250 प्लस का स्कोर बनाना हर किसी टीम के बूते की बात नहीं है। इसके अलावा सुपर 8 का वेस्टइंडीज के खिलाफ करो या मरो वाले मैच में टीम इंडिया का 195 रनों का चेस भी अपने आप में टीम इंडिया की उपलब्धि बयान करता है। भारत की मौजूदा टी-20 क्रिकेट टीम में एक से बढ़कर एक स्टार खिलाड़ी है इस टीम को देखकर 1980 के दशक की वेस्टइंडीज टीम , 2000 के बाद की रिकी पोंटिंग के नेतृत्व वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम की याद दिलाती है।**

हैं वहीं दूसरी और गेंदबाजी की बात अगर की जाए तो दुनिया का नंबर एक गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती स्पिन गेंदबाजी की अगवाई करते हैं तो वही दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज जसप्रीत बुमराह तेज गेंदबाजी की कमान अपने हाथों में खुद लेकर टीम के लिए संकटमोचक साबित होते हैं सेमीफाइनल में और फाइनल में मिली जीत का आधार भी जसप्रीत बुमराह ही रहे हैं। दुनिया की तमाम क्रिकेट एक्सपर्ट भी मानते हैं कि पिच सपाट हो या उछाल भरा हो जसप्रीत बुमराह दुनिया के किसी भी विकेट पर विपक्षी बल्लेबाजों को धराशाई कर देते हैं।

संजू सैमसंग की वेस्टइंडीज के खिलाफ 97 की नाबाद पारी सेमी फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 89 और फाइनल में भी न्यूजीलैंड के खिलाफ तेज तर्रार 89 रनों की पारी हमेशा क्रिकेट इतिहास में याद रखी जाएगी। सूर्य कुमार यादव की यह टीम क्रिकेट की दुनिया में कई दशक तक याद रखी जाएगी। याद रखे जाने के कई महत्वपूर्ण कारण ये हैं कि जो भारतीय खिलाड़ी बल्लेबाजी कर रहे हैं वो नेक्स्ट लेवल बेटिंग कही जा सकती है। अब से 20 वर्ष पूर्व 2005 में जब टी-20 क्रिकेट की शुरुआत हुई, तब 150 रनों का लक्ष्य बहुत बड़ा माना जाता था। जैसे-जैसे फटाफट क्रिकेट का दौर बढ़ता गया, वैसे-वैसे ही इस फॉर्मेट में रन टारगेट भी बढ़ता चला गया। मौजूदा दौर में यदि कोई टीम अभी भी 200 रन बना लेती है, तो सामने वाली टीम को मैच जीतने में पसीने छूट जाते हैं, जबकि टीम इंडिया ने इस चुनौती को और बड़ा कर दिया है। पिछले दो-तीन वर्षों से देखने में आ रहा है कि टीम इंडिया 240 से 260 रनों का टारगेट कई बार प्रतिद्वंद्वी टीमों को दे चुकी है।

# शीतला अष्टमी : भक्ति, स्वास्थ्य व समर्पण का संगम

**शीतला माता से जुड़ी कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। एक प्रसिद्ध कथा के अनुसार, एक गांव में एक महिला ने शीतला माता की पूजा न करके ताजा भोजन बनाया और अपने परिवार को खिलाया। माता शीतला इस पर कुपित हो गई और उस गांव में चेचक का प्रकोप फैल गया। जब गांव वालों ने पश्चाताप कर माता की विधिवत पूजा की और बासी भोजन ग्रहण किया तो रोग समाप्त हो गया। इस घटना के बाद से लोग शीतला अष्टमी पर बासी भोजन खाने की परंपरा का पालन करने लगे। एक अन्य कथा के अनुसार, एक बार भगवान शिव और माता पार्वती ने देवी शीतला से उनके प्रभाव के बारे में पूछा।**



श्वेता गोयल

शीतला अष्टमी, जिसे 'बसोड़ा' के नाम से भी जाना जाता है, हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे विशेष रूप से भारत के विभिन्न हिस्सों में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार होली के बाद चौत्र मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है और मुख्य रूप से देवी शीतला माता की उपासना के लिए समर्पित है, जिनको लेकर मान्यता है कि वे चेचक, फोड़े-फुंसी, त्वचा संबंधी रोगों तथा अन्य संक्रामक बीमारियों से रक्षा करती हैं। पंचांग के अनुसार शीतला अष्टमी का व्रत इस साल 11 मार्च 2026 को रखा जाएगा। चौत्र मास के कृष्णपक्ष की अष्टमी 11 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 1:54 बजे से प्रारंभ होकर अगले दिन 12 मार्च को भोर के समय 4:19 बजे तक रहेगी, ऐसे में उदया तिथि के अनुसार शीतला अष्टमी 11 मार्च को मनाई जाएगी। शीतला अष्टमी का मुख्य उद्देश्य शीतला माता की पूजा करना है, जिन्हें रोगों से मुक्ति और स्वास्थ्य प्रदान करने वाली देवी माना जाता है। इस दिन लोग बासी भोजन का भोग लगाकर और शीतला माता की पूजा करके उनसे आशीर्वाद मांगते हैं। चूंकि इस दिन बासी भोजन खाने की परंपरा है, इसीलिए कई स्थानों पर इसे बसोड़ा पर्व के रूप में जाना जाता है। शीतला माता की पूजा में बासी भोजन का भोग लगाया जाता है, जिसे एक दिन पहले बनाया जाता है। इस भोजन में आमतौर पर मीठे चावल, दही, पूड़ी और सब्जी शामिल होती हैं।

### पुराणों में शीतला अष्टमी की महिमा

पुराणों में भी शीतला अष्टमी की महिमा उल्लेखित है। स्कंद पुराण, भविष्य पुराण और देवी भागवत जैसे ग्रंथों में देवी शीतला की महत्ता का उल्लेख किया गया है। शीतला माता को रोग-निवारण करने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है और उन्हें शांत, सौम्य और वात्सल्यपूर्ण स्वरूप में देखा जाता है। उनकी सवारी गधा मानी जाती है और उनके हाथों में झाड़ू तथा कलश होता है, जो स्वच्छता और रोग निवारण का प्रतीक हैं। शीतला अष्टमी का धार्मिक के साथ सांस्कृतिक और ऐतिहा. सिक महत्व भी है। यह त्योहार हमें हमारी सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं से जोड़ता है और हमें स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की याद दिलाता है तथा यह भी स्मरण कराता है कि हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखना चाहिए। शीतला माता की पूजा करने से हमें स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व का अहसास होता है। शीतला माता की पूजा करने से रोगों से मुक्ति मिलती है और परिवार में सुख-समृद्धि आती है। इस पर्व की शुरुआत प्राचीन काल में हुई मानी जाती है, जब समाज में संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए विशेष पूजा-पद्धतियों को अपनाया गया। चेचक जैसी बीमारियों से लोगों को सुरक्षित रखने के लिए शीतला माता की आराधना की जाने लगी। मान्यता है कि जो भक्त इस दिन विधिपूर्वक व्रत रखते हैं और माता की पूजा करते हैं, उन्हें रोगों से मुक्ति मिलती है तथा परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

### लोक परंपराएं और धार्मिक मान्यताएं

शीतला अष्टमी के साथ कई लोक परंपराएं जुड़ी हुई हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न रूपों में प्रचलित हैं। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में यह पर्व विशेष उत्साह के साथ मनाया जाता है। राजस्थान में तो शीतला माता के बड़े-बड़े मंदिर हैं, जहां इस दिन श्रद्धालु विशेष रूप से दर्शन करने जाते हैं। इस दिन घरों में चूल्हा जलाने की मनाही होती है क्योंकि माना जाता है कि बासी भोजन में शीतलता होती है, जो शरीर को ठंडक प्रदान करती है और बीमारियों से बचाती है। इस दिन विशेष रूप से महिलाएं अपने घर की सफाई करती हैं और रोगों से बचाव के लिए शुद्धता बनाए रखने का संकल्प लेती हैं। कई स्थानों पर लोग इस दिन गधे की पूजा भी करते हैं क्योंकि गधे को शीतला माता का वाहन माना जाता है। कुछ स्थानों पर इस दिन गधों को स्नान कराकर उन्हें भोजन खिलाने की परंपरा भी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खुद को फुटबॉल का पेले कहने वाले ओली की गति सबसे बुरी

नेपाल का चुनाव परिणाम आ चुका है। काठमांडू के पूर्व मेयर जो एक उच्च शिक्षित इंजिनियर के साथ साथ रैपर भी हैं,इनकी सुनामी में कम्युनिस्ट नेता प्रचंड को छोड़ सबके सब लापता हो गए। एमाले नेता और चार बार के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली कहते थे कि दुनिया में कोई मां का लाल नहीं है जो उन्हें हटा सके,केपी ओली आज द केपी ओली कहते हुए वे खुद को फुटबाल का पेले मानते थे। झापा क्षेत्र संख्या पांच से केपी ओली 50,000 अधिक के अंतर चुनाव सारे हैं। हराया कौन है? वही 35 वर्षीय गबरू जवान जिले दुनिया वालेन शाह के नाम से जाना रही है।

काठमांडू का मेयर रहते टाइम मैगजीन ने इस शख्स को दुनिया के सौ बड़ी शख्सियतों में सुमार कर बड़ी से बड़ी शख्सियतों को चौंका दिया था। नेपाल में विरोधी तो उपहास तक उड़ाने लगे। इस सबसे बेफिक्र बालेन शाह चुपचाप अपना काम करते रहे। बताने की जरूरत नहीं कि 2023 में वे काठमांडू जैसे नेपाल के सबसे बड़े महानगर का मेयर निर्दल चुनाव लड़ कर जीते थे। ठीक 6 महीने पूर्व जेन जी आंदोलन का बड़ा चेहरा बनकर उभरे बालेन शाह चुनाव की घोषणा के बाद पूर्व गृहमंत्री रवि लामी छाने की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी में शामिल हुए और एमाले अध्यक्ष केपी शर्मा ओली को नेपाल की राजनीति से करीब कघ्रीब रुखसत कर दिया। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अंदरूनी लहर में सभी पुरानी पार्टियां अपना अस्तित्व बचाने को जूझते हुए दिखाई पड़ीं। सबसे बड़ी व पुरानी पार्टी नेपाली कांग्रेस के हिस्से में महज 18 सीटें आई। इसके नीचे बाकी सभी पार्टियां रहीं। 275 के संसद में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी 185 सदस्यों के बीच दस पांच सदस्यों वाली ए पार्टियां करेंगी क्या,अब इस पर बहस शुरू हो गई है। नेपाल का चुनाव परिणाम केवल एक नन्हें देश का परिणाम नहीं है। यह दुनिया के उन तमाम देशों के शासकों को एक सबक है जो राष्ट्र को अपनी जागीर समझ कर शासन चलाने की भूल कर रहे हैं। भारत के पड़ोसी इस नन्हें राष्ट्र का चुनाव परिणाम युवा शक्ति के बदलाव की .ढ़ इच्छाशक्ति का नतीजा है जहां उनमें पलायन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और प्रभावशाली लोगों के बच्चों तक ही सीमित सुख और अ"याशी पूर्ण जीवन शैली की आग धधक रही थी। देखा जाए तो चुनावी लहर इसे ही कहते हैं जहां किसी के पक्ष में सहानुभूति की जगह बदले की आग थी जिसकी लपटों में नेपाल की एक से एक पुरानी पार्टियां जलकर राख हो गई। यहां नेपाली कांग्रेस भी भस्म हुई तो कम्युनिस्ट पार्टियां भी स्वाहा हो गई। नेपाल से कम्युनिस्ट पार्टियों का खात्मा भारत के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है।

चुनाव प्रारंभ होने के कुछ दिन बाद तक राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को शहरी प्रभाव वाली पार्टी कहकर इसके सीमित क्षेत्रों तक सिमटने का कयास लगाया जा रहा था और चार बार के प्रधानमंत्री ओली को धूल चटाते हुए एतिहासिक मतों के अंतर से जीते काठमांडू के पूर्व मेयर और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री का चेहरा रहे बालेन शाह को कड़े मुकाबले में फंसना बताया जा रहा था। राजनीतिक विश्लेषकों के सारे के सारे अनुमान धरे के धरे रह गए। चुनाव नतीजों में हर क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की सुनामी से यह साफ हो गया है कि राजशाही खत्म होने के बाद नेपाल को पहली मर्तबा प्रचंड बहुमत की सरकार नसीब होने जा रहा है। इस चुनाव परिणाम से सर्वाधिक खुश नेपाल के वे 70 प्रतिशत युवा हैं जिन्होंने एतिहासिक बदलाव की इबारत लिखी। सरकार बालेन शाह के नेतृत्व में बनना तय है। पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने ने बालेन शाह को पार्टी में शामिल होते ही प्रधानमंत्री का चेहरा घोषित कर दिया था। नेपाल की राजनीति में पत्रकार से राजनेता बने रवि लामी छाने की इस चुनावी बिसात की तारीफ हर ओर हो रही है। नई सरकार में रवि लामी छाने गृहमंत्री होंगे,यह भी तय है। सरकार गठन के पूर्व उन्होंने लंबे समय तक सरकार में रहे राजनीतिक दलों से 40 साल का हिसाब लेने का बयान देकर पुरानी राजनीतिक दलों में खलबली मचा दी है। उनका यह बयान भ्रष्टाचार के विरुद्ध खुली जंग के ऐलान के रूप में देखा जा रहा है।

बता दें कि नेपाली कांग्रेस हो या एमाले, घूम फिर कर सरकार इन्हीं के नेतृत्व में बनती रही है। देखा जाए तो 2008 के बाद नेपाल में सरकार सरकार का खेल ऐसा चला कि ए जनता की ताकत को ही भूल गए। ए लोग केवल अपने और अपने परिवार के विकास तक ही सीमित रहे। एमाले और नेपाली कांग्रेस के एक से एक बड़े नेताओं के हाथ भ्रष्टाचार से सने हुए हैं। जैसा कि रवि लामी छाने ने कहा, यदि वे इस पर अमल कर ले गए तो यकीन मानिए, एमाले और नेपाली कांग्रेस के ढेर सारे बड़े नेता सलाखों के पीछे होंगे। मुमकिन यह भ्रष्टाचार के खिलाफ इस मुहिम में इस बार नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा भी न बच पाएं। इन दोनों पर भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप है। ओली सरकार में बहुत कम दिनों तक गृहमंत्री रहे रवि लामी छाने की छवि एक सख्त गृहमंत्री की उभर कर जनता के सामने आई थी। उन्होंने एक से एक राजनीतिक भ्रष्टाचार को उजागर कर जनता में अपनी छवि ईमानदार नेता की बना ली थी। अमरीकी पृष्ठभूमि के रवि लामी छाने का रुख भारत के प्रति कैसा होता है यह देखना दिलचस्प होगा। हालांकि पार्टी के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह ने चुनाव परिणाम में पार्टी की बढ़त के बीच काठमांडू में मीडिया के सवालों के जवाब में साफ कहा कि भारत से मधुर संबंध को लेकर कोई कन्फ्यूजन नहीं है। उसे साथ लेकर नेपाल को आगे बढ़ाएंगे, लेकिन बालेन शाह जो हैं तो चीन के खिलाफ लेकिन भारत के प्रति उनके रुखघ को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है क्योंकि बतौर मेयर उनका अपने कक्ष में ग्रेटर नेपाल का लगाया मानचित्र भारत को खटकता रहा क्योंकि इस नक्शे में भारत के कई इलाकों को नेपाली भू-क्षेत्र दर्शाया गया है। खैर तब वे मेयर थे अब वे एक ऐसे राष्ट्र के प्रधानमंत्री होने जा रहे हैं जिसका संबंध भारत से केवल खानापूर्ति जैसा नहीं है, दोनों के बीच रोटी बेटी का सदियों पुराना रिश्ता है ही, दोनों देश भौगोलिक, रीत रिवाज और सांस्कृतिक सभ्यता की दृष्टिकोण से भी एक दूसरे से जुड़े हैं। भारत नेपाल के संबंधों को नजदीक से जानने वालों द्वारा दोनों देशों के बीच दशकों पुरानी संधियों और समझौते की पुनर्समीक्षा की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल नेपाल की संभावित बालेन सरकार इसे लेकर शायद ही कोई जल्दबाजी दिखाएं।



यशोदा श्रीवास्तव

माना कि वे राजनीति के मजे मजाए खिलाड़ी न हों लेकिन एक उच्च शिक्षित शख्सियत तो हैं ही। वेशक वे नेपाल के अबतक के इतिहास में सबसे कम उम्र 35 वर्ष के प्रधानमंत्री होने जा रहे हैं लेकिन यह उनके सरकार चलाने में आड़े आए,ऐसी सोच ठीक नहीं है। बालेन शाह से नेपाल के युवाओं और महिलाओं को काफी उम्मीदें हैं। वे जेन जी आंदोलन का प्रमुख चेहरा थे। आज उनकी इस बात को लेकर तारीफ हो रही है कि जो शख्स नेपाल के दुश्वारियों को भांप कर सरकार अपदस्थ करने का माद्दा रखता हो, उसके सरकार चलाने में किसी संशय की गुंजाइश नहीं है। ऐसे चुनाव परिणाम की आशा विपक्षी दलों को नहीं थी। पुरानी कोई भी पार्टी विपक्ष के लायक भी सीटें जीतने की स्थिति में नहीं आ पाई। इसी चुनाव में नेपाली कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष गगन थापा की भी परीक्षा हो गई। सबसे बुरे दौर में नेपाली कांग्रेस आ खड़ी हुई। बालेन शाह के नेतृत्व में बनने जा रही नेपाल की पूर्ण बहुमत की सरकार के काम काज के तरीकों पर दुनिया की नजर रहना स्वाभाविक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जंग के बीच ईरान में नए युग की शुरुआत

## अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई बने ईरान के नए सर्वोच्च नेता, पिता अयातुल्ला अली खामेनेई का लेंगे स्थान

**तेहरान/नई दिल्ली।** अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता नियुक्त किया गया है। वह अपने पिता अयातुल्ला अली खामेनेई का स्थान लेंगे, जो 28 फरवरी को इजरायल-अमेरिका के हवाई हमले में मारे गए थे। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी (एमएनए) ने बताया कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की विशेषज्ञों की परिषद (असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स) ने सोमवार तड़के अयातुल्ला सैयद मोजतबा खामेनेई को इस्लामिक क्रांति का तीसरा नेता घोषित किया। एक बयान में, परिषद ने कहा कि अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई की 'शहादत' के तुरंत बाद, युद्ध की स्थिति, दुश्मन की धमकियों और असेंबली के कार्यालयों पर बमबारी के बावजूद, उन्होंने नया नेता चुनने में कोई संकोच नहीं किया। बयान में कहा गया कि अपने संवैधानिक और आंतरिक कर्तव्यों के अनुरूप, परिषद ने तेजी से एक असाधारण सत्र बुलाने और उत्तराधिकारी नियुक्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाए। आठ सितम्बर 1969 को मशहद में जन्मे मोजतबा खामेनेई, अली खामेनेई के दूसरे बेटे हैं। 88 सदस्यीय 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने अमेरिका और इजरायल के साथ युद्ध शुरू होने के एक सप्ताह से कुछ अधिक समय बाद उन्हें इस्लामिक गणराज्य का नया सर्वोच्च नेता नामित किया है। अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के बाद, तीन सदस्यीय एक अस्थायी नेतृत्व परिषद ने नया नेता चुने जाने तक देश का नेतृत्व किया। इस परिषद में जिसमें राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन और न्यायपालिका प्रमुख गुलामहुसैन मोहसेनी-एजेई शामिल थे। एमएनए के अनुसार, ईरानी सेना, अधिकारियों और जनता ने खामेनेई के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ ली है। सोमवार तड़के जारी बयानों में, ईरान के अधिकारियों और संगठनों ने नए चुने गए नेता के प्रति अपनी वफादारी की घोषणा की। ईरान के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने खामेनेई के प्रति निष्ठा जताते हुए एक बयान में पुष्टि की कि वे दुश्मनों की साजिशों के खिलाफ खड़े रहेंगे और देश की रक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। शिया धर्मगुरु खामेनेई (56) ईरानी सत्ता के गलियारों में सबसे प्रभावशाली हस्तियों में से एक हैं और उन्हें शक्तिशाली 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) का करीबी माना जाता है। ईरान की असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने ईरानी लोगों से नए चुने गए नेता के पीछे खड़े होने और 'एकता बनाए रखने' का आग्रह किया है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि खामेनेई का बेटा उन्हें 'अस्वीकार्य' होगा। उन्होंने कहा था कि यदि नियुक्ति उनकी इच्छा के अनुसार नहीं हुई, तो ईरान का नया नेता ज्यादा समय तक नहीं टिक पाएगा।



■ ईरानी सेना अधिकारियों और जनता ने खामेनेई के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ ली है

## नामीबिया से आई चीता 'ज्वाला' ने कुनो राष्ट्रीय उद्यान में दिया पांच शावकों को जन्म

**नई दिल्ली।** नामीबिया से आई चीता 'ज्वाला' ने मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में पांच शावकों को जन्म दिया है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस जन्म के साथ, भारत में जन्मे स्वस्थ शावकों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। उन्होंने कहा कि भारत की चीता संरक्षण यात्रा में यह एक और महत्वपूर्ण सफलता है। यादव ने इसे 'प्रोजेक्ट चीता' के लिए अत्यंत गर्व का क्षण बताया और कहा कि यह उपलब्धि पशु चिकित्सकों, फील्ड स्टाफ और इस परियोजना से जुड़े सभी लोगों के समर्पित प्रयासों को दर्शाती है। उन्होंने यह भी बताया कि इन शावकों के जन्म के साथ भारत में चीतों की कुल संख्या 53 हो गई है।



**नई दिल्ली। ईरानी सांस्कृतिक केंद्र और दूतावास के दौरे के दौरान पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती बात करते हुए।**

## चीन ने 'ताइवान की स्वतंत्रता' की मांग करने वाले अलगाववादियों को कड़ी सजा दी

**बीजिंग।** चीन ने 2025 में 'ताइवान की स्वतंत्रता' की मांग करने वाले कट्टर अलगाववादियों को कड़ी सजा दी है। सुप्रीम पीपुल्स कोर्ट ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। राष्ट्रीय संसद सत्र में विचार-विमर्श के लिए जमा की गई रिपोर्ट के अनुसार, चीन में अलगाव रोधी कानून को सख्ती से लागू किया गया है। सुप्रीम पीपुल्स प्रोक्यूरेटोरेट ने उसी दिन समीक्षा के लिए जमा की गई अपनी वर्क रिपोर्ट में कहा कि राष्ट्रीय संप्रभुता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए अलगाववाद को भड़काने के अपराधों के लिए कट्टर 'ताइवान की स्वतंत्रता' के अलगाववादियों को कानून के अनुसार सजा दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडिगो के खराब रोस्टर प्रबंधन के कारण काहिरा में फंसे 250 यात्री

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो की रोस्टर प्रबंधन में विफलता एक बार फिर सामने आई है, लंदन से मुंबई आ रही फ्लाइट को पायलट-ड्यूटी से संबंधित नियमों के कारण काहिरा में उतारना पड़ा। सूत्रों ने बताया कि उड़ान संख्या 6ई 2 लंदन से मुंबई जा रही थी, लेकिन पायलट की ड्यूटी की अधिकतम सीमा का उल्लंघन हो रहा था, इसलिए उड़ान को मिस्र की राजधानी काहिरा में उतारा गया। उन्होंने बताया कि उड़ान काहिरा से मंगलवार सुबह मुंबई के लिए उड़ान भरेगी। उड़ानों की ट्रैकिंग करने वाली एजेंसी फ्लाइट रडार के अनुसार, यह उड़ान भारतीय समय के अनुसार, सोमवार तड़के 3:05 बजे लंदन से रवाना हुई थी।

### अमेरिका के दूत स्टीव विटकॉफ इजरायल जाएंगे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दामाद, उद्यमी जेरेड कुशनर मंगलवार को इजरायल जाएंगे। मीडिया ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों नेता दौरे के दौरान इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मिलेंगे।

### बेल्जियम के लिएज में सिनेगॉग के बाहर धमाका

**ब्रुसेल्स।** बेल्जियम के लिएज शहर में एक सिनेगॉग (यहुदी उपासना स्थल) के पास विस्फोट हुआ। बेल्गा समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में स्थानीय पुलिस के हवाले से जानकारी दी गई है कि सोमवार को हुई इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन इमारत को नुकसान पहुंचा है। रिपोर्ट के अनुसार, यह विस्फोट स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4:00 बजे (03:00 जीएमटी) हुआ। धमाके के कारण इमारत की खिड़कियों के शीशे टूट गए और संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। सिनेगॉग के सामने वाली सड़क की घेराबंदी कर दी गई है और मामले की जांच जारी है।

# पश्चिम एशिया में युद्ध का कोई उद्देश्य साफ नहीं: जैक सुलिवन

## पूर्व अमेरिकी एनएसए ने ईरान से जंग पर जताई चिंता, ट्रम्प की रणनीति की आलोचना की

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष अब अपने दसवें दिन में प्रवेश कर चुका है। इसके बाद भी ये संघर्ष कम होने के बजाय और भयावह रूप लेता नजर आ रहा है। इसी बीच अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने ट्रम्प प्रशासन के ईरान के साथ युद्ध को लेकर चिंता व्यक्त की है। साथ ही ट्रम्प की ईरान के साथ युद्ध नीति की आलोचना भी की है। उन्होंने कहा है कि युद्ध एक स्पष्ट रणनीतिक उद्देश्य के बिना भटक सकता है, भले ही अमेरिकी सैन्य अभियान सामरिक स्तर पर सफल दिख रहे हों।

सुलिवन ने सीएनएन के शो 'फरेद जकारिया जीपीएस' में कहा कि अमेरिकी सेना बहुत कुशल, साहसी और पेशेवर है, लेकिन युद्ध का अंतिम उद्देश्य अब भी साफ नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह युद्ध अमेरिकी सैनिकों के लिए खतरा पैदा कर रहा है, और अब तक सात सैनिकों की जान जा चुकी है। उनका कहना है कि प्रशासन ने युद्ध के लिए कई अलग-अलग वजहें बताई हैं, लेकिन कोई स्पष्ट रणनीति नहीं है, और यह समय के साथ बदलती रहती हैं। सुलिवन ने आगे कहा कि युद्ध के शुरुआती एक हफ्ते से भी ज्यादा समय बाद अस्पष्ट रणनीति एक गंभीर जोखिम है। उन्होंने ट्रम्प प्रशासन की वेनेजुएला में पहले की कार्रवाई से गलत सबक लेने की भी आलोचना की। उनका कहना है कि इससे यह संदेश जा सकता है कि अमेरिका कहीं भी, किसी भी समय सैन्य बल का इस्तेमाल कर सकता है। इसके साथ ही सुलिवन ने चेतावनी दी कि इस युद्ध के अनपेक्षित भू-राजनीतिक परिणाम हो सकते हैं, जिससे खासकर रूस को फायदा होगा।

उन्होंने कहा कि रूस अमेरिकी सैनिकों के ठिकानों की जानकारी हासिल कर ईरान को मदद दे सकता है। इसके अलावा पूर्व सलाहकार ने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू करने का फैसला यूक्रेन के लिए अमेरिका के समर्थन को कमजोर करता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह युद्ध भू-राजनीति में खतरनाक मिसाल बना सकता है, और चीन इसे यह सोचकर देख सकता है कि ताइवान पर सैन्य कार्रवाई करने की उसकी क्षमता बढ़ गई है। सुलिवन ने निष्कर्ष निकाला कि युद्ध के बिना स्पष्ट रणनीति के जारी रहने से न सिर्फ अमेरिकी सैनिक खतरे में हैं, बल्कि यह दुनिया भर में बड़े देशों के लिए गलत संदेश भी भेज सकता है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा एच-1बी वीजा से संबंधित लागू किए गए कड़े प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में एक नया विधेयक पेश किया गया है। डेमोक्रेटिक सांसद बोनी वाटसन कोलमैन ने यह विधेयक पेश कर राष्ट्रपति ट्रम्प के उस फैसले को निरस्त करने की मांग की है, जिसमें एच-1बी वीजा पर काम करने वाले कर्मचारियों को नियुक्त करने वाले नियोक्ताओं पर सख्त वेतन शर्तें और भारी शुल्क लगाए गए थे। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सितम्बर 2025 में एक ऐसे फैसले की घोषणा की थी, जिसके तहत एच-1बी वीजा कर्मचारियों के लिए अनिवार्य वेतन स्तर को काफी बढ़ा दिया गया और ऐसे कर्मचारियों को रखने वाले नियोक्ताओं पर एक लाख डालर का शुल्क भी लगाया गया। इस फैसले का उद्देश्य कथित तौर पर अमेरिकी श्रमिकों के हितों की रक्षा करना था। हालांकि, डेमोक्रेटिक सांसद कोलमैन का मानना है कि यह 'अल्पदृष्टि वाली घोषणा' अमेरिकी नियोक्ताओं, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों और शोध संस्थानों के लिए बड़ी बाधाएं खड़ी कर रही है। ये संस्थान उच्च कौशल वाले पेशेवरों पर बहुत अधिक निर्भर करते हैं। कोलमैन ने जोर देकर कहा कि एच-1बी वीजा प्रोग्राम कभी भी घरेलू वर्कफोर्स का विकल्प नहीं रहा है, बल्कि यह अमेरिकी और वैश्विक प्रतिभा के बीच एक सेतु का काम करता है, जो देश की आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करता है। एच-1बी वीजा प्रोग्राम अमेरिकी नियोक्ताओं को उन विशेष क्षेत्रों में विदेशी पेशेवरों को नियुक्त करने की अनुमति देता है, जहाँ कुशल श्रमिकों की कमी होती है। विशेष रूप से टेक्नोलाजी, इंजीनियरिंग, हेल्थकेयर और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में इस कार्यक्रम की महत्ता सर्वविदित है। कोलमैन के विधेयक को कई लोगों का समर्थन मिला है। समर्थकों का कहना है कि अधिक वेतन सीमा और महंगे शुल्क के कारण कार्यक्रम को कड़ा बनाने से उन संस्थानों के लिए आवश्यक प्रतिभा को आकर्षित करना मुश्किल हो गया है, जो नवाचार (इनोवेशन) और महत्वपूर्ण सेवाओं को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।



■ अमेरिकी संसद में एच-1बी प्रतिबंध खत्म करने को विधेयक पेश, डोनाल्ड ट्रम्प को चुनौती
■ ट्रम्प प्रशासन की वेनेजुएला में पहले की कार्रवाई से गलत सबक लेने की भी आलोचना की

### ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने से पहले नेतन्याहू से भी बात होगी: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ जारी संघर्ष को कब समाप्त करना है इसका निर्णय इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ मिलकर लिया जाएगा।

'द टाइम्स ऑफ इजराइल' के साथ एक टेलीफोन साक्षात्कार में अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि वर्तमान सैन्य कार्रवाई से पहले ईरान इजराइल को नष्ट करने के करीब था। उन्होंने कहा कि ईरान इजराइल और उसके आसपास की हर चीज को तबाह करने जा रहा था। हमने मिलकर काम किया है। हमने उस देश को नष्ट कर दिया है जो इजराइल को मिटाना चाहता था।ष यह पूछे जाने पर कि क्या अभियान को रोकने का अधिकार पूरी तरह से अमेरिका के पास है या इस निर्णय में इजराइल का भी समान प्रभाव है, ट्रम्प ने संकेत दिया कि दोनों नेता एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह कुछ हद तक आपसी है। हम बात कर रहे हैं। मैं सही समय पर फैसला लूंगा, लेकिन हर बात को ध्यान में रखा जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि अंतिम फैसला उनका होगा, लेकिन नेतन्याहू के विचारों पर भी विचार किया जाएगा। जब ट्रम्प से पूछा गया कि यदि अमेरिका अपनी तरफ से कार्रवाई रोक देता है, तो क्या इजराइल स्वतंत्र रूप से सैन्य अभियान जारी रख सकता है, तब उन्होंने इस संभावना को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इसकी आवश्यकता होगी। ये टिप्पणियां तब आई हैं जब व्हाइट हाउस ने सुझाव दिया है कि यह संघर्ष चार से छह सप्ताह तक चल सकता है, हालांकि ट्रम्प ने किसी विशिष्ट समय सीमा की घोषणा नहीं की है। यह लड़ाई 28 फरवरी को अमेरिकी-इजरायली सैन्य अभियान के साथ शुरू हुई थी। इन हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए थे। यह साक्षात्कार ईरान द्वारा मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता चुने जाने की घोषणा के कुछ ही समय बाद हुआ।

## पाक में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में करीब 20 आतंकी ढेर किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मुठभेड़ में करीब 20 आतंकियों को ढेर कर दिया है।

खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने पांच अलग-अलग खुफिया अभियानों में 13 आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना की मीडिया विंग आईएसपीआर ने रविवार को बताया कि ये अभियान 6 और 7 मार्च को चलाए गए थे। सबसे बड़ी कार्रवाई बाजौर जिले में हुई, जहां भीषण गोलाबारी के बाद पांच आतंकियों को ढेर कर दिया गया। इसके अलावा बन्नू, डेरा इस्माइल खान, खैबर और दक्षिण वजीरिस्तान जिलों में हुई मुठभेड़ों में आठ अन्य आतंकी मारे गए। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने रविवार रात पंजाब प्रांत में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के चार आतंकवादियों को मार गिराया। पंजाब पुलिस के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) के अनुसार, पंजाब का डेरा गाजी खान जिला एक बड़े आतंकवादी हमले से बाल-बाल बच गया, क्योंकि 'फितना अल-खवारिज' (टीटीपी) के चार आतंकवादी सीमावर्ती गांव जोतार के पास सीटीडी के साथ गोलीबारी में मारे गए। इलाके में लगभग 15 आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद एक खुफिया ऑपरेशन चलाया, जिन्होंने डीजी खान में पुलिस चेकपाइंट और अन्य सरकारी ठिकानों पर हमला करने की योजना को अंतिम रूप दिया था।

## फिलीपींस के बाद अब इंडोनेशिया खरीदने जा रहा है ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान तथा उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल एक बार फिर सुर्खियों में है और फिलीपीन्स के बाद इंडोनेशिया भी अपने सशस्त्र बलों के लिए यह मिसाइल प्रणाली खरीदने जा रहा है। इंडोनेशिया की मीडिया रिपोर्टों में वहां के रक्षा मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि उसने ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली की खरीद को अंतिम रूप दे दिया है। लंबे समय से चली आ रही बातचीत के बाद इस सौदे को अंतिम रूप दिया गया है। हालाकि अभी इस बारे में कोई औपचारिक अनुबंध नहीं हुआ है।

# ईरान की मदद क्यों नहीं कर रहे हूती विद्रोही

## 10 दिन बाद भी जंग से दूर शिया लड़ाके, समर्थन में सिर्फ बयान दे रहे ईरान के सहयोगी माने जाते हैं यमन के हूती विद्रोही

**तेहरान।** इजरायल और अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद पूरे मिडिल ईस्ट में तनाव फैल गया है। इस जंग में ईरान, इजरायल, सऊदी, लेबनान, यूएई जैसे मिडिल ईस्ट के कुल 12 देश शामिल हो चुके हैं। हालांकि जंग के 10 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक यमन इससे दूर है। यमन में हूती विद्रोही रहते हैं जो कि ईरान के सहयोगी माने जाते हैं।

अक्टूबर 2023 में गाजा जंग शुरू होने के बाद कई बार इजरायल और हूती विद्रोही एक-दूसरे पर हमला कर चुके हैं। पिछले साल जून में इजरायल और ईरान के बीच 12 दिन जंग चली थी, तब भी हूती विद्रोही इस जंग में शामिल थे। हालांकि इस बार 28 फरवरी से जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमले शुरू किए, तब से अब तक हूती विद्रोहियों ने ईरान का समर्थन केवल बयानों के जरिए ही किया है। हालांकि यह साफ नहीं है कि वे आगे भी इस जंग से दूर रहेंगे या नहीं। यमन अभी तक इजरायल और अमेरिका के हमलों से बचा हुआ है। अल जजीरा के मुताबिक एक्सपर्ट्स का यह मानना है कि हूती जंग में हिस्सा लेंगे। फिलहाल उनका इससे दूर रहना किसी रणनीति से जुड़ा हो सकता है। मिडिल ईस्ट मामलों पर नजर रखने वाले लुका नेवोला ने अल जजीरा से कहा कि हूती विद्रोहियों की सबसे बड़ी प्राथमिकता यह है कि अमेरिका और इजरायल की सीधी जवाबी कार्रवाई से बचा जाए। पिछले साल अगस्त में इजरायल ने यमन में हवाई हमले किए थे, जिनमें हूती सरकार के कम से कम 12 सीनियर मेंबर मारे गए थे। इनमें प्रधानमंत्री अहमद अल-रहावी और आर्मी चीफ मोहम्मद अल-घुमारी भी शामिल थे। यह हूती विद्रोहियों के लिए बहुत बड़ा नुकसान था। अमेरिका तथा इजरायल के साथ टकराव में उनकी सबसे बड़े नुकसान में से एक माना गया था। अहमद अल रहावी की मौत 28 अगस्त 2025 को सना (यमन) में इजरायली एयरस्ट्राइक में हुई थी। इस घटना और पिछले साल हुए अन्य हमलों के बाद हूती लीडरशिप अब ज्यादा सतर्क हो गया है। उन्हें डर है कि अगर वे बड़ा कदम उठाते हैं तो उनके नियंत्रण वाले इलाकों पर भारी हवाई हमले हो सकते हैं। नेवोला के मुताबिक हूती विद्रोहियों को इजरायल की खुफिया क्षमता से भी डर है और उन्हें आशंका है कि उनकी टॉप लीडरशिप को निशाना बनाया जा सकता है।


■ अक्टूबर 2023 में गाजा जंग शुरू होने के बाद कई बार इजरायल और हूती विद्रोही एक-दूसरे पर हमला कर चुके हैं
■ पिछले साल जून में इजरायल और ईरान के बीच 12 दिन जंग चली थी

# ईरान जंग से कच्चा तेल 2022 के बाद सबसे महंगा

## अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 115 डॉलर के पार निकला, एक्सपर्ट बोले: 150 डॉलर तक पहुंच सकती हैं कीमत

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान जंग से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम साढ़े तीन साल के हाई पर पहुंच गए हैं। आज यानी 9 मार्च को कारोबार के दौरान ये 25 प्रतिशत बढ़कर 115 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। हालांकि बाद में ये थोड़ा नीचे आया और ये अब 105 डॉलर के करीब है। इससे पहले 2022 में रूस-यूक्रेन जंग से कच्चा तेल 100 डॉलर के पार निकला था।

क्रूड आयल बढ़ने की सबसे बड़ी वजह 'स्ट्रेट आफ होर्मुज' का बंद होना है। ये करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं रहा है। खतरे को देखते हुए कोई भी तेल टैंकर वहां से नहीं गुजर रहा। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20 प्रतिशत हिस्सा यहीं से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं। भारत अपनी जरूरत का 50 प्रतिशत कच्चा तेल और 54 प्रतिशत एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है। ईरान खुद इसी रूट से एक्सपोर्ट करता है। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों के जवाब में, ईरान ने कतर, सऊदी अरब और कुवैत की आयल फैसिलिटीज पर ड्रोन हमले किए हैं। इन हमलों के कारण इन देशों को अपने उत्पादन में कटौती करनी पड़ी है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने धमकी दी है कि वे क्षेत्र के अन्य ऊर्जा ठिकानों को भी निशाना बनाएंगे। 2 मार्च को ईरान ने ड्रोन से सरकारी तेल कंपनी सऊदी अरामको की तेल रिफाइनरी रास तनूरा पर हमला किया था। यह दुनिया की सबसे बड़ी तेल और गैस कंपनियों में से एक है। ब्रेंट क्रूड आज 10प्रतिशत से ज्यादा चढ़कर 105 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेड कर रहा है। 28 फरवरी को शुरू हुई जंग के बाद से 10 दिन में कच्चा तेल करीब 50प्रतिशत महंगा हो चुका है। इससे पहले 2022 में रूस-यूक्रेन जंग के दौरान ये 100 डॉलर के पार निकला था। जानकारों का मानना है कि तेल की कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। इसका असर भारत में पेट्रोल-डीजल पर दिख सकता है। ये 5 से 6 रुपये लीटर तक महंगा हो सकता है। हालांकि भारत सरकार का कहना है कि हमारे पास पर्याप्त तेल है। एक रिपोर्ट के अनुसार यह बैकअप इतना है कि अगर सप्लाई पूरी तरह रुक भी जाए तो भी देश की पूरी सप्लाई चेन 7 से 8 हफ्तों तक आसानी से चल सकती है। यानी आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल और दूसरे पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की कमी की ज्यादा चिंता नहीं है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्काट बेसेंट ने 6 मार्च को बताया था कि राष्ट्रपति ट्रम्प के ऊर्जा एजेंडे के तहत भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने की शर्तों के साथ छूट दी जा रही है। इसके लिए अमेरिकी ट्रेजरी विभाग की ओर से भारतीय रिफाइनरियों को 30 दिन का स्पेशल लाइसेंस दिया है। ग्लोबल मार्केट में तेल की सप्लाई को स्थिर रखने के लिए यह छूट दी गई है। रूस-यूक्रेन युद्ध के शुरू होने के बाद भारत ने रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदना शुरू किया था, लेकिन अमेरिका भारत पर इसकी खरीद रोकने का दबाव बनाता रहा है।



■ दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20% हिस्सा यहीं से गुजरता है, सऊदी अरब, इराक व कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं

## नेपाल संसदीय चुनाव में 14 महिलाओं की जीत

**काठमांडू।** नेपाल में हाल ही में संपन्न संसदीय चुनाव में 14 महिलाएं संसद के लिए चुनी गई हैं, जो कुल सीटों का करीब आठ प्रतिशत से थोड़ा अधिक है। इनमें से 13 सीटों पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने जीत दर्ज की है, जबकि एक सीट नेपाली कांग्रेस के खाते में गई है। यह आंकड़ा पिछले चुनावों की तुलना में बेहतर माना जा रहा है। वर्ष 2022 के चुनाव में केवल 9 महिला उम्मीदवार ही जीत पाई थीं, जो कुल सीटों का करीब 5.45 प्रतिशत थीं। नेपाल के संविधान में संसद में महिलाओं के लिए कम से कम 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व का प्रावधान है, लेकिन अब तक राजनीतिक दल इस लक्ष्य को पूरा करने में सफल नहीं हो पाए हैं। प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत इस बार 14 महिलाओं की जीत के साथ उनका प्रतिनिधित्व लगभग 8.48 प्रतिशत तक पहुंचा है। नेपाल की प्रतिनिधि सभा में कुल 275 सीटें हैं। इनमें से 165 सदस्य प्रत्यक्ष चुनाव के जरिए चुने जाते हैं, जबकि 110 सदस्य आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के माध्यम से संसद में आते हैं। इस बार चुनाव में कई महिला उम्मीदवारों ने बड़े नेताओं को हराकर जीत हासिल की।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108